CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

लखनऊ, रविवार 22 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 231 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 25 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




हिमालय की चोटियों से लेकर समुद्री पोतों तक देश-विदेश में दिखा योग दिवस पेज 2



वेबर को पछाड़ कर नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता खेल टाइम्स



छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत सम्मानित बॉलीवुड



पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया पेज 12

## ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही: सोनिया गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजरायली हमले की निंदा की है। उन्होंने एक अंग्रेजी अखबार में एक आर्टिकल में लिखा कि इजरायल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजरायल का दोहरा मापदंड है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजरायल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। गाजा पर हमले की तरह यह इजरायली ऑपरेशन भी क्रूर और एकतरफा है, जो आम नागरिकों की जान और क्षेत्रीय स्थिरता को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए चलाया गया। ऐसे कदम सिर्फ अस्थिरता को बढ़ाते हैं और आगे आने वाले समय में बड़े संघर्ष के बीज बोते हैं। सोनिया ने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लीडरशिप में इजरायल ने लगातार शांति भंग करने और आतंक को बढ़ावा देने का काम किया है। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



■ कांग्रेस की चेयरपर्सन ने कहा: इजरायल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए

## तनाव की स्थिति में योग ही शांति की राह दिखाता है: मोदी



**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया भर में तनाव की स्थिति से अशांति तथा अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग ही हमें शांति का रास्ता दिखाता है। श्री मोदी ने यहां 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को शांत, संतुलित और सतत विकास की ओर अग्रसर विश्व के निर्माण की दिशा में बढ़ना चाहिए। योग ही विश्व में टकराव की जगह सहयोग और तनाव की जगह समाधान की ओर ले जा सकता है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1.39% की गिरावट

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 19 जून तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4.59 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में एकत्र किए गए 4.65 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.39 प्रतिशत कम है। इस दौरान रिफंड में 58 प्रतिशत की तेज वृद्धि होने के कारण यह गिरावट देखी गई है। रविवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार यह गिरावट अग्रिम कर संग्रह, विशेष रूप से कॉरपोरेट कर संग्रह में धीमी वृद्धि के मद्देनजर आई है।

## योग एक देश से दूसरे को जोड़ने का काम करता है: राष्ट्रपति

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिन के दौरे पर देहरादून आई हुई थीं। योगाभ्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति जौलीग्रांट हवाई अड्डे से दिल्ली के -शेष पृष्ठ दो पर

# इजरायली स्ट्राइक: ईरानी परमाणु वैज्ञानिक समेत तीन कमांडर ढेर

## बमबारी में चार जवान भी मारे गए: आईडीएफ का दावा

तेहरान/ नई दिल्ली, वार्ता

**इजरायल ने ईरान** के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इजरायल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था। इजरायल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है।

इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने 3 मौलवियों को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर बनने के लिए नॉमिनेट किया है। संभावित उत्तराधिकारियों की रेस में खामेनेई के बेटे, मोजतबा का नाम नामित नहीं है। पहले कहा जा रहा था कि खामेनेई अपने बेटे को अपनी मौत के बाद सुप्रीम लीडर का पद संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। खामेनेई इजरायल की तरफ से लगातार हत्या की धमकियों के कारण एक बंकर में छिपे हुए हैं। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। हालांकि, ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। वहीं, इजरायल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। इधर, ईरान के मशहद से एक और फ्लाइट शनिवार शाम 4.30 बजे 310 भारतीय नागरिकों को लेकर दिल्ली पहुंची। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 827 भारतीयों को निकाला जा चुका है। ईरान से भारत लौटे लोग हाथ में तिरंगा लेकर दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते दिखे। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सूचित किया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत एक विमान भारतीय नागरिकों को लेकर तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद से आज तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचा।



■ सुप्रीम लीडर खामेनेई ने तीन संभावित उत्तराधिकारी चुने

# अहमदाबाद हादसा: एयर इंडिया के तीन अफसरों पर गिरी गाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया। इनमें डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लानिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं।

तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को तत्काल प्रभाव से इन्हें क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़े रोल से हटाने का आदेश दिया। उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो सामने आया। यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। एयर इंडिया का विमान बीजे मेडिकल कॉलेज की हॉस्टल बिल्डिंग से टकराया था। तीनों अफसरों पर 3 आरोप- नियमों के खिलाफ जाकर क्रू पेयरिंग करना। अनिवार्य उड़ान अनुभव और लाइसेंसिंग नियमों का उल्लंघन करना। शेड्यूलिंग प्रोटोकॉल का पालन नहीं करना। एयर इंडिया इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाए।

### एक और विमान हादसा टला, फ्लाइट में फ्यूल कम था, पायलट ने मेडे कॉल की

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के करीब एक हफ्ते बाद एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया था। इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट के पायलट ने यह इमरजेंसी कॉल किया था। जानकारी शनिवार को सामने आई है। घटना 19 जून की है। पायलट ने विमान में फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी। हालांकि, इस फ्लाइट की तुरंत बेंगलुरु एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन टेकऑफ के कुछ सेकेंड बाद मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था। इस हादसे में भी पायलट ने मेडे कॉल की थी। मेडे कॉल एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त इमरजेंसी कॉल है। एविएशन की भाषा में, इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब कोई विमान खतरे में हो। यह विमानन के क्षेत्र में सबसे जरूरी संकटकालीन सिग्नल है। बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा बेंगलुरु एयरपोर्ट के अधिकारियों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि इंडिगो की फ्लाइट के पायलट ने गुवाहाटी से टेकऑफ के बाद देखा कि विमान में पर्याप्त ईंधन नहीं है। चेन्नई आ रही फ्लाइट को बेंगलुरु डायवर्ट कर दिया गया।

## पोलिंग सेंटर के फुटेज सार्वजनिक नहीं किए जा सकते: ईसी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वोटिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं।

आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का ये जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेज शेयर करने की मांग पर आया है। आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। जनवरी 2024 में चंडीगढ़ मेयर इलेक्शन के दौरान चुनाव अधिकारी अनिल मसीह के बैलट पेपर से छेड़छाड़ करने के सीसीटीवी फुटेज सामने -शेष पृष्ठ दो पर



■ कहा: वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं




## संक्षिप्त समाचार

### करणी सेना अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक

**प्रयागराज/आगरा।** आगरा स्थित सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हिंसक प्रदर्शन के मामले में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा को राहत देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। करणी सेना अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों मामलों में गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने पारित किया। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वह विवेचना में पूर्ण सहयोग करें। इसके साथ ही संबंधित जांच अधिकारी (आईओ) को आदेश दिया गया है कि वह 60 दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करें और भारतीय न्याय संहिता बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत रिपोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में प्रस्तुत करें।

### योग दिवस पर गिरे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सोना-चांदी के भाव में शनिवार को मामूली गिरावट आई है। खास तौर पर चांदी की कीमत एक बार फिर 1 लाख के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार की ओर से जारी नए रेट के अनुसार शनिवार को 22 कैरेट सोने की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है, जबकि 24 कैरेट सोने का रेट 1,00,620 प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं 18 कैरेट सोना 75,470 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। शनिवार को एक किलो चांदी का भाव 1,09,900 चला है। भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव1,00,520 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ में 1,00,620 रहा।

# हिमालय की चोटियों से समुद्री पोतों तक दिखी योग की झलक

## भारत समेत दुनियाभर में दिखा योग कार्यक्रमों का उत्साह

**नई दिल्ली, वार्ता**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को भारत समेत दुनिया भर में जगह-जगह आयोजित योगाभ्यास के विशेष सत्रों में लाखों की संख्या में लोगों ने मनोयोग और उत्साह से भाग लिया।

भारत में सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों से लेकर, कन्याकुमारी में समुद्र तट तक और राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से लेकर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक लोगों ने सुबह-सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। विदेशों में भारतीय दूतावासों और राजनयिक मिशनों ने योग दिवस पर विशेष सत्र आयोजित किए। आस्ट्रेलिया, जापान, मलेशिया और विभिन्न देशों में योगप्रेमियों ने भी जगह-जगह योगाभ्यास सत्रों का आयोजन किया। इस बार मुख्य समारोह आंध्र प्रदेश के बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया



जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हजारों लोगों ने योगासन किए। प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल सैयद अब्दुल मजीद, आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, केन्द्रीय मंत्री के राम मोहन राव नायडू, प्रताप राव जाधव, चन्द्र शेखर, भूपति राजू निवास वर्मा कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने योग, ध्यान एवं प्राणायाम किए। मोदी ने इस अवसर पर योग को विश्व में शांति, समरसता और स्वास्थ्य का आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व भर में योग के प्रचार-प्रसार के लिए इसमें निहित विज्ञान को आधुनिक अनुसंधान के माध्यम से आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान दिलाने का प्रयास चल रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित पुलिस लाइन में योग कार्यक्रम में भाग लिया योग के प्रयोग से समस्त मानवता के लिए स्वस्थ और प्रसन्नता की कामना की। उन्होंने कहा कि योग पूरी मानवता के लिए सांझी धरोहर बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रखी गई है। भारतीय सेना के जवानों ने कई स्थानों पर सियाचिन में योगसत्र आयोजित किए। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग गॉल्फ कोर्स सहित विभिन्न स्थानों मर योग सत्र आयोजित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 2500 कर्मियों के साथ योगाभ्यास समारोह में भाग लिया।

# युद्ध प्रभावित ईरान से 16 श्रमिक सुरक्षित बेंगलुरु लौटे

**बेंगलुरु, वार्ता**

इजरायल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान ईरान में फंसे कर्नाटक के गौरीबिदनूर तालुक के अलीपुर गांव निवासी 16 लोग सुरक्षित भारत लौट आए हैं। यहां केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

ईरान में भारत के एक ही गांव के 16 लोग काम कर रहे थे। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के दौरान ये लोग प्रभावित क्षेत्रों में फंस गए।बम एवं गोलियों की आवाज़ों से घिरे तनाव और भय के माहौल में वे वहां रहने को मजबूर थे।

■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया

भारत सरकार के समन्वित प्रयासों और तेहरान में भारतीय दूतावास के राजनयिक हस्तक्षेप से श्रमिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला गया और यहां घर लाया गया। उनके आगमन पर हवाई अड्डे पर उनके परिवार के सदस्यों ने भावुक माहौल में गुलदस्तों के साथ उनका स्वागत किया। गौरीबिदनूर से विधायक पुटस्वामी गौड़ा वापस लौटने वालों की अगवानी करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।

# योग क्रिया से भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया

**गोरखपुर, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की अनुपम देन है और योग को लोक कल्याण का माध्यम बनाकर भारत ने विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया यही वजह है कि आज 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब 190 देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं।

योगी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार सुबह गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्वयोग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी। मंदिर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि योग भारत की ऋषि



■ 190 देशों में साधकों ने किया योग: योगी

परंपरा का ऐसा मंत्र है जो स्वस्थ काया के साथ स्वस्थ मस्तिष्क भी उपलब्ध कराता है। भारतीय मनीषा ने योग के महत्व को प्राचीनकाल से ही विस्तृतरूप से अवगत कराते हुए कहा है 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम' शरीर ही धर्म के पालन का साधन है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर ही संसार सांसारिक उत्कर्ष और आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है।

## राहुल गांधी ने मोबाइल रिपेयर तकनीशियनों से मुलाकात की

# पीएम नारे लगाने में माहिर, समाधान में नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें नारे गढ़ने की कला में महारत हासिल है, जबकि समाधान नहीं देते हैं।

गांधी ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' वादे के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर आ गया है और चीन से आयात दोगुना क्यों हो गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी ने नारे देने की कला में महारत हासिल कर ली है, समाधान देने में नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से अब तक, हमारे अर्थव्यवस्था में विनिर्माण का हिस्सा घटकर 14 प्रतिशत रह गया है। सच्चाई यह है कि हम



■ पीएम की मेक इन इंडिया नीति पूरी तरह से फेल, पीएम मोदी के पास कोई नया विचार नहीं : कांग्रेस

असेंबल करते हैं, आयात करते हैं, लेकिन निर्माण नहीं करते। इसका फायदा चीन को हो रहा है। गांधी ने 'एक्स' पर आज एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह यहां नेहरू प्लेस में मोबाइल रिपेयर करने वाले दो युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस में शिवम और सैफ से मिला। वह प्रतिभाशाली, कुशल और संभावनाओं से भरे हैं फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, हम आयात करते हैं लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। इसमें चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पास कोई नया विचार नहीं है। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। यहां तक कि महत्वपूर्ण योजना उत्पादन संलग्न प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि अगर भारत अपनी निर्माण क्षमता अगर नहीं बढ़ाता है, तो हम केवल दूसरे देश का बाजार बनकर रह जाएंगे। भारत को अब इमानदार सुधार और वित्तीय समर्थन के साथ एक मूलभूत परिवर्तन की जरूरत है। हमें सिर्फ बाजार नहीं बल्कि निर्माता बनना है। चीन लाभ कमाता है, चीन दुनिया का इलेक्ट्रॉनिक बाजार है, कहीं और कोई इलेक्ट्रॉनिक बाजार नहीं है। आप जितने चाहें, उतने आईफोन असेंबल करें, आप बस भारत के बड़े कुलीन वर्गों को पैसा दे रहे हैं, आईफोन बनाना शुरू करें, यह पूरी तरह से अलग खेल है।

### चुनाव आयोग पर किया तीखा प्रहार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मतदान के वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि घटाने पर चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि जिसे सबूतों की सुरक्षा करनी चाहिए वहीं उन्हें मिटा रहा है।

गांधी ने चुनाव आयोग के ताजा फैसले को लेकर प्रहार किया है। दरअसल आयोग ने हाल ही में चुनावी वीडियो फुटेज और तस्वीरों को सुरक्षित रखने की अवधि को एक साल से घटाकर 45 दिन कर दिया। आयोग का कहना है कि अगर इस दौरान कोई चुनाव याचिका दायर नहीं होती, तो डेटा नष्ट किया जा सकता है। इस फैसले को गांधी ने 'लोकतंत्र के लिए जहर' करार दिया और आरोप लगाया कि सबूत जानबूझकर मिटाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर कहा कि वोटर लिस्ट? मशील रिडेबल फ़ॉर्मेट नहीं देंगे। सीसीटीवी फुटेज? कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो? अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। साफ़ दिख रहा है, मैच फिक्स है। और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए ज़हर है।

# ट्रम्प को सिर्फ अपनी परवाह: उमर अब्दुल्ला

## वह तभी तक देशों का दोस्त है, जब तक उसका फायदा न हो

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं। हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं। उमर ने कहा कि यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के) बहुत खास दोस्त हैं और वे हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है जिससे उसे फायदा हो। उन्हें किसी अन्य देश की परवाह नहीं है। ईरान-इजरायल युद्ध पर उमर ने कहा कि यह बंद होना चाहिए और बातचीत के जरिए इसका समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बमबारी शुरू नहीं होनी चाहिए थी। जब अमेरिकी खुफिया विभाग के चीफ से



■ हम उन्हें दोस्त मानते थे, पाक आर्मी चीफ को लंच पर बुलाने पर बोले जम्मू-कश्मीर के सीएम

पूछा गया था कि क्या ईरान के पास परमाणु बम है, तो उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान बम बना सकता है, लेकिन इजरायल ने कुछ महीनों के अंदर ही ईरान पर हमला कर दिया। ईरान में पढ़ रहे कश्मीरी स्टूडेंट्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम उन्हें रातों-रात वापस नहीं ला सकते। एयरपोर्ट और और बंदरगाह बंद हैं। हम पहले उन्हें सड़क के रास्ते उन शहरों में ला रहे हैं जहां बमबारी नहीं हुई है, फिर उन्हें आर्मेनिया के रास्ते वापस लाया जा रहा है।

### इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जल्द समाप्त हो जाएगा: सीएम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उम्मीद जताई है कि इजरायल और ईरान के बीच युद्ध जल्द ही समाप्त हो जाएगा और बातचीत के माध्यम से इसका समाधान निकलेगा। अब्दुल्ला ने गांदरबल में मीडियाकर्मियों से शनिवार को बातचीत के दौरान चेतावनी दी कि अगर इजरायल और ईरान के बीच और तनाव बढ़ा, तो बड़ा संघर्ष छिड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम केवल आशा और प्रार्थना कर सकते हैं कि ऐसा युद्ध न हो, क्योंकि स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर है। मुझे समझ में नहीं आता कि इज़राइल ने ईरान पर किस आधार पर हमला किया। कुछ दिन पहले ही, अमेरिकी खुफिया विभाग के प्रमुख ने कहा था कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के करीब नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अमेरिका ने कुछ हफ्ते पहले ही यह कहा था, तो फिर इज़रायल ने ईरान पर हमला क्यों किया? जाहिर है, इसके पीछे कुछ राजनीतिक मकसद हैं। फिर भी, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध जल्द ही समाप्त होगा और बातचीत के माध्यम से कोई समाधान निकलेगा।

### जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिले वर्ना जाएंगे कोर्ट

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इसमें और देरी होने पर उनकी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। अध्यक्ष ने कहा कि देरी होने पर सुप्रीम कोर्ट जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पहलगाम में पत्रकारों से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को बने हुए आठ महीने हो चुके हैं। मुझे उम्मीद है कि जब राज्य का दर्जा बहाल होगा, तो हमें प्रशासनिक अधिकार भी मिलेंगे, जो सच्चे शासन के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा मिलने से सारी शक्तियां सरकार के पास आ जाएंगी। पूर्व सीएम ने कहा कि लोग व मंत्री तो चाहते हैं, लेकिन राज्य का दर्जा मिले बिना यह असंभव है।

# यूपी के हर थाने में 25-25 सिपाही बढ़ेंगे: डीजीपी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में पुलिस थानों में अब 25-25 सिपाही बढ़ जाएंगे। पुलिस विभाग में 60244 सिपाहियों की नियुक्ति के बाद डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि जब नवनियुक्त सिपाहियों का प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा, तब हर थाने में लगभग अतिरिक्त सिपाही तैनात किए जाएंगे। इन सिपाहियों को बहुत ही अच्छा प्रशिक्षण दिया जाएगा और थाने की कार्यक्षमता को काफी हद तक बढ़ा देंगे। डीजीपी ने कहा कि ये नई भर्ती वाले आरक्षी आने वाले 30 से 40 वर्षों तक न सिर्फ यूपी पुलिस का मजबूत हिस्सा बनेंगे, बल्कि समाज की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि वे ट्रेनिंग ले रहे सिपाहियों को अपने अनुभव से सीख दें और ऐसा व्यवहार करें, जिससे सिपाही उन्हें देखकर सीख सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी खुद



अनुशासित रहें, अच्छी वर्दी पहनें, अच्छा आचरण दिखाएं और परेड में खुद शामिल हों, साथ ही ट्रेनिंग की समय-समय पर अच्छे से निगरानी भी करें। डीजीपी ने कहा कि सिपाहियों की पहले से मौजूद योग्यताओं और ट्रेनिंग के दौरान सीखे गए नए कौशल के आधार पर उनकी जानकारी को वर्ग बनाकर रिकॉर्ड किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि ट्रेनिंग में क्या-क्या दिक्कतें आ रही हैं और क्या सवाल हैं, साथ ही मुख्यालय के अधिकारियों को आदेश दिया कि इन समस्याओं का जल्दी हल किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि ट्रेनिंग सेंटरों में अगर कोई काम किसी और विभाग से जुड़ा है, तो सभी विभाग मिलकर उसे जल्द पूरा करें। डीजीपी ने कहा कि महिला ट्रेनिंग सेंटरों में पूरी सुरक्षा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार वहां विशाखा कमेटी जरूर बनाई जाए, ताकि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का सही तरीके से निपटारा हो सके। जरूरत के मुताबिक सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और महिला अधिकारी समय-समय पर इन सेंटरों का निरीक्षण करती रहें। इनके प्रशिक्षण में 5.56 एमएम इंसास रायफल, एके-47, ग्लॉक पिस्टल, 9 एमएम पिस्टल, ग्रेनेड, 7.62 एमएम एसएलआर, .38 रिवाल्वर, 9 एमएम कारबाइन, रबर बुलेट फायरिंग और जीएफ रायफल चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा, आईईडी, बूबी ट्रैप्स और विस्फोटकों की पहचान व निष्क्रिय करने की जानकारी भी शामिल होगी। तलाशी के तौर-तरीके जैसे आवासीय भवन, कार्यालय, गोदाम, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कार्डन एंड सर्च, वाहन जांच और सड़क पर छानबीन की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योग एक देश....**

लिए रवाना हो गई हैं। अपने दौरे के अंतिम व तीसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने पुलिस लाइन में योगाभ्यास किया। देशवासियों का संदेश देते हुए मुर्मू ने कहा कि योग एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति से, एक समुदाय को दूसरे समुदाय से तथा एक देश को दूसरे देश से जोड़ने का काम करता है। दुनिया भर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। योग कार्यक्रम में उनके साथ उत्तराखंड के राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह ने भी योगाभ्यास किया।

ग्रीष्मकालीन राजधानी में मुख्यमंत्री धामी-मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराडी सेंण में स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। ये पहली बार है कि गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। 8 देशों के विदेशी योग साधक मेहमान भी इस आयोजन में शामिल हुए।

**पोलिंग सेंटर...**

आए थे। इसके बाद आयोग ने दो बार नियम में बदलाव किया। दरअसल, चुनाव आयोग ने तय किया है कि अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा। ईसी ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती है, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया गया है। ईसी का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोड़कर गलत नैरेटिव फैलाने की कोशिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर 2024 को केंद्र सरकार ने चुनाव नियम बदलकर पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करने से रोक दिया था। चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकॉर्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नैरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई कानूनी जांच हो सके। दिसम्बर 2024 में भी नियमों में बदलाव हुआ था केंद्र सरकार ने 20 दिसम्बर को पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट्स को पब्लिक करने से रोकने के लिए चुनाव के नियमों में बदलाव किया था। अधिकारियों ने बताया कि एआई के इस्तेमाल से पोलिंग स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ करके फेक नैरेटिव फैलाया जा सकता है। बदलाव के बाद भी ये कैंडिडेट्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य लोग इसे लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने द कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल- 1961 के नियम में बदलाव किया था।

# यूपी के सभी छोटे और बड़े शहर बनेंगे ग्रीन सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के सभी छोटे और बड़े शहरों को गीन सिटी बनाया जाएगा। इन शहरों को नई हरित नीति के तहत अवार्ड दिया जाएगा।

इसके लिए योगी सरकार अब यूपी के सभी शहरों की रैंकिंग कराएगी। हर शहर को यह रैंकिंग उसकी हरियाली और पर्यावरण के लिए किए जा रहे कामों के आधार पर मिलेगी। इसके लिए एक ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो यह देखेगा कि कौन-सा शहर कितना हरित है, उसी के मुताबिक शहरों को ग्रीन स्टार रेटिंग दी जाएगी।

कानपुर, आगरा, वाराणसी और लखनऊ जैसे ज़्यादा प्रदूषित शहरों में सरकार का लक्ष्य है कि साल 2026 तक प्रदूषण 40 प्रतिशत तक कम किया जाए। इसके लिए नए बनने वाले सभी भवनों में ग्रीन बिल्डिंग के नियम अनिवार्य किए जाएंगे, जो शहर सबसे अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरस्कार मिलेगा। शहरों में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए आधुनिक तरीके से पौधरोपण किया जाएगा। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से शुक्रवार को नगर विकास विभाग की शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग के सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह नीति यूपी को भारत का सबसे हरित राज्य बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे लाखों लोगों की जीवनशैली बेहतर होगी। सरकार की नई शहरी हरित नीति के तहत हर शहर की हरियाली और पर्यावरण को लेकर किए गए कामों की निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा।

शहरों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग ग्रीन रैंकिंग दी जाएगी, जैसे ग्रीन सिटी, ग्रीन +, ग्रीन ++ और ग्रीन +++। अगर किसी शहर में 25 प्रतिशत से ज्यादा हरियाली है और उसे 80 प्रतिशत से ज्यादा स्कोर मिलता है, तो उसे ग्रीन प्लस की रैंकिंग मिलेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### योग मय दिखा लखनऊ

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सैकड़ों स्थलों पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज लखनऊ पूरी तरह योगमय नजर आया। यह कोई साधारण दिन नहीं था, बल्कि योग एक पर्व की तरह शहर के कोने-कोने में मनाया गया ख्र सरक. ारी विभागों से लेकर निजी संस्थान, विश्वविद्यालयों से लेकर अस्पताल, पार्कों से लेकर नदी किनारों तक, हर जगह योग की गूंज थी।



नागरिकों ने बड़े हर्ष और उत्साह के साथ इस आयोजन को आत्मसात किया और शरीर.मन को एक सूत्र में पिरोने वाली इस भारतीय परंपरा का सामूहिक अभिनंदन किया। आज जब आधु. निक जीवनशैली और प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य संकट बढ़ते जा रहे हैं, तब योग न केवल शरीर को संतु. लित करता है बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

इस सच्चाई को आज जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लखनऊवासियों ने एक स्वर में लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किए जाने के बाद आज का यह दिन वैश्विक मंच पर भारत की जीवनशैली की स्वीकृति का प्रतीक बन चुका है।

### राजभवन में हुआ विशेष आयोजन

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में राजभवन परिसर में विशेष योग सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और आमजन उपस्थित रहे। सवेरे छह बजे प्रारंभ हुआ यह सत्र घंटाभर तक चला, जिसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान जैसी विधाओं को अभ्यास में लाया गया। बृजेश पाठक ने योग को आत्मिक अनुशासन और शरीर के संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बताया और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

### रेजिडेंसी में केशव प्रसाद मौर्य के साथ योग

**राज्य के उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रेजिडेंसी परिसर में आयोजित योग सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग भारत की ओर से पूरी दुनिया को दिया गया एक अमूल्य उपहार है, जो न केवल शारी. रिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी अनिवार्य है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे रोजाना कम से कम आधा घंटा योग को दें, जिससे समाज स्वस्थ और सशक्त बने।

# लखनऊ टेढी पुलिया पर अस्थायी दुकानों में भीषण आग

## घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** टेढ़ी पुलिया के पास कुर्सी रोड स्थित एक अस्थायी बाजार में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। टीन शेड के नीचे बनी तकरीबन एक दर्जन दुकानों को इस आग ने अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते जूते-चप्पल, कपड़े और प्लास्टिक सामग्री बेचने वाली दुकानों की पूरी कतार धू-धू कर जलने लगी। घटना सुबह के वक्त की है जब बाजार पूरी तरह बंद था।

दुकानों में ताले लगे हुए थे और अधिकांश दुकानदार मौके पर नहीं थे। ऐसे में फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ताले तोड़ने और दुकानों के अंदर प्रवेश पाने में समय लगने के कारण आग ने तेजी से कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इंदिरा नगर और बीकेटी फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तीन घंटे तक लगातार मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक करीब एक दर्जन दुकानें पूरी तरह जल चुकी थीं और कई अन्य का सामान भी बर्बाद हो गया। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, दुकानों के भीतर जमा ज्वलनशील सामग्री और संकरी गली जैसे निर्माण ने हालात को और जटिल बना दिया। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन दुकानदारों का आर्थिक नुकसान बहुत अधिक माना जा रहा है। नुकसान के सटीक आंकलन की प्रक्रिया अभी चल रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान शॉर्ट सर्किट या किसी बाहरी चिंगारी की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस और अग्निशमन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस क्षेत्र में अस्थायी दुकानों की भरमार है।

# लोकतंत्र और शिक्षा दोनों खतरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर लोकतंत्र और शिक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सी पी राय ने निर्वाचन आयोग के उस नए आदेश को लोकतंत्र पर हमला बताया है, जिसमें चुनाव से संबंधित सीसीटीवी फुटेज व रिकॉर्डिंग को मात्र पैंतालीस दिन में नष्ट करने का निर्देश दिया गया है। डॉ राय ने कहा कि यह वही चुनाव आयोग है जो कभी टी एन शेषन के नेतृत्व में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतीक हुआ करता था, लेकिन अब केंद्र सरकार के इशारों पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अपारदर्शी बनाने में जुटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग मिलकर सबूतों को नष्ट करने की साजिश कर रहे हैं ताकि जनता के सवालों को जवाब न देना पड़े। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में पारदर्शिता की भारी कमी थी। श्री राहुल गांधी ने जिन छ्व घंटे में द्वक्क लाख वोट डालने जैसे असंभव आंकड़ों पर सवाल उठाए, उसका कोई जवाब आयोग ने नहीं दिया। इसके उलट अब रिकॉर्डिंग को ही जल्दी मिटाने की जल्दबाजी दिखाकर चुनावी 'मैच फिक्सिंग' की जमीन तैयार की जा रही है। डॉ राय ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि यह नियम बिहार चुनाव से पहले लाया जाना संदेहास्पद है। उन्होंने पूछा कि क्या यह जेडीयू-बीजेपी गठबंधन को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया कदम है? कांग्रेस ने इस फैसले की कड़ी निंदा करते हुए मांग की कि यह नियम तुरंत वापस लिया जाए, सभी रिकॉर्डिंग कम से कम एक वर्ष तक सुरक्षित रखी जाएं।

## सिपाही पर जमीन कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के धनुहापुर मजरा मोहद्दीनपुर के निवासी बरकत अली पुत्र स्वर्गीय कुन्हा ने तहसील दिवस मे पहुंच कर शिकायती पत्र डीएम को दिया हैं। पीड़ित ने बताया की सलीम पुत्र रहमान जो पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर कार्यरत वह चार पांच लोगो के साथ मिल कर पैतृक जमीन पर अवैध तरीके से कब्ज़ा करने की कोशिस कर रहे हैं। पीड़ित ने इससे पहले कोतवाली देहात मे शिकायत की थीं। मगर कोई कार्यवाई नहीं हुई । जिसके बाद पीड़ित ने तहसील दिवस मे पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई हैं।

# नोडल अधिकारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** प्रमुख सचिव, राजस्व, आवास एवं शहरी नियोजन नोडल अधिकारी पी. गुरूप्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की गई।




बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने विद्युत, लोक निर्माण, जल निगम (ग्रामीण), खाद्य विपणन, खाद्य एवं रसद, बेसिक शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज, उद्यान, चिकित्सा स्वास्थ्य तथा कृषि आदि विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि संचालित सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों को मिले यह सुनिश्चित किया जाये। योजनाओं से सम्बन्धित आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। नोडल अधिकारी ने ख्रषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए पीएम कुसुम सोलर पंप योजना के अंतर्गत अस्वीकृत किए गए आवेदनों की पुनः समीक्षा की जाये। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड जारी कराए जाने के निर्देश भी नोडल अधिकारी ने दिए। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य पूर्ण कराते हुए विद्यालयों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किया जाय। नई सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि समस्त कार्ययोजनाएं समय से प्रेषित की जाये। व्यक्तिगत शौचालयों हेतु लाभार्थियों के चयन के कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। साथ ही अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को निर्देश दिए।

# एक्सप्रेस कनेक्टिविटी से बदलेगी दक्षिणांचल की तस्वीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/गोरखपुर।** पूर्वांचल के औद्योगिक परिख्रश्य को बदलने की दिशा में एक बड़ी पहल के तहत गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने दक्षिणांचल स्थित धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में भूखंड आवंटन की तैयारियां तेज कर दी हैं।

शासन ने 17 जून को इस टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदन दे दिया है, जिसके साथ ही सप्ताह भर के भीतर उद्यमियों को औद्योगिक भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप, जिसे ग्रेटर गीडा के रूप में विकसित किया जा रहा है, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की उत्ख्रष्ट कनेक्टिविटी के चलते निवेशकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की औद्योगिक विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप गोरखपुर के दक्षिणांचल को औद्योगिक केंद्र बनाने की यह पहल, क्षेत्रीय रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हो सकती है। विगत वर्षों में गीडा द्वारा निवेशकों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाते हुए औद्योगिक विस्तार को बढ़ावा दिया गया है।

अब धुरियापार क्षेत्र के 17 गांवों में अधिसूचना जारी कर 600 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। यह प्रक्रिया पूर्ण होते ही यह क्षेत्र पूर्वांचल का सबसे बड़ा औद्योगिक भूखंड भंडार (लैंड बैंक) बन जाएगा। शासन से स्वीकृति प्राप्त मास्टर प्लान के अंतर्गत टाउनशिप में दो औद्योगिक सेक्टरों में पहले चरण में भूमि आवंटन किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण और आवंटन की प्रक्रिया समानांतर रूप से संचालित की जाएगी। इस टाउनशिप में निवेश को लेकर देश के प्रमुख औद्योगिक समूहों में उत्साह देखा जा रहा है। अडानी ग्रुप ने एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने के लिए भूमि का निरीक्षण किया है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी जैसे समूहों ने भी भूमि की मांग की है। इसके अलावा, सरकार यहां एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर की स्थापना पर भी विचार कर रही है, जो तकनीकी उद्योगों के लिए एक विशेष मंच प्रदान करेगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती अनुज मलिक ने बताया कि ुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान शासन से अनुमोदित हो चुका है। अब हम औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू करेंगे। शुरुआत में दो सेक्टरों में प्लॉट आवंटित किए जाएंगे और भूमि अधिग्रहण का कार्य भी जारी रहेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से सीधी कनेक्टिविटी धुरियापार को केवल स्थानीय विकास का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय औद्योगिक नक्शे पर एक उभरते हब के रूप में स्थापित कर रही है। अब वह दिन दूर नहीं जब यह पिछड़ा समझा जाने वाला क्षेत्र पूर्वांचल के औद्योगिक और आर्थिक नवाचार का धुरी बनेगा।

### वन मंत्री ने किया कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग का निरीक्षण

**बहराइच।** केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बहराइच जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग का दौरा किया। सुबह के समय कतर्नियाघाट पहुंचे मंत्री ने वहां की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन किया और घड़ियाल प्रजनन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने गेरूआ नदी में घड़ियालों के बच्चों को छोड़ा। यह प्रजनन केंद्र लगभग तीस साल पहले स्थापित किया गया था और घड़ियालों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। श्री यादव ने सुबह 6 बजे गेरूआ नदी में बोटिंग की और कतर्नियाघाट की प्राकृतिक छटा का आनंद लिया। उन्होंने नदी में सात नन्हे घड़ियालों को छोड़ने के बाद दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को बैग वितरित किए और उनके कार्यों की सराहना की।

# विद्यालय बंद कर बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है योगी सरकारः अजय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने प्रदेश की राज्यपाल को पत्र लिखकर विद्यालयों के मनमाने विलय और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के विरा. ेध में हस्तक्षेप की मांग की है।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार योजनाब) ढंग से सरकारी विद्यालयों को बंद कर रही है, जिससे ग्रामीण व गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार विद्यालयों को एकीख्रत करने के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर रही है, जबकि इसके पीछे गरीब बच्चों को शिक्षा से दूर करने की साजिश छुपी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनविरोधी और मनमानी नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने शिक्षक भर्तियों में भी भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि 69 हज़ार शिक्षक भर्ती में ओबीसी और अनुसूचित जाति वर्ग के साथ घोर अन्याय हुआ है। जहां ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण तय है, वहां केवल 3.86 प्रतिशत पद ही दिए गए। यह न सिर्फ बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 और आरक्षण नियमावली 1994 का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक न्याय की मूल भावना पर हमला है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार शिक्षक भर्तियों को जानबूझकर लटका रही है और रिक्त पदों को भरने में टालमटोल कर रही है, ताकि सरकारी विद्यालय स्वतः कमजोर हो जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि एक किलोमीटर के दायरे में निजी विद्यालयों को मान्यता न देने का जो नियम था, उसका उल्लंघन कर सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। निजी स्कूलों को खुली छूट देकर आम आदमी के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित किया जा रहा है, क्योंकि निजी स्कूलों की ऊंची फीस गरीबों के बस से बाहर है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इन फैसलों की निंदा करते हुए मांग की है कि विद्यालयों का जबरन विलय तत्काल रोका जाए, आरक्षण नियमों का सख्ती से पालन हो, शिक्षक भर्तियां पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएं, और निजी विद्यालयों को मान्यता देने के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। राय ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है और कांग्रेस इस अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# योगी सरकार की अमृत पहल

## जल संरक्षण में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी, 16 हज़ार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने जल संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य करते हुए पूरे राज्य में सोलह हज़ार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण कर मिसाल पेश की है। जल स्रोतों के पुनर्जीवन, भूजल स्तर में सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाले इस व्यापक अभियान को मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत साकार किया जा रहा है। अब तक यह योजना जल प्रबंधन से जुड़ी देश की सबसे सफल ग्रामीण पहलों में एक मानी जा रही है। इस जल-क्रांति में गोरखपुर जिला सबसे आगे रहा, जहां कुल सात सौ पैंतीस अमृत सरोवरों का निर्माण हुआ है। महरा. जगंज में छह सौ से अधिक और प्रयागराज में पांच सौ तेईस अमृत सरोवरों के निर्माण से यह ज़िले भी जल संरक्षण के राष्ट्रीय मानचित्र पर प्रमुखता से उभरे हैं। आजमगढ़ और बाराबंकी जैसे जिले भी इस सूची के शीर्ष पांच जिलों में शामिल हैं, जिन्होंने तालाबों को पुनर्जीवित कर स्थानीय जीवन में स्थायित्व लाने का कार्य किया है।

इस महाअभियान की सबसे उल्लेखनीय विशेषता सामुदायिक भागीदारी रही, जिसने इसे एक सरकारी परियोजना से आगे बढ़ाकर जन-आंदोलन का रूप दे दिया। ग्राम पंचायतों, स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों और स्वयं ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका के चलते प्रत्येक गांव में यह पहल सजीव हो उठी। गांववासियों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि सरोवरों के निर्माण, सफाई, सौंदर्यीकरण और रखरखाव में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तालाबों के निर्माण और सुधार कार्यों ने ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए द्वार भी खोले हैं। विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही, जिन्होंने इस कार्य में श्रमिक, स्वयंसेवक और पर्यावरण संरक्षक की भूमिका निभाई। खुदाई, वृक्षारा. ेपण, मेंढ निर्माण और जल प्रबंधन से जुड़े कामों में उन्हें आर्थिक लाभ मिला, जिससे यह योजना महिला सशक्तिकरण का भी माध्यम बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट नीति और दूरदर्शिता के साथ जल संरक्षण को प्रदेश के विकास एजेंडे का हिस्सा बनाया।

# मंत्री अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगष थीम के साथ 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के एक स्कूल में जनपद स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी ने ष्एक पेड़ मां के नामष वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर सभी को अधिक से अधिक पौध रोपित करने का संदेश भी दिया। इस दौरान सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक गंगा सागर वर्मा के निर्देशन में ऊषा देवी, पंकज कुमार, रेखा वर्मा एवं राम सनेही द्वारा योग का प्रदर्शन किया गया। आंध्र प्रदेश के विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन एवं योगाभ्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कराया गया। योग में उत्दृष्ट प्रदर्शन करने वाले योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार योग भारत से पूरे विश्व में प्रसारित होकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रहा है, निश्चित तौर पर सभी इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे 'वसुधैव कुटुंबक' के नारे की सार्थकता को प्रदर्शित कर रहा है। पूरा विश्व स्वस्थ रहे, इसके लिए योग अत्यंत आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकारों को दूर करने में निश्चित रूप से सहयोग करता है तथा हमारा मन एवं शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी को नियमित योगाभ्यास के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव पी. गुरूप्रसाद, जिला. धिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### बंदियों ने किया योग

**योग दिवस** पर जिला कारागार में भी योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने प्रतिभाग करते हुए स्वयं योगाभ्यास कर उपस्थित बंदियों, कारागार प्रशासन तथा प्रशिक्षकों को योग के विविध आयामों से परिचित कराया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर, डिप्टी जेलर सहित कारागार के समस्त अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दो तस्कर गिरफ्तार 1.80 करोड़ का डोडा पोस्ता बरामद दिया

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार कर एक मिनी ट्रक पर लदा 1806 किलोग्राम डोडा पोस्ता बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ अस्सी लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि एसटीएफ व राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस रात्रि में हिन्दुआरी तिराहे के पास मिर्जापुर सध्क पर वाहनो की चेकिग कर रही थी कि एक संदिग्ध मिनी ट्रक को पुलिस ने जांच के लिए रोका। पुलिस टीम ने ट्रक पर सवार दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच किया तो उस पर भारी मात्रा मे अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्ता लदा हुआ था।

# भ्रष्टाचार, अपराध और स्कूल बंदी के मुद्दे पर अखिलेश का भाजपा सरकार पर हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा नीति, नौकरियों और प्रशासनिक भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है।

कन्नौज दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं, और प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं और एफआईआर कराने गए लोगों की हत्या तक हो जा रही है। गाजियाबाद



**कहाः हर विभाग में लूट मची है, सीएम-डिप्टी सीएम तक आपस में टकरा रहे।**

की घटना इसका ताज़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि महिलाएं और बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, जघन्य घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस खुद वसूली में लिप्त पाई जा रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि जब टॉप टेन माफिया की सूची जारी करने की बात कही थी, तो अब तक सूची क्यों नहीं जारी की गई। कम से कम जिलावार टॉप टेन अपराधियों की सूची तो जारी की जाए ताकि जनता को पता चले कि कन्नौज, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, वाराणसी, कौशांबी, मिर्जापुर जैसे जिलों में अपराध का कौन सरगना है। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर शिक्षा के क्षेत्र में भी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों को बंद करने और मर्ज करने की योजना गरीबों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने की साजिश है।

## चित्रकूट में कुल्हाड़ी से हत्या के मामले में सहअभियुक्त गिरफ्तार

### थाना पहाड़ी पुलिस ने हत्या की वारदात में वांछित महिला को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

चित्रकूट। थाना पहाड़ी क्षेत्र में कुल्हाड़ी से हुई हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रही वांछित महिला सहअभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है। घटना अठारह जून की है, जब ओरा गांव की बुंदा देवी ने थाना पहाड़ी में सूचना दी थी कि घनश्याम और उसकी पत्नी चुनकिया ने उनके पुत्र रामचंद्र की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। मामले में थाना पहाड़ी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 351(3), 352 और 238 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्नीस जून को अभियुक्त घनश्याम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के निर्देशन में थानाध्यक्ष पहाड़ी की टीम ने आज घटना में शामिल रही सहअभियुक्ता चुनकिया को भी गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी लगातार की जा रही प्रभावी निगरानी और दबिश के परिणामस्वरूप संभव हो सकी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# करेंगे योग तो रहेंगे निरोग, धूमधाम से मना 'विश्व योग दिवस'

## शरीर को चुस्त दुरूस्त और तनावमुक्त रखने को योगाभ्यास जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** '**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग**' थीम के साथ 11 वां 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' गंगा तट तिगरी धाम से लेकर औद्योगिक नगरी में पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। शरीर को चुस्त दुरूस्त और तनावमुक्त रखने के लिये लोगों ने योगाभ्यास किया।

नगर के नोबल पब्लिक स्कूल में लायस क्लब गजरौला, डॉक्टर्स एसोसिएेशन व आरोग्य भारती के सहयोग से योग कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने कहा कि, आज की तेज रफ्तार जिंदगी में योग ही ऐसा माध्यम है जो हमें स्वयं से जोड़ता है। यदि बच्चों को बचपन से ही योग की शिक्षा दी जाए तो वे मानसिक रूप से अधिक मजबूत और नैतिक रूप से अधिक जागरूक बनेंगे। इस अवसर पर

### मंत्रोच्चारण के साथ हुआ योगाभ्यास

विद्यालय की प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, प्रबंधक राजीव उपाध्याय, लायंस क्लब के अध्यक्ष लॉयन अंकित गर्ग, डॉक्टर्स एसोसिएशन के सचिव डॉ.ललित चाहल, आरोग्य भारती अमरोहा के अध्यक्ष डॉ.जीके त्यागी व उपाध्यक्ष डॉ.रविन्द्र समेत लॉयन डॉ.श्याम सिंह, डॉ.धीरेन्द्र सिंह, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, डॉ.पावस चाहल, डॉ. मुनव्वर अली, डॉ.सोमान खान, कमल अग्रवाल, नमन जैन, डॉ. माथुर, जगदीप, ज्योति खंडूरी, यतेन्द्र सिंह राघव, सोनम, सपना सिंघल, रेखा सिंह, मोहन गुप्ता, कपिल कुमार समेत योग प्रशिक्षक दीपक सैनी, स्वर्ण पदक विजेता छात्र पारस आदि मौजूद रहे। नगर के अवंतिका पार्क में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने कहा कि योग हमारे देश की सांस्कृतिक परम्परा है, प्रधानमंत्री के प्रयासों से 11 वर्ष पूर्व 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता मिली। कहा कि आज पूरा विश्व योगों को अपना मान चुका है, क्योंकि योगाभ्यास से मानव का तन मन निरोगी होता है। भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में योगों की महत्ता बताई। योग प्रशिक्षक प्रेम विश्वकर्मा ने योगाभ्यास कराया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक होशियार सिंह दिवाकर, नगर पालिकाध्यक्ष राजेन्द्री उर्फ उमा, ईओ ललित कुमार आर्य, रामरतन सिंह जाटव, विपिन सागर, लेखाकार आदेश अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, डॉ.राजीव शुक्ला, अजय गोस्वामी, रामगवीर गुर्जर, महेन्द्र प्रजापति, अशोक कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।


गजरौला। नोबल पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन।


गजरौला। कारमेल पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन।


गजरौला। अवंतिका पार्क में योग कार्यक्रम का आयोजन


गजरौला। तिगरी गंगा तट पर योग कार्यक्रम का आयोजन

## कारमेल स्कूल में धूमधाम से मनाया योग दिवस

**गजरौला।** नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में 'विश्व योग दिवस' के अवसर पर योग शिक्षक धनवंत सिंह ने मुख्य योग कर्म योग, भक्ति योग, भुजंगासन, शवासन, वज्रासन सिखाए गए। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये योग की उपयोगिता बताई और सबको नित्य प्रति योग से जुड़े रहने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक विक्रम सिंह चौहान ने कहा कि आज पूरी दुनिया योग की तरफ आकर्षित है, क्योंकि योग ने लोगों को निरोग होकर जीवन जीने के लिये प्रेरित किया है। प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने कहा कि हमें नित्य प्रति योगाभ्यास करना चाहिये ताकि हमारा शरीर और मस्तिष्क स्वस्थ रखे। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य आरपी सिंह समेत स्टॉफ के सभी सदस्य गण मौजूद रहे।

# तिगरी गंगा तट पर आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** तिगरी गंगा तट पर नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति अमरोहा के तत्वावधान में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशन तथा जिला परियोजना अधिकारी, के नेतृत्व में योग का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन, डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन अमरोहा, इंडियन योगा एसोसिएशन अमरोहा एवं एनसीसी 33 बटालियन अमरो. हा का सक्रिय सहयोग रहा। योगाचार्य नौबहार सिंह ने योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जोगेन्द्र सिंह ने किया जबकि नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने योग करने एवं गंगा स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम में खण्ड विकाा स अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल, आरएसएस के जिला संघचालक रणवीर सिंह, देवराज सिंह, नीतू सिंह, एनसी सी के सूबेदार मेजर यशपाल सिंह, गुरवचन सिंह सिद्धू, गौरव धारीवाल, डॉ पृथी सिंह, जयवीर सिंह, सुमित यादव, पंकज शर्मा, रेखा रानी, आकांक्षा मिश्रा, संघहिता गौतम, कोमल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने पूर्ण उत्साह के साथ योगों का अभ्यास किया।

# मनुष्य को सम्पूर्णता की ओर ले जाता है योग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर के रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए योगाभ्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। महाविद्यालय की योग महोत्सव संयोजिका एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ.श्वेता अग्रवाल ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक महत्ता, भारत की सांस्कृतिक परम्परा में योग की भूमिका सहित अन्य बिंद. ुओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो.महबूब अली गौरी ने योग को भारत की अमूल्य सांस्कृतिक देन बताया। कहा कि योग मनुष्य को सम्पूर्णता की ओर ले जाने वाला मार्ग है। छात्र-छात्राएं इसे अपनाकर शारिरिक के साथ साथ मान. सिक रूप से भी स्वस्थ रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम संयोजन के लिये एनएसएस इकाई की विशेष भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर धन सिंह रवि, डॉ. नेहा अग्रवाल, डॉ.अनिल सिंह, हरपाल सिंह, सुनील, धर्मेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# अवैध खन करने वालों पर लगाया लाखों का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** अवैध खनन करने वालों पर विभाग ने शिकंजा कस दिया है। तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एक लोडर और दो अन्य वाहन पकड़े गये। जिन पर भारी जुर्माना लगाया गया है। इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया है।

खनन निरीक्षक मनीष यादव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, एक लोडर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया, जिस पर एक लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा एक ट्रैक्टर पर पच्चीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बाजपुर का एक ट्रक भी अवैध खनन सामग्री ले जाते हुए पकड़ा गया, जिस पर उड़नचास हजार तीन सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खनन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। और ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जायेगा। इस कार्रवाई से यह संदेश साफ है कि सरकार अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

# जेएस कॉलेज में सामूहिक सूर्य नमस्कार

## योग दिवस पर हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** योग दिवस के मौके पर जेएस हिन्दू पीजी कालेज में सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास किया गया।

सुबह साढ़े पांच बजे कालेज में प्रचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह, स्टाफ व विद्यार्थियों ने योग किया। उन्होंने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। प्राचार्य ने कहा कि योग फॉर वन अर्थ एंड वन हेल्थ की थीम पर कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं कराई गई। योग महोत्सव प्रभारी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि योग महोत्सव में योग मेराथन, साइकिल रैली, पोस्टर पेटिंग आदि प्रतियोगिताएं भी कराई गई। इस दौरान वैदिक मंत्र पाठ, मंगल प्रार्थना, योगा काव्यपाठ अभ्यास भी किया गया। जबकि ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम में प्रो. बीना



रूस्तगी, प्रो. अनिल रायपुरिया, प्रो. मनन कौशल, डा. गौरव सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डा. आभा सिंह, डा. पवन गेरा, डा. सविता, डा. राजकिशोर, डा. अनुराग पांडेय, डा. नीरज त्यागी, डा. उमेश कुमार, डा. मनीष टंडन, अमित मौजूद रहे।

# छुटभैये नेता ने डराकर मजदूर से वसूले 44 हजार

## भाजपा सरकार की छवि कर रहे धूमिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** मजदूर ने सत्ता पार्टी के एक पदाधिकारी पर दलाली में 44 हजार रूपये उगाहे जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें वापस दिलवाये जाने की मांग की है।

हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में सत्ता पक्ष के कुछ छूटभैया नेता गरीब जनता से दलाली कर सरकार की छवि धूमल करने का काम कर रहे है। ऐसा ही एक मामला गांव जयतौली में प्रकाश में आया है। गरीब मजदूर अली मोहम्मद ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए बताया है कि गांव के कुछ लोगों ने उसके माता-पिता को पीट दिया था। इंसाफ पाने के लिए उसने भाजपा के एक पदाधिकारी से मिलकर मामले से अवगत कराया था। भाजपा नेता ने उससे दलाली में 50 हजार की डिमांड की थी। साथ ही कहा था कि मारपीट करने वालों को जेल भिजवायेगा। मजदूर युवक का कहना है कि उसने अपना घर बेचकर 44 हजार भाजपा नेता को दलाली के रूप में दिये थे। मजदूर ने बताया कि ना तो उसके माता-पिता से मारपीट करने वालों को भाजपा नेता ने जेल भिजवाया और ना ही पैसे मांगने पर उन्हें वापस किया है। मजदूर अली मोहम्मद का कहना है कि भाजपा नेता अब उसे जेल भिजवाने की धमकी दे रहा है। मजदूर ने बताया कि उसकी तीन बेटी और दो बेटे है। एक बेटा 5 महीने से गायब है। जिसके चलते वह और उसका परिवार टेंशन में है। पीड़ित मजदूर ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर अपना पैसा वापस दिलवाये जाने की मांग की है।

# मोदी के प्रयास से योग को मिली वैश्विक पहचान: ढिल्लो

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** 11 वें 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर नगर के हाइवे स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढ़िल्लो ने कहा कि 'योग भारत की ऐतिहासिक विरासत' रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र

### श्री वेंक्टेश्वरा विवि में योग कार्यक्रम आयोजित

मोदी के अथक प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने से योग का खोया हुआ गौरव वापस लौट आया है। योग से हम व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाने के साथ-साथ राष्ट्र विकास में भी अपनी प्रभावी भूमिका अदा कर सकते हैं। योगाचार्य कृष्ण कुमार ने कहा कि आइये हम सब



मिलकर योग एवं अध्यात्म के बल पर भारत को स्वास्थ्य एवं वैश्विक सौहार्द्र के 'ब्रांड एम्बेसडर' के रूप में स्थापित करने की ओर बढ़ें। इस अवसर पर विवि के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 कष्ण कान्त दवे ने मुख्य अतिथि शिक्षक डॉ.हरि सिंह ढ़िल्लो के साथ योग प्रशिक्षको एवं योगाचार्यो को पगड़ी, पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डॉ.ऐना ऐरिक ब्राउन, लीगल डारेक्टर देवप्रताप सिंह, डॉ. एलएस रावत, डॉ.एसएन साहू, डॉ.मंजरी राणा, डॉ.अनुषा कर्णवा, विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

## घर में रखी नकदी व जेवर भी ले गई युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्ष की युवती को गांव का निवासी युवक बहला फुसलाकर घर से भगाकर ले गया। युवती के पिता को जब इस मामले का पता चला तो उसने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक, उसके पिता, भाई सहित पांच आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

घटना शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 12:30 के लगभग हुई। रात के समय युवक गांव की ही एक युवती को लेकर फरार हो गया। युवती के परिवार वाले जब शनिवार सुबह करीब 7:00 बजे सो कर उठे तो उनकी पुत्री घर पर नहीं थी। यह देखकर उनके होश उड़ गए उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ था। घर के अंदर रखे डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण व दो लाख रुपए की नकदी भी युवती साथ लेकर चली गई। पिता व परिजनों ने युवती की काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला, जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव निवासी युवक, उसके पिता, भाई साहित पांच आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की।

# जीवन में खेलों का विशेष महत्व: भूपेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव बलदाना असगर अली में समा. जवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलों का विशेष महत्तव है, ग्रामीण क्षेत्र से ही प्रतिभाएं

### क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

निकलती हैं जो कि खेल जगत में अपने अपने गांव का नाम प्रदेश व देश स्तर पर रोशन करती हैं। इस मौके पर विजयपाल सिंह, गिरिराज सिंह, रोहित सिंह, हिमांशु, कोसिंदर सिंह, टोनी, प्रदीप, मोहित, शोभित, हर्षित, विशेष कुमार, हरजीत सिंह,



गुरजीत सिंह, उपेन्द्र सिंह, कुलद. ीप चौहान, अमित, कविराज आदि मौजूद रहे। वहीं पहले दिन बलदाना असगर अली व मंजूरपुरा की क्रिकेट टीमों के बीच मैच हुआ। मंजूरपुरा ने 15 ओवर में 60 रन बनाए, जबाब में बलदाना असगर अली की टीम ने धुंआधाड़ प्रदर्शन करते हुए मात्र सात ओवर में ही विजयश्री प्राप्त की। जतिन ने 17 गेंदो में 51 रन बनाकर मैन आर्फ द मैच का खिताब जीता।

# राष्ट्र सेविका समिति ने भी किया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की कार्यकत्रियों ने भी योग किया।

शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति नगर शाखा की कार्यकत्रियां अवंतिका पार्क में एकत्र हुई। सुबह 5:30 बजे से उन्होंने योग प्रारंभ किया। योग प्रशिक्षक यतींद्र सिंह ने कार्यकत्रियों को विभिन्न प्रकार के योग कराए। समिति की नगर कार्यवाहिका निशा सिंह ने सभी से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया

### योग प्रशिक्षक यतीन्द्र सिंह ने कराए योग

कि योग करने से हमें रोग नहीं होते हैं। हमारा मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं। योग से हमारे भीतर ऊर्जा और आत्मविश्वास की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने योग दिवस के आयोजन के लिए देश के प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। कहा कि आज प्रधानमंत्री के प्रयास से ही योग को पूरे विश्व में पहचान मिली है। इस मौके पर हिमांशी रानी, गीता गोयल, ऋषिबाला अग्रवाल, नीतू सिंह, विनीता, मधु चौहान, कनिका आदि मौजूद रहीं।

# बिजली की बढ़ी दरें लागू हुई तो करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बिजौरा गांव में हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया कि बिजली विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर परेशान किया जा रहा है, वहीं

### भाकियू संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित

तहसील में अंश निर्धारण के नाम पर रिश्वतखोरी की जा रही है। जिस पर नरेश चौधरी ने कहा कि बिजली विभाग, तहसील विभाग सुन ले कि यदि रिश्वतखोरी की गई तो आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से बिजली के निजीकरण के निर्णय को वापस



लेने और मूल्य दर न बढ़ाने की मांग की। अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर युवा नेता तस्लीम सैफी को भाकियू संयुक्त मोर्चा अल्पसंख्यक का जिलाध्यक्ष व जाकिर चौधरी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल सिंह, नितिन चौधरी, चंद्रपाल सिंह, वसीम सैफी, उस्मान चौधरी, शौकीन चौधरी, नियामत चौधरी, आरिफ चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बकाया गन्ना भुगतान को भाकियू ने किया प्रदर्शन

**मंडी धनौरा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले किसानों ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। पांच सूत्रीय मांग पर सीडीओ और एसडीएम को देकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा वेब शुगर मिल पर किसानों का गन्ना भुगतान बकाया हैं। जल्द भुगतान कराया जाए. आवारा पशुओं से किसानों को निजात मिले। धनौरा-फीना मार्ग से अहरौला माफी और पारा खालसा तक टूटी सड़क की मरम्मत कराई जाए। तेंदुए से किसानों की सुरक्षा हो नौगांवा इलाके में तेंदुए की मौत के मामले में जेल भेज गए किसानों की बिना शर्त रिहाई हो। इस दौरान गजेंद्र सिंह, चरन सिंह, राजपाल, रामचन्द्र, रामगोपाल, झुंडे सिंह, रवि कुमार, मुनिद. ेव, दिनेश शर्मा, सद्दाम, सोनू, गंगाराम, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# वाईएमएस में मना योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** वाईएमएस पीजी कॉलेज में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बीएड विभाग की प्रवक्ता डॉ. त्रेता देवी के निर्देशन में योग शिविर आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं व प्रवक्ताओं ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने योग को भारत की महान सांस्कृतिक देन बताया। शिविर में ओम उच्चारण, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार व ध्यान आदि अभ्यास कराए गए। कार्यक्रम में सोनू, मोबीन, डॉ. मनु सिंह, शमा अख्तर, संजय सिंह समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# शिकायतों का समय पर करें निस्तारण

**हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र 43 शिकायत दर्ज की गई। जिसमें से अधिकारियों द्वारा चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी बची 39 शिकायतों के निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी गई। संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के फरियादियों की फरियाद अपर जिला अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सुनी गई।

# यूपी विधान सभा का चुनाव सपा कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे: अजय



शाह टाइम्स ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी 2026 का पंचायत का चुनाव उत्तर प्रदेश में अपने बलबूते पर लड़ेगी लेकिन 2027 विधानसभा का चुनाव समाजवादी पार्टी व कांग्रेस मिलकर लड़ेंगी और उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का भी काम करेगी। इटावा जिले के बसरेहर में कांग्रेस पार्टी के सम्मेलन को संबोधित करने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मथुरा कॉरिडोर के नाम पर मथुरा की आत्मा को योगी सरकार नष्ट करने में जुटी हुई है, बेशक मथुरा से भाजपा की संसद मथुरा कॉरिडोर की तारीफ कर रही हो लेकिन उनको कुंज गलियों की ऐतिहासिकता के बारे में कुछ भी नहीं पता है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने इटावा के बसरेहर ब्लॉक में कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और रणनीति को लेकर बड़ा संद. ेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता गांव-गांव जा करके मेहनत कर रहा हे और जनता से जुड़ रहा है।

श्री राय ने कहा कि पंचायत चुनाव कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी और जो प्रत्याशी जीतकर आएंगे, उन्हें 2027 के विधानसभा चुनाव में काग्र. ेस का टिकट दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी बेशक पंचायत का चुनाव अपने बल बूते पर लड़े लेकिन 2017 का चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ेगी और उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का काम करेंगे।

श्री राय कहा कि यह चुनाव पूरी तरह से कार्यकर्ताओं का है और कांग्रेस का संगठन इसे बहुत गंभीरता से ले रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और सदस्यता अभियान को ज़बरदस्त समर्थन मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी ने बनारस में कॉरिडोर बनाकर धार्मिक आस्था के नाम पर कारोबार खडा कर दिया मॉल बना दिया और अब वृंदावन को भी उसी दिशा में ले जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि मथुरा, वृंदावन की ऐतिहासिक कुंज गलियां अगर नष्ट हो गईं तो वहां की पहचान मिट जाएगी। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी पर भी निशाना साधते हए कहा कि वह कभी कुंज गलियों गई ही नहीं हैं, इसलिए उन्हें वहां की सच्चाई का कोई ज्ञान नहीं है। उन्होंने कहा कि वृंदावन की आत्मा को नष्ट किया जा रहा है और हेमा मालिनी इस बार चुनाव में नौ-दो ग्यारह हो जाएंगी।

कौशांबी में हुई घटना का जिक्र करते हुए श्री राय ने कहा कि वहां पीड़ित पक्ष को डराया-धमकाया गया। उन्हें धमकी दी गई कि अगर उन्होंने कांग्रेस नेताओं से संपर्क किया तो उनके बेटों को जेल भेज दिया जाएगा। मजबूरी में पीड़ित परिवार ने एक वीडियो 'बनाकर कांपेस नेताओं से दूर रहने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरी सरकार कांग्रेस से डरी हुई है और जनता की आवाघ को दबाया जा रहा है। इस दौरान श्री राय ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से पार्टी आने वाले समय में मजबूत वापसी करेगी।

# संदिग्ध हालात में मिला युवती का शव

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम छतौनी धंधार निवासी सकटू की पुत्री सलीमुन उम्र 20 वर्ष शुक्रवार रात घर से शौच के लिए निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अनुसार रात भर युवती की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

शनिवार सुबह गांव के ही पप्पू गौतम के मक्के के खेत में स्थानीय लोगों को युवती का शव मिला, जो उसके घर से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है। शव मिलने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। शव मिलने के बाद परिजन शव को मौके से उठाकर घर ले आए और मामले की सूचना पुलिस को दी। परिवार में मां बाप और चार भाई के साथ मृतका को मिलाकर छह बहने हैं। जिसमें तीन की शादी हो चुकी घटना की सूचना पाकर सीओ महमूदाबाद, एसएचओ रामपुर मथुरा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार, मृतका के शरीर पर कुछ छोटे के निशान और चेहरे पर चोट निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम ख्रष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। युवती की हत्या गला दबाकर किए जाने की आशंका जताई का जा रही है। घटनास्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। अभी तक किसी भी संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हुई है और हत्या के कारणों का भी पता नहीं चल सका है। पुलिस टीम लगातार संभावित पहलुओं पर काम कर रही है और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा कर रही है। मृतका के भाई उस्मान ने बताया- कल शाम करीब 8रू00 बजे घर से शौच करने की बात कह कर खेतों की तरफ गई थी। लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। देर रात परिवार वालों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह घर से करीब 50 मीटर दूर उसका शव मिला है। भाई ने कहा कि हमारी प्रशासन से मांग है कि इस हत्याकांड में शामिल लोगों को जल्द ढूंढ कर पर्दाफाश करें। मेरी बहन की हत्या की गई है।घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस को गांव में तैनात कर दिया गया,ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित शिविर में मंत्री संजय अन्य ने किया योग

**जालौन।** उत्तर प्रदेश की जनपद जालौन में शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन उरई में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना एवं चीनी उद्योग विभाग के राज्य मंत्री व जनपद जालौन के प्रभारी मंत्री संजय सिह गंगवार, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक डॉ- दुर्गेश कुमार, सम्मानित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पुलिस विभाग के कर्मचारीगण शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास से हुई।

योग प्रशिक्षक ने उपस्थित सभी लोगों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और योग के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों को नियमित रूप से योग को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर को संतु. लित करने की एक जीवनशैली है, जिसे हर व्यक्ति को अपनाना चाहिए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी शिकायतें

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** शनिवार को जिले की सभी सात तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिका. रियों को निर्देश दिये कि



लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिला. धिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 26 शिकायतकर्ताओं ने शिकायती पत्र दिए। इनमें से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 3, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 67 प्रार्थना पत्रों में से 10, तहसील बिसवां में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील सिधौली में प्राप्त 54 प्रार्थना-पत्रों में से 9 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## एक नजर

### विस्फोटक भरी वैन और ट्रक की भिडंत, दो की मौत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के श्रीनगर क्षेत्र में शनिवार को तड़के विस्फोटक से भरी वेन और ट्रक की आमने - सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो लोगो की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिह ने बताया की कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में सिजहरी और बरा के मध्य हुई। दुर्घटना के वक्त सीमावर्ती मध्य प्रदेश में छतरपुर जिले के प्रकाश बम्होरी जा रही विस्फोटक से भरी वैन सामने से आ रहे डीसीएम ट्रक से टकरा गयी। यह टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों ही गाड्यिों के अगले हिस्से बुरी तरह पिचक गए, जिससे केबिन में फंस जाने से उनके चालकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उनमे सवार दोनों खलासियो समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त कर रही पुलिस की पीआरवी टीम ने सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंच वाहनों में मौजूद घायलों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया और उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना में मारे गये एक्सप्लोसिव वेन के चालक की पहचान घटहरी निवासी 35 वर्षीय तेज कुमार प्रजापति के रूप में की गयी है जबकि डी सी एम के ड्राइवर की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। घटना के समय एक्सप्लोसिव वेन में भारी मात्रा में विस्फोटक अमोनियम नाइट्रेट, जिलेटीन छड़े, बारूदी बत्तियां आदि रखा था। ट्रक से टक्कर में विस्फोटक में धमाका न होने से एक बड़ी घटना टल जाने की बात कही जा रही है। आशंका जतायी जा रही है कि यह विस्फोटक कथित विस्फोटक माफिया द्वारा आनन -घनन में दूसरे ट्रक में भरकर वैध प्रपत्रों के बगैर तस्करी करके लाये जायी जा रही है। पुलिस मामले की जांच करते हुये विस्फोटक की बरामदगी का प्रयास कर रही है। अपर एस पी वंदना सिह ने बताया कि पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों कों कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम कों भेजा है और घटना के कारणों की जांच में जुटी है। प्रथमदृष्टया गाड़ी चालकों की झपकी लग जाने से यह हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

### बच्चों के झगड़े में घर में घुसकर दी काट डालने की धमकी

**गोंडा।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भौरीगंज गांव स्थित मंगलौसा में सोमवार देर शाम करीब 6 बजे बच्चों के मामूली विवाद ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। बताया जा रहा है कि बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जो धीरे-धीरे बड़ों के बीच तनाव और फिर हिंसक झड़प में बदल गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि फुरकान पक्ष के लगभग 40 लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर दूसरे पक्ष के घर पर हमला करने पहुंच गए। पीड़ित रामकुमार विश्वकर्मा पुत्र छद्दन विश्वकर्मा का आरोप है कि कैफ राईनी पुत्र लल्लन राईनी, आसिफ पुत्र दादे, दिलशाद पुत्र पप्पू, मुमताज पुत्र धगेलू समेत कई अन्य लोगों ने उनके घर को चारों ओर से घेर लिया और घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए पूरे परिवार को बोटी-बोटी काट डालने की धमकी दी। रामकुमार ने बताया कि हमलावरों ने धमकी देते हुए कहा कि ष्जैसे हम कासगंज में भैंसा काटते हैं, वैसे ही सबको काट डालेंगे।ष उन्होंने पूरे परिवार को गालियां दीं और लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट की। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे घटनास्थल पर मौजूद किसी व्यक्ति ने रिकॉर्ड किया था। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि हमलावर लाठी-डंडों से लैस होकर घर की ओर बढ़ते हैं और बड़कऊ विश्वकर्मा के साथ मारपीट करते हैं। वीडियो के वायरल होते ही मामले ने और तूल पकड़ लिया। सूचना मिलते ही परसपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया, जिससे पूरा भौरीगंज गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

### मुठभेड़ में वांछित इनामी दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर में पुलिस ने एक नाबालिग के संग दुष्कर्म के वांछित इनामी बदमाश को आज हुई मुठभेड़ के दौरान गोली लगने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता पायी। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि इसी वर्ष सात जून को कस्बा मगहर के इस्लाम नगर निवासी व्यक्ति ने थाना कोतवाली खलीलाबाद को उनकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत व छेड़खानी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु-अ-स- 496/2025 धारा 74/352/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना से सम्बन्धित फरार अभियुक्त अबरार अहमद पुत्र इस्तफा हुसैन निवासी इस्लामनगर काजीपुर मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को अजगैबा घाट खलीलाबाद गोरखपुर बार्डर के पास से पुलिस मुठभेड़ के दौरान देर रात को गिरफ्तार किया गया था तथा अभियोग में धारा 64(2) बीएनस व 5/6 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उनके निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार लसह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय कुमार लसह के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को अजगैबा घाट के पास से समय रात्रि 01:00 बजे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 21 जून 2025 को रात्रि लगभग 01-00 बजे थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस व अपराधी के बीच अजगैबा घाट के पास पर मुठभेड़ हुई है, जिसमें 45वर्षीय अपराधी अबरार अहमद पुत्र इस्तफा हुसैन निवासी इस्लामनगर काजीपुर मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतक. बीरनगर के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है तथा उसके पास से 01अदद अवैध तमंचा -315 बोर, जेब से 01 अदद लजदा कारतूस -315 बोर व तमंचे में फंसा 01 अदद खाली खोखा -315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त अबरार अहमद उपरोक्त द्वारा 08 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मामला पंजीकृत है।

# सत्ता से बेदखल लोगों को विरोध के अलावा कुछ नहीं दिखता: राजभर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवरिया।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुये कहा कि सत्ता से बेदखल हुए लोगों को सरकार के विरोध के अलावा कोई विकल्प नहीं दिख रहा है।

श्री राजभर ने यहां पत्रकारों के एक सवाल कि अखिलेश यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़क विकास कार्य पर सवाल उठा रहे हैं,के जवाब में कहा कि सत्ता से बेदखल हुए लोगों को अब विरोध के अलावा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है वे सिर्फ आलोचना करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में विकास की बयार बह रही है। देश व प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व से खुश है और विकास की सहभागी बन रही है, लेकिन ये बात सत्ता से बेदखल लोगों को पसंद नहीं आ रही है। जिला पंचायत और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर श्री राजभर कहा ह हमने इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार से सहमति ले ली है और एक प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है। लेकिन जब तक तक यह लोकसभा और राज्यसभा में यह प्रस्ताव पास नहीं हो जाता, तब तक इसे लागू नहीं किया जा सकता। श्री राजभर के इस बयान से साफ है कि सरकार अब स्थानीय निकाय चुनावों में भी बड़े बदलाव की तैयारी में है, लेकिन आखिरी फैसला संसद से पारित होने के बाद ही होगा।अब देखने वाली बात होगी कि इस मुद्दे पर विपक्ष क्या रुख अपनाता है और संसद में इस प्रस्ताव को कितनी आसानी से मंजूरी मिलती है।

## सगे भाइयों ने की चचेरे भाई की हत्या

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र में आपसी विवाद में दो भाइयों ने मिलकर सगे चाचा के लड़के की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिह ने बताया कि पचतोरवा गांव निवासी मोहम्मद इब्राहीम (18) बीती देर रात सो रहा था कि रात करीब एक बजे सगे चाचा जाकिर अली के पुत्र जीशान अहमद तथा वसीम अहमद धारदार हथियार हसियां लेकर उसके दरवाजे पर आ गये और इब्राहिम के दरवाजा खोलते ही हसिया से सीने पर गंभीर वार कर दिया। युवक को सीएचसी सेमरियावां ले जाया गया।

# भाजपा शासनकाल में थानों-तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर: शिवपाल

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया शहर में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल लसह यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इसके शासनकाल में थानों-तहस. ीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है।

सरकार ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। सपा महासचिव शनिवार को औरैया में सपा के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंह सेंगर की पत्नी के निधन पर शोक संवे. दना व्यक्त करने पहुंचे थे। इस दौरान एक होटल पर पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के 09 साल के शासन में जनता के लिए कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल झूठ बोलती है और उनके शासन में थानों और तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है। सपा नेता ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। समा. जवादी पार्टी, पीडीए और सवर्ण वर्ग को साथ लेकर अगले चुनाव में प्रदेश में सरकार बनाएंगी। इस मौके पर सपा से बदायूं के सांसद व उनके पुत्र आदित्य यादव के अलावा अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

## बहराइच में मां बेटे की करंट लगने से मृत्यु

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में करंट लगने से विवाहिता और उसके किशोर पुत्र की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुनीमपुर कलां गांव निवासी आलम आरा (35) और उनका 11 वर्षीय पुत्र इस्लाम अली विद्युत करंट की चपेट में आने से असामयिक मृत्यु का शिकार हो गए। यह दुखद घटना तब घटी जब मां और बेटा अपने घर के एक कमरे में मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कमरे में रखे फराटा पंखे में अचानक बिजली का करंट आ गया। दुर्भाग्यवश, आलम आरा और इस्लाम अली दोनों ही उस करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी तत्काल ही मौत हो गई।

# लघु सिंचाई विभाग के खिलाफ किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में शनिवार को किसान यूनियन ने लघु सिंचाई विभाग में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और किसानों के हितों की जबरदस्त उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी दिनेश प्रताप सिह गौर को शनिवार को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिह गौर ने बताया कि लघु सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं हो रही हैं और इनका सीधा असर किसान हितों पर हो रहा है। शिकायती पत्र के माध्यम से किसान यूनियन ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्री गौर ने बताया कि अपर जिलाधिकारी (वि- एवं रा-) द्वारा कई बार अधिशासी अभियंता राजेश कुमार गुप्ता को बोरिग की खुदाई, पाइप और ग्रेवेल को लेकर हुई अनियमितताओं की जांच कराये जाने के संबंध में पत्र लिखे गये लेकिन अभियंता के जांच के सहयोग न करने की वजह से जांच हो ही नहीं पायी है। इसी बीच 30 जून 2025 को श्री गुप्ता को सेवा. निवृत हो जाना है। ऐसी स्थिति में किसान यूनियन ने अभियंता के खिलाफ एक बार फिर से मोर्चा खोला है। यूनियन के प्रवक्ता ने बताया कि अगर अभियंता की सेवा. निवृति के पहले जांच नहीं होती है तो सरकार और किसान के साथ धोखाधड़ी के साथ -साथ करोड़ों के सरकारी धन का भी नुकसान होगा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में मध्यम और गहरी बो. रिग के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

ठेकेदारों एवं विभागीय अभियंताओं की मिलीभगत से बिना पंजीकृत मशीनों द्वारा बोरिग कराई गई, जबकि भुगतान पंजीकृत दरों पर दर्शाकर अनियमित रूप से धन निकाला गया। किसान यूनियन के अनुसार गहरी बोरिग का वास्तविक बाजार मूल्य लगभग 45,000 रूपये प्रति 300 फुट है, जबकि विभाग ने 1,50,000 रूपये प्रति बोरिग का भुगतान दर्शाया है। एक वित्तीय वर्ष में एक बोरिग में 01 लाख तक की अधिक राशि निकालकर विभागीय अनुदान एवं किसानों की जमा राशि से करीब 02 करोड़ की हेराफेरी की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 100 और 2024-25 में भी 100 गहरी बोरिग इस प्रकार कराई गई हैं कि जिनमें ठेकेदार को भुगतान विभागीय अभियंताओं की साजिश से किया गया। उन्होंने कहा कि मानक रूप से प्रत्येक बोरिग की गहराई 100 मीटर होनी थी लेकिन हर बोरिग इस मानक से कम गहराई पर ही कर दी गयी। बोरिग के बाद गहराई के आधार पर दिये जाने वाले पाइप और ग्रेवेल की मात्रा तो कम दी गयी लेकिन ठेकेदार को भुगतान 100 मीटर के आधार पर ही किया गया। इतना ही नहीं बोरिग की खुदाई भी आर आर बिट से नहीं की गयी। कई मामलों में किसानों की सहमति के बिना ही बोरिग की खुदाई को लेकर ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया। किसान यूनियन ने यह भी आरोप लगाया गया है कि लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने किसानों से कोरे कागजों, स्टाम्प पेपरों पर हस्ताक्षर कराए लेकिन प्रस्तावित और वास्तविक लेखा विवरण उन्हें नहीं दिया गया। इसी तरह से सर्वे रिपोर्ट और बोरिग सफल प्रमाण पत्र भी समय से नहीं दिए गए। इसके अलावा, केंद्रीय भंडार से दी जाने वाली सामग्री की आड़ में बाजार दर से अधिक मूल्य पर सामग्री की खरीद कर ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया। ज्ञापन में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई है कि जिलाधिकारी की आदेश संख्या 575/ओ-एस-डी- दिनांक 15 अप्रैल 2024 के तहत गठित जांच समिति, जिसमें 10 मजिस्ट्रेट व 20 अभियंता शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सजी साधना की अनूठी छटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चित्रकूट।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पूरा चित्रकूट योगमय हो उठा। ष्एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्यष की अवधारणा के साथ जनपद के खेल मैदान से लेकर थाना-चौकियों तक योग के विविध आयोजन हुए।

ख्य समारोह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', मंडलायुक्त चित्रकूटधाम अजीत कुमार, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद आर. के. सिंह पटेल, भैरव प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने योग को निरोग जीवन की कुंजी बताते हुए सभी को इसे जीवनचर्या में अपनाने की अपील की। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल शरीर की चपलता ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और ऊर्जा के प्रवाह का भी माध्यम है। योगाभ्यास से मन, मस्तिष्क और शरीर में सामंजस्य उत्पन्न होता है। पतनंजलि योग समिति के प्रशिक्षकों-मंजू केसरवानी, नरेंद्र नारायण चंद्रवंशी और राजधर ने मंच से ग्रीवा, स्कंध, कटि और घुटना संचालन से लेकर वृक्षासन, ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन आदि योग क्रियाओं का सजीव अभ्यास कराया।

समारोह के अंत में योग विषयक निबंध, स्लोगन, चित्रकला और योगासन प्रतियोगिता में उत्दृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, राजेन्द्र कुमार, अभिनव पांडेय, अनन्या, अंजना अग्रहरि, राजधर, रौनक, कमल सिंह, भूमि देवी, लवकुश कुमार आदि को प्रभारी मंत्री, आयुक्त और जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पुलिस लाइन चित्रकूट, सभी थाना-चौकियों और अन्य कार्यालयों में भी योग दिवस मनाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने पूरी श्रद्धा से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री आलोक पांडेय, अश्विनी अवस्थी, रामसागर चतुर्वेदी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, जगदीश गौतम, सुरेश अनुरागी, प्रेमलाल बाल्मीकि, विकास मिश्रा, रवि गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उपजिलाधिकारी पूजा साहू, क्षेत्राधिकारी अरविन्द वर्मा, नगर क्षेत्राधिकारी राजकमल, यातायात क्षेत्राधिकारी फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण तथा पुलिस लाइन्स व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी इस योग साधना में सहभागी बने।

# इटावा में सपा नेता समेत दो की हत्या में पांच को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले की एक अदालत ने बहुचर्चित सपा नेता समेत दो की हत्या के मामले में पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पक्ष और विपक्ष की बहस के बाद दोषी पाए जाने पर पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

जिले के बसरेहर इलाके के बसगबा गांव में 9 अक्टूबर 1994 को समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष/ प्रधान अशोक कुमार यादव और लायक सिह की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद हत्यारोपी सपा नेता अशोक कुमार यादव की लाइसेंसी रायफल भी लूट करके फरार हो गए थे। पुलिस का रिकॉर्ड यह भी बताता है कि हत्या करने वालों ने समाजवादी पार्टी के नेता अशोक यादव की राइफल लूटने के बाद उससे हवा में फायरिग भी की थी। इस दोहरे हत्याकांड के मामले में रमेश चंद्र,सुनील कुमार, कुलदीप, शिवनाथ, सलेटी सिह, मोहर सिह और चन्द्रजीत सिह को नामजद किया गया था। वर्ष 1994 में जब समाजवादी पार्टी के नेता समेत दो लोगों की हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था उस समय उत्तर प्रदेश में मुलायम सिह यादव की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। इससे दोहरे हत्याकांड को लेकर के उस समय जमकर राजनीति भी हुई थी।

# जनपद में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के लाभ बताए, स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धामपुर नगर में उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं जनकल्याण संगठनों द्वारा योगाभ्यास के आयोजन कर जन-जन को स्वास्थ्य एवं योग के महत्व से जागरूक किया गया।

योग दिवस के अवसर पर शिवा. जी पार्क में नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पालि. का अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला की उपस्थिति में बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता निभाई। योगाभ्यास कार्यक्रम ने क्षेत्रवासियों को मानसिक और शारीरिक रूप से जागरूक करने का कार्य किया।

कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य रेखा देवी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर शिक्षिकाएं श्रीमती नीरज, अमृता चौहान, नीना वर्मा, मीनाक्षी, जौली, सुषमा, उषा, और अंजली, प्रधान लिपिक यशवीर, साथ ही अनेक छात्राएं जैसे गरिमा, अक्षघ, अलीना आदि ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

लाला केदारनाथ बालिका विद्या मंदिर में पूर्णिमा शर्मा और करिश्मा सक्सेना ने योगाभ्यास कराया और छात्राओं को दैनिक जीवन में योग के लाभ बताए।

सुमंगलम फार्म हाउस में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में योगाचार्य गजराज सिंह और शिवेंद्र अग्रवाल द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर डॉ. आर.के. सिंह, आदर्श सिंह, राम सिंह सैनी, धर्मेश सिंह, सरदार देवेंद्र सिंह सलूजा, सुनीता नंदा, कविता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

आरएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित योग सत्र का संचालन डॉ. राम सिंह द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

पंजाबी कॉलोनी स्थित स्वास्थ्य केंद्र में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वावधान में डॉ. प्रीति बिश्नोई और लवी अग्रवाल द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

श्री राम कॉलेज, पीपलसाना में भी योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. एन.पी. सिंह ने योग के वैज्ञानिक पक्ष और मानसिक शांति पर बल दिया।

धार्मिक स्थलों में भी योग का आयोजन हुआ। संकट मोचक सिद्धेश्वर बालाजी धाम में महंत राहुल अग्रवाल ने योग साधना के माध्यम से शरीर और आत्मा की शुद्धि पर प्रकाश डाला।

धामपुर शुगर मिल, एवं मोहल्ला खतियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर में भी विशेष योग शिविर आयोजित किए गए। खासकर महिला सभा द्वारा आयोजित शिविर में महिलाओं ने योग की अनेक मुद्राएं और करतब दिखाकर संदेश दिया कि स्वस्थ महिला, स्वस्थ समाज की आधारशिला है।

धामपुर नगर में यह आयोजन न केवल योग को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बना, बल्कि स्वस्थ भारत स्वस्थ समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ।

## योग को अपनाएं और स्वस्थ, खुशहाल जीवन का आनंद लें : अमजद अली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय सहसपुर नगर पंचायत सहसपुर कार्यालय परिसर में लिपिक, सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारी आदि लोगों के बीच सहसपुर के सम्मानित व्यक्ति डॉ. ओम प्रकाश पाल (योग गुरु) ने कार्यालय नगर पंचायत परिसर में योग कराया और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाया।

चेयरपर्सन नाहिद परवीन पत्नी अमजद अली अंसारी ने अपने आवास पर ही प्रतिदिन की तरह योगासन किया। समाजसेवी अमजद अली ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि निमित्त रूप से योग करने से ही मानव का शरीर निरोगी होता है, वहीं उन्होंने आज 57 मिनट तक योग किया।

दूसरी ओर अमजद अली ने बताया कि संपत्ति या किसी भी अन्य पदार्थ या वस्तु का विनिमय हो सकता है।लेकिन स्वस्थ शरीर का लाभ स्वयं को प्राप्त होता है। स्वस्थ व निरोगी होने का लाभ स्वयं को ही मिलता है। यही मानव की सबसे बहुमूल्य संपत्ति है, इसीलिए हमें स्वयं की रक्षा करते हुए वह अपने शरीर को तंदुरुस्त (फिटनिस) का मुख्य रूप देते हुए निमित्त रूप से व्यायाम करना चाहिए। अमजद अली ने आगे बताया कि यह केवल एक दिन का त्यौहार नहीं बल्कि योग हमें प्रतिदिन प्रातः काल में एक अभ्यास के रूप में करना चाहिए। योग को अपने जीवन में अपनाएं और स्वस्थ, खुशहाल जीवन का आनंद लें , यही हमारे शरीर के लिए बहुमूल्य है।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

प्राचीन व प्रसिद्ध शिव मोटा महादेव मंदिर प्रांगण में योग उपरांत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सदस्य विधान परिषद विधायक सुबोध पाराशर मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गायत्री निराला, मंडल महामंत्री कपिल राजपूत, सचिन देशवाल, गोपीचंद, डॉ. मयंक चौहान, राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि वरुण कौशिक, नरपाल सिंह, हर्ष पाराशर, अनुज काकरान, महबूब मलिक, अजीम अहमद, जगदीश सिंह, हेमराज सिंह, योगेश राजपूत, पंडित शशि नाथ, सुमित गुर्जर, नौबाहर सिंह आदि ने पूर्व अध्यक्ष योगाचार्य अरुण राजपूत के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। उसके उपरांत सभी ने सांकेतिक पौधारोपण करते हुए नीम का पौधा लगाया।

## कृष्णा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम

### स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णा कालेज बिजनौर में 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम को केंद्र में रखते हुए एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कालेज परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान के प्रेरणास्पद संबोधन से हुई। उन्होंने योग की वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह समग्र जीवन को संतुलित और सकारात्मक बनाने की विद्या है। उन्होंने सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता संजीव कुमार ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायामों की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी, ताड़ासन, एक पाद ताड़ासन जैसे योगाभ्यासों के लाभ विस्तार से समझाए और नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के अगले चरण में शिक्षा विभाग की प्रवक्ता अंशिका राव ने ध्यान (मेडिटेशन) सत्र का संचालन किया। उन्होंने मन की एकाग्रता, मानसिक संतुलन और आत्मशांति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को ध्यान की विधि का अभ्यास कराया।

इस विशेष आयोजन में कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ, डा. सीमा शर्मा, डा. अंकित कुमार सैनी, डा. एम.ए. खान, विशाल विक्रम सिंह, सुनील कुमार, डा. पायल राठी, मन्दीप कुमार, डा. ज्योत्सना सिंह, डा.दुष्यन्त कुमार जैन, गोपाल स्वरूप सिंह, सौम्या वर्मा, शुभांशी वर्मा, दीक्षा त्यागी आदि सहित कई शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना एवं एक स्वस्थ, समर्पित और सामूहिक चेतना से परिपूर्ण समाज का निर्माण करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और कार्यक्रम का समापन उत्साह, ऊर्जा और स्वस्थ भविष्य के संकल्प के साथ किया गया।

## एक नजर

### योग से शरीर रहता है निरोग



**चांदपुर।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी ऑरगेनाईजेशन (सूर्या फाउण्डेशन) नगर समिति चांदपुर के द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज चांदपुर में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर उपाध्यक्ष कुंवरसैन गौतम एवं राहुल बंसल महासचिव के नेतृत्व में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राहुल बंसल ने कहा कि योग क्रिया से जहां हमारा शरीर बीमार नहीं पड़ता। वहीं योगाभ्यास के नियमित रूप से करने से शरीर मजबूत भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के डायरेक्टर नीलेन्द्र बादल एवं रजिस्ट्रार नरेश कुमार के सौजन्य से समिति द्वारा ही कॉलेज में प्रतिवर्ष कार्यक्रम को आयोजित कराने में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिलने पर हर्ष भी जताया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सरोहा के द्वारा किया गया। समिति में डॉ. प्रेम प्रकाश, डॉ. नवनीत सिंह, डॉ. अमित रघुवंशी, पिंकी पश्चिम, श्याम बाबू गुप्ता पत्रकार, अजय कुमार,सीनियर पत्रकार व कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**राजा का** ताजपुर। ज्योति कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा के तहत पहुंची एक बैंकट हॉल में ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उदयभान सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वेदपाल सिंह, बसंत सिंह, स्वर्ण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज उपाध्याय ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा वर्ष 1926 में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा शुरू की गई गायत्री मिशन की स्थापना के शताब्दी वर्ष 2026 की पूर्व तैयारी के अंतर्गत देश के 32 राज्यों में निकाली जा रही है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं सहित ममता अग्रवाल, दिनेश सिंह, संतोष देवी, अरुण गिरी, डॉ. रोहिताश सिंह, अनूप गौड़, तेजपाल सिंह, अरुण अग्रवाल आदि ग्रामीणों ने कलश पूजन कर आध्यात्मिक वातावरण में सहभागिता निभाई।

### दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोकसभा

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक में अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी पंडित हृदेश शर्मा (58 वर्ष) जो रामपुर पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक के पद पर तैनात थे कि मृत्यु, बिजनौर नई बस्ती निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार शर्मा की पत्नी धनेश्वरी देवी (70 वर्ष) तथा नगीना के वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा (67 वर्ष) का बीमारी के चलते निधन हो जाने पर शोक व्यक्त किया गया। दरोगा हृदेश शर्मा का ड्यूटी के दौरान रामपुर में ही हार्ट अटैक आने के कारण निधन हो गया था। नगीना निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी भी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका मंगलवार को निधन हो गया। बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकग्रस्त परिजनों को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष संजय शर्मा एड., महामंत्री डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस, नगर अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, उपाध्यक्ष डीसी शर्मा, राकेश शर्मा, गणेश ठाकुर एड., राजेंद्र गौतम, मनोज शर्मा, आलोक भारद्वाज एवं आरडी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों ने किया योग

### करो योग रहो निरोग विषय पर गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद महाविद्यालय दरवाड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व सेविकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मानते हुए प्रातः योग किया व करो योग रहो निरोग विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अतुल कुमार चौहान ने समस्त छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने के लिए मॉर्निंग वॉक के साथ-साथ योग करने पर जोर दिया और बताया कि योग से संपूर्ण शरीर की बीमारियां नष्ट होती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेर सिंह कटारिया व विनीत कुमार ने सभी विद्यार्थियों को योग करना सिखाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से डॉ. माहे सफिया, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. शिप्रा अग्रवाल, प्रियंका सिंह, डॉ. रेशमा सैलानी, डॉ. प्रियंक कुमार, जॉनी राजपूत, सुशील चौहान, खलील उर रहमान आदि उपस्थित रहे।

एम.एम. इंटर कॉलेज में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पर्व पर बहुत उत्साह और उल्लास से योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों और शिक्षोत्तर कर्मचारियों के साथ प्रधानाचार्य हाजी मौहम्मद ताहिर ने नियमित योग करने के लाभ और उससे निरोग रहने के उपाय बताए। इसके बाद व्यायाम शिक्षक राशिद अली ने योग के बहुत से आसन कराए। साथ ही डॉ. रोहिताश ने भी कुछ आसन कराए। छात्रों ने उत्साह के साथ योग के आसान किए। समस्त शिक्षकगण और शिक्षोत्तर कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। शिक्षक काजी फिरोज, सैयद बिलाल अकबर, रिजवान बारी हाशमी, नवाज शरीफ एवं कार्यालय वरिष्ठ लिपिक मौहम्मद आजिफ फारुकी ने भी योग दिवस में हिस्सा लिया।

गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग रखी गयी है। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनसीसी के अधिकारी कैप्टन अशोक कुमार ने शिक्षकों तथा कर्मचारियों के अतिरिक्त उपस्थित एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र एवं छात्राओं को सूर्य नमस्कार तथा अन्य योग क्रियाएं करायीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर प्रोफेसर साधना ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि योग हमें आपसी जुड़ाव का एहसास कराता है, हमें व्यक्तिकता से सामूहिकता की ओर ले जाता है और सिखाता है कि हम अकेले अस्तित्व में नहीं हैं। हम प्रकृति का हिस्सा हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त डॉ. प्रदीप कुमार तालान, मौहम्मद आरिफ, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान उपस्थित रहे। जबकि इस अवसर पर कार्यालय वरिष्ठ लिपिक राजेश श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

## दिशा में एकम्स फार्मा कंपनी ने किया कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में फार्मा क्षेत्र की कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महासर्चि. चव मुकेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, कंपनी के एचआर एक्जीक्यूटिव मयंक शर्मा व शेखर चौधरी, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, तथा फार्मेसी प्रिंसिपल डा. बी.के. भारती द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

इस ड्राइव में बी.फार्मा, डी. फार्मा व बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को तीन चरणों परिचय, तकनीकी ज्ञान और ग्रुप डिस्कशन में विभाजित किया गया। चयनित छात्रों को ३ माह की ट्रेनिंग के लिए एकम्स प्लांट हरिद्वार बुलाया जाएगा। टीपीओ हेड डा. समीर अहमद का आयोजन में विशेष योगदान रहा। मंच का संचालन शिक्षिकाएं रश्मि शर्मा व सुनैना राजपूत ने किया।

ार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षकों व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## रवा राजपूत संघ ने फ्लाइंग ऑफिसर श्रेयांश राजपूत को किया सम्मानित

### स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर ने श्रेयांश राजपूत पुत्र अरविन्द राजपूत निवासी शाहपुर सुक्खा को भारतीय वायु सेना में फ्ला. इंग आफिसर नियुक्त होने पर रवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया उनको स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र व बुके प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रेयांश राजपूत ने भारतीय वायु सेना मे फ्लाईग आफिसर के पद पर नियुक्त होकर पूरे रवा राजपूत समाज को गौरवान्वित किया है। उनके अटूट परिश्रम व लगन से उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है और उनकी इस उपलब्धि मे उनके माता- पिता का संघर्ष अदृश्य रूप से उनके साथ था।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज के युवा आज अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न क्षेत्रो मे सफलता सी ऊंचाईयों को प्राप्त कर रहें है। नित नये आयाम बना रहें है और इस सब में प्रतियोगिता के साथ साथ आरक्षण से भी प्रतियोगिता करनी पड़ती है। उसके बाद हम सफल होते है क्योंकि बहुत सारे युवाओं पर प्रतियोगिता के नम्बरों के साथ साथ आरक्षण की बैसाखी भी होती है पर हमारे रवा राजपूत समाज के युवा इन सब बाधाओं को पार करके सफलता व उच्च मुकाम हासिल कर रहें है और समाज आप सबसे अपेक्षा रखता है कि आप अन्य युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए उनका सहयोग करते हुए उनको भी सफल होने का मार्ग प्रशस्त करेगें। पद पर रहते हुए अपने समाज के उत्थान के लिए सहयोग करेगें। समाजिक कार्यो मे रूची रखते हुए सहयोग करेगें। रवा राजपूत संघ बिजनौर आपके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ आपका अभिनंदन करता है।

इस अवसर पर मनीष राजपूत, अतुल राजपूत, देवेन्द्र राजपूत, उमेश राजपूत, पुनीत राजपूत, कोमल राजपूत, अजय, कृष्ण राजपूत, विवेक राजपूत, भीष्म सिंह, राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

### जिलाधिकारी ने ली डीएलआरसी व डीसीसी की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि ऋण योजना के अन्तर्गत रोजगार परक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अपनी ऋण जमा अनुपात की समीक्षा करते हुए पाया कि इंडियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा सहित छह बैंक शाखाओं द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्य 60 प्रतिशत के सापेक्ष 40 प्रतिशत से भी कम की प्रगति की गई है। उन्होंने प्रत्येक बैठक में बैंक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने के बावजूद भी उक्त ऋण जमा अनुपात कार्य में सुधार न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को यह भी निर्देश दिए कि जिले के सभी सीमावर्ती ग्रामों का निरीक्षण करें और आबादी के निर्धारित मानक के अनुरूप जिन गांवों में बैंक सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बैंक शाखाएं अथवा बैंकिंग आउटलेट की स्थापना करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर आज कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में डीएलआरसी एवं डीसीसी की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1700 के लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक 2202 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए। इनमें से 646 स्वीकृत आवेदनों में से 465 पर ऋण वितरण किया जा चुका है, 763 आवेदन स्वीकृत के लिए तथा 178 आवेदन ऋण वितरण के लिए लंबित हैं, जबकि 794 आवेदन निरस्त किए गए हैं। योजना अंतर्गत 420 ऋण खातों में रुपए 180.86 लाख मार्जिन मनी के रूप में क्लेम भी किए गए। उन्होंने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले को प्राप्त लक्षण की प्राप्ति के लिए बैंकर्स एवं पंजीकृत वेंडर्स के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाएं तथा योजना से संबंधित जन समर्थ पोर्टल ऋण के लिए उपलब्ध होने वाले आवेदनों का निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना में ऋण देने में लापरवाही बरती जा रही है। समस्त बैंकर्स यह ध्यान दें कि सरकार गरीबों के स्वरोजगार के लिए जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें बैंकों की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है, इसलिए बैंकर्स सरकारी योजनाओं के ऋणों की फाइलों को पूरी गुणवत्ता के आधार पर स्वीकृत कर लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत माह मार्च 2025 तक प्रथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 8526.02 करोड़ के सापेक्ष 7510.52 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त हुई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 88.08 प्रतिशत है। व्यवसायिक बैंकों ने 76.86 प्रतिशत, ग्रामीण बैंकों ने 113.62 तथा सहकारी बैंकों ने लक्ष्य के सापेक्ष 121.38 की उपलब्धि प्राप्त की।

बैठक में उन्होंने सकल कृषि अग्रिम, कमजोर वर्ग के अग्रिम, महिलाओं को अग्रिम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय शहरी एवं ग्रामीण आजीविका, मुख्यमंत्री युवा उद्यमि विकास अभियान, जिला उद्योग केंद्र की योजनाएं, पीएम विश्वकर्मा योजना, अटल पेंशन योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अल्पसंख्यकों का ऋण और सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं में उपलब्धि की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बैंकर्स गरीबों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करें और उनके स्वरोजगार जो प्रकरण लम्बित है, उनका पूरी गुणवत्ता के आधार पर शत प्रतिशत रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अखिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग, डीडीएम नाबार्ड सहित समस्त बैंकर्स, संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में छाया अतिक्रमण का मुद्दा

**सीडीओ देवयानी ने अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर में चारों ओर फैले अतिक्रमण का मुद्दा ही छाया रहा। अतिक्रमण का हाल यह है कि नालों पर पक्के निर्माण करा लिए गए हैं।

एसडीएम उदित पवार और सीओ गौरव सिंह के साथ ही तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह आयोजन में फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे कि कुछ देर बाद ही मुख्य विकास अधिकारी देवयानी एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा के साथ आयोजन में आ धमके। यहां पहुंचकर उन्होंने शिकायतें सुननी शुरू कीं।

आयोजन में सबसे पहले अधिवक्ता ओमेंद्र देव आर्य ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर दुकानदारों द्वारा अपना सामान दुकान का आगे कर अतिक्रमण करने का आरोप लगाते हुए तत्काल ही इसे हटवाए जाने की मांग की, जिस पर सीडीओ देवयानी ने नगर पालिका को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार, पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, लक्ष्मी नारायन गंगवार ने तहसील चौराहे पर नाले पर दुकान बनाकर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। अधिवक्ताओं ने सीडीओ को सौंपे गए पत्र में नगर के मुख्य मार्ग, बाईपास मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से लोगों को आने जाने में हो रही असुविधा पर इसे तत्काल हटवाए जाने की मांग की, जिसपर सीडीओ ने नगर पालिका को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसमें संजीव गंगवार, सलमा जैदी, वीरेन्द्र कुमार पटेल, हारून अहमद, मुदित पाण्डेय, उमाकांत आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी एक ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी देवयानी को सौंपा, जिसमें कस्बे के मेन रोड पर फैले अतिक्रमण को हटवाए जाने, सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं द्वारा पांच किलो के स्थान पर साढ़े चार किलो राशन दिए जाने और जबरन एक किलो नमक की थैली 20 रुपए में दिए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की, जिसपर सीडीओ ने एसडीएम उदित पवार को कार्यवाही के आदेश दिए।

ज्ञापन देने वालों में पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर दत्तराम गंगवार, नगर अध्यक्ष अरशद अली, जिला महासचिव शमशुल हसन, पूर्व पीसीसी मो. असलम अंसारी आदि शामिल रहे। इसके साथ ही बाजार रोड पर फल, सब्जी के फड़ लगाने वालों ने भी कस्बे के मुख्यमार्ग, बेलदार चौक पर किए गए अतिक्रमण को हटवाए जाने के साथ ही तहसील चौराहे नाले पर बनी दुकान से जलभराव की समस्या से निजात दिलाते हुए नाले पर बनी दुकान को हटवाए जाने की मांग की, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने नगर पालिका को कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही आयोजन में 45 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें 5 के निस्तारण का दावा किया गया है।

इसमें एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, कोतवाल राहुल सिंह, पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार भटनागर, सीडीपीओ सुषमा राठौर सहित तहसील स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

# लीलौर झील को पुनर्जीवित को प्रशासन ने उठाया कदम

**धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में लीलौर झील का किया जाएगा विकास**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा समस्त जनपदों में विलुप्त हो रही अथवा मृत-प्राय एक नदी तथा एक झील को पुनर्जीवित तथा उनका पुर्नोउद्वार करने का दायित्व सौंपा है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में डीएम ने नगर आयुक्त नगर निगम, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी ऑवला, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, तहसीलदार ऑवला आदि के साथ प्राचीन कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र में स्थित लीलौर झील का स्थलीय निरीक्षण किया, और वहाँ उपस्थित लोगों से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह लीलौर झील महाभारत कालीन है, और यहीं पर पॉण्डवों के अग्रज युधिष्ठिर से यक्ष ने प्रश्न किये थे। पॉण्डव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाएँ हैं। गाँव वालों ने बताया कि भारी संख्या में प्रवासी पक्षी भी यहाँ पर आते हैं। यह महाभारत कालीन लिलौर झील लगभग 52 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है, और इसको एक उत्कृष्ट पर्यटन के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए इस ऐतिहासिक, पौराणिक झील को एक महत्वपूर्ण धार्मिक, अध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिलाधिकारी ऑवला, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, तहसीलदार ऑवला, नायब तहसीलदार सिरौली, एडीओ पंचायत रामनगर, राजस्व निरीक्षक नवाबपुरा, क्षेत्रीय लेखपाल, प्रधान व सचिव ग्राम लीलौर सहसा, प्रधान व सचिव ग्राम लीलौर बुजुर्ग, सचिव ग्राम लीलौर चाहरम, वन क्षेत्राधिकारी ऑवला रेंज, एसडीओ नलकूप तृतीय ऑवला, जल जीवन मिशन के प्रतिनिधि की एक कमेटी का गठन किया गया है।

उक्त कमेटी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में काम करेंगी एवं इस कमेटी की संयोजक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) होंगी।

# खमरिया बांध एवं गन्ना मूल्य भुगतान का गूंजा मुद्दा



**सम्पूर्ण समाधान दिवस में 143 शिकायतों में 21 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में डीएम अविनाश सिंह एवं एसएसपी अनुराग आर्य की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 143 शिकायतें आईं, जिनमें 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

डीएम अविनाश सिंह ने सर्वप्रथम तहसील दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों के शिकायतकर्ता की शिकायतों को सुना, तथा उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। उन्होंने कहा कि जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण किया जाये, उसकी आख्या रजिस्टर में अवश्य अंकित की जाए।

तहसील स्तरीय कोर्ट में जो भी प्रकरण आए उनको समयान्तर्गत निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी फाइल तीन दिन से अधिक रोकी न जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे कि जिला प्रशासन की छवि खराब हो। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए वह अपने-अपने कार्यालय में 10 से 12 बजे तक बैठकर जनता की शिकायतों को सुनें तथा उसका निस्तारण करें।

इस दौरान सड़क, सफाई, कूड़ा निस्तारण, अवैध कब्जा, महिला सुरक्षा और त्यौहारों के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों को लेकर कई मुद्दों पर शिकायतें दर्ज की गईं। किसान नेता राकेश गंगवार ने केसर चीनी मिल से बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाए जाने की मांग की, जिसपर डीएम ने बताया कि चीनी मिल की आरसी काट दी गई है, जल्द ही किसानों की समस्या का समाधान होगा। पूर्व एमएलसी जयदीप सिंह बरार ने खमरिया बांध को पक्का बनाने की मांग की।

ग्राम चगौली निवासी एक विधवा महिला ने गांव के दबंगों पर भूमि पर कब्जा कर कूड़ा डालने से रोकने की शिकायत की, और कानूनी कार्रवाई की मांग रखी।

# दबंगों ने व्यापारी नेता पर किया जानलेवा हमला

**सोशल मीडिया पर पोस्ट करना पड़ा भारी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में पुलिस का नहीं दबंगों का राज चल रहा है, इसका जीता जागता उदाहरण शुक्रवार की रात एक ढाबे पर अपने सभासद साथियों के साथ खाना खाने गए नगर के व्यापारी नेता और होली समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता पर दबंगों ने जान लेवा हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने राजीव गुप्ता को बुरी तरह से बेल्ट घूसों से जमकर पीटा। नगर में घटी इस घटना को लेकर खासा आक्रोश है।

सभासद सोनू राठौर, पति आशीष गुप्ता, अनिल गुप्ता के साथ राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष राजीव गुप्ता शुक्रवार की रात करीब दस बजे बरेली पीलीभीत हाईवे पर गरगईया के निकट एक ढाबे पर खाना खाने गए थे कि थाना हाफिजगंज के गांव सुंडयाबा के दिनेश गंगवार, औरंगाबाद के सूरज गंगवार के साथ ही 3-4 अज्ञात लोगों ने उसपर जान लेवा हमला करते हुए बुरी तरह से बेल्ट आदि से मारना पीटना शुरू कर दिया।

जैसे-तैसे राजीव गुप्ता को लोगों ने बचाया, आरोप है कि दबंग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। इसके साथ ही दबंगों ने इस मारपीट की वीडियो बनाकर इसे खुद ही वायरल कर डाला।

दबंगों की धमकी से दहशत में आए राजीव गुप्ता को लेकर शनिवार को कस्बे के दर्जनों युवक कोतवाली पहुंचे और घटना की तहरीर दी। कोतवाल राहुल सिंह ने तत्काल ही घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश देते उन्हें मेडिकल परीक्षण को भेज दिया।

मेडिकल परीक्षण कराने से पहले कस्बे के लोग तहसील दिवस में मौजूद एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा के पास पहुंचे थे। एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग के लोगों के साथ की जा रही घटनाओं पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की। जिसपर उन्होंने सीओ गौरव सिंह को इसकी जांच करने के निर्देश दिए। इसमें अधिवक्ता प्रदीप सूरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता उर्फ लल्लू गुप्ता, हिंदू जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सभासद विजय शर्मा, सूरज वर्मा, दीपक पंडित आदि शामिल रहे।

# जनपद में पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों, चिकित्सालयों, शैक्षिक संस्थानों व विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास का कार्यक्रम किए गए आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** पूरे जनपद में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग संगम शनिवार को पूर्ण उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य आयोजन बरेली कॉलेज के प्रांगण एवं अर्बन हॉट के हाल में योगाभ्यास योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योग दिवस के आयोजन में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग, प्रभारी मंत्री जनपद बरेली जेपीएस राठौर रहे। प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग, नोडल अधिकारी सौरभ बाबू, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ० उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी चौनपुर डा. राघवेन्द्र शर्मा, विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बरेली सोमपाल शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महानगर अधीर सक्सेना, डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी ने भगवान धन्वन्तरि एवं योग प्रवर्तक पतंजलि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री सहकारिता विभाग, प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने अपने सम्बोधन में ''न तस्य रोगों न जरा न मुत्यु:। प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम।'' की व्याख्या करते हुए कहा कि कैसे योग से रोगों का विनाश करते हुए, लम्बी आयु प्राप्त की सकती है, नित्य योग करने से स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी बताया, और प्रधानमंत्री का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति एवं परंपरा की एक अमूल्य देन है, योग से हमें मानसिक शांति, आत्मविश्वास, मनोबल, संयम, और सहन शक्ति मिलती है।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग, नोडल अधिकारी सौरभ बाबू ने कहा कि हम सभी को योग जरूर करना चाहिए, इससे हम निरोग रहते हैं, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा मानसिक विकारों से बचा जा सकता है। शारीरिक जटिलताओं से मुक्ति पाने के लिये समुचित जानकारी करके प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के योगासन करना एक बेहतरीन व निशुल्क उपचार है।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने की अपील की, और कहा कि योग दिवस हमें बताता है कि व्यक्ति को सूर्योदय के पूर्व उठना चाहिए, नियम, संयम को अपने जीवन में अत्यधिक महत्व देना चाहिए तभी व्यक्ति स्वस्थ रह सकता है।

इस अवसर पर सभी योगाभ्यासियों एवं उपस्थित गणमान्य एवं विशिष्ट जनों ने प्रधानमन्त्री के सम्बोधन को सुना।

उक्त के उपरांत योग प्रशिक्षक नित्या शर्मा ने यौगिक क्रियाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए योगा प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया, जिसके अन्तर्गत सर्व प्रथम सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, भ्रामरी, पवनमुक्तासन, वज्रासन, हलासन, सर्वांगासन आदि कराये साथ ही साथ उनके लाभ भी बताये।

योगाभ्यास के उपरान्त राज्य मंत्री सहकारिता विभाग ने योग सप्ताह 15 जून से 20 जून 2025 के मध्य आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों श्वेता शर्मा, रुचि शर्मा, राधा, शेखर, सचिन कुमार लोधी, स्लोगन प्रतियोगिता में दिशिता मिश्रा, प्रतिभा सिंह, श्वेता शर्मा, लक्ष्मी गंगवार, सुशान्त इंशा, योग चित्रकला प्रतियोगिता में डॉ0 निकिता खेतवाल, यशमित मिश्रा, कृष्ण, जान्हवी, योगासन प्रतियोगिता में सोनाली विष्ट, अमन शर्मा, श्वेता शर्मा, प्रतिज्ञा, तौहादी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

उक्त के अतिरिक्त जनपद के सभी चिकित्सालयों, ग्राम पंचायतों, शैक्षिक संस्थानों व आवासीय सोसाइटीज व विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अभिषेक सिंह, कार्यक्रम में विशेष रूप से डा. रामदास, डा. अजय पाल, डा. मंजू सिंह, डा. अब्बास अली खान, डा. योगेन्द्र सिंह, डा. बृजभूषण, डा. विवेक कुमार मिश्रा, डा. तपिश माहेश्वरी, डा. संजीव सिंह, डा. अमरीश अवस्थी, सुनील गंगवार, अरविन्द कुमार वर्मा आदि ने सहयोग दिया। कार्यकम का संचालन डा. मनोज कुमार ने किया।

# नाहल नदी को पुनर्जीवित करने की जिला प्रशासन ने शुरू की कवायद

**इसी सप्ताह युद्ध स्तर पर शुरू हो होगा कार्य, कमेटी गठित**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा समस्त जनपदों में विलुप्त हो रही अथवा मृत-प्राय एक नदी तथा एक झील को पुनर्जीवित तथा उसका पुनरोद्धार करने का दायित्व जिला प्रशासन को सौंपा गया है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में डीएम द्वारा सीडीओ, एसडीएम मीरगंज, बीडीओ मीरगंज, तहसीलदार मीरगंज, सहायक अभियन्ता सिंचाई विभाग के साथ मीरगंज स्थित नाहल नदी का स्थलीय निरीक्षण किया गया था, जोकि रामपुर जनपद की मिलक तहसील के धनेली पूर्वी ग्राम से तहसील मीरगंज के ग्राम लाभारी में प्रवेश करती है, लाभारी में प्रवेश करने उपरांत नाहल नदी ग्राम कुलछा में प्रवेश करती है, जिसके बाद वह ग्राम सिलरापुर में गुजरते हुए ग्राम खमारिया सानी के पास प्रवेश करती है, और अन्त में ग्राम सिंधौली की मूल नदी पीला खार में गिर जाती है।

वर्तमान में नाहल नदी जहाँ मीरगंज तहसील ग्राम लाभारी में प्रवेश करती है, वहाँ पर पानी नहीं है, नदी सूखी हुई है। ग्राम सिंधौली के पास नाहल नदी मूल नदी के साथ मिलती है उसमें थोड़ा पानी स्थित है। डीएम ने कहा कि मनुष्य, पशु-पक्षी या धरा, नदियां सभी के लिये जीवनदायी है। इनकी अविरल धारा निरन्तर निस्वार्थ सेवा का संदेश देती हैं। अफसोस प्राणी को प्राण और धरा को तृप्ति देने वाली नदियां अपना जीवन बचाने के लिए अनवरत संघर्ष कर रही हैं। इन पर कहीं अतिक्रमण हो गए तो कहीं जल सूख गया। प्राकृतिक सम्पदा से समृद्ध भारत भूमि पर पेड़-पौधों, नदियों-पर्वतों की पूजा होती है, क्योंकि यह मानव के लिये जीवनदायिनी है। बरेली जनपद में बहने वाली 10 नदियों में शामिल नाहल नदी अपना अस्तित्व खो रही है, कभी कल-कल बहने वाली नाहल नदी अब पूरी तरह से सूख चुकी है। मुरादाबाद मंडल के रामपुर जनपद में नाहल नदी का उद्गम स्थल है, जिसका बहाव क्षेत्र मीरगंज तहसील समेत करीब 65 किलोमीटर है। नाहल नदी मीरगंज तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव लाभारी के पास से जिले में प्रवेश करती है। जनपद बरेली में करीब 15 किलोमीटर लम्बी यह नदी विभिन्न गांवों से होती हुई सिंघौली गाँव के निकट पीलाखार नदी में मिल जाती है। कभी जब यह नदी आबाद थी तो आसपास के गाँवों के करीब 10 हजार हेक्टेयर खेती को पानी देती थी। पशु-पक्षियों के लिये भी किसी वरदान से कम न थी, नौसना गाँव के पास इस नदी पर भारत सरकार निधि से पुल भी बना हुआ है, जो मंडनपुर होते हुए रामपुर जनपद के भैंसोड़ी शरीफ गाँव से जुड़ता है। यह रोड आज भी चलता है, लेकिन उसके नीचे से नदी गायब हो चली है, नदी की धारा सूख चुकी है।

डीएम ने कहा कि नाहल नदी को पुनर्जीवित करने का संकल्प जिला प्रशासन ने लिया है, और इसी सप्ताह इस कार्य हेतु युद्ध स्तर पर काम शुरू हो जायेगा। लेकिन संकल्प को पूरा करने के लिये सभी को संयुक्त प्रयास करने होंगे, तभी संकल्प सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण करने पर पाया गया कि नाहल नदी को एक उत्कृष्ट पर्यटन के रूप में विकसित करने की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए नाहल नदी को विकसित करने के उद्देश्य से सीडीओ, प्रभागीय वनाधिकारी, एडीएम (प्रशासन), डीसी मनरेगा, एसडीएम मीरगंज, बीडीओ मीरगंज, तहसीलदार मीरगंज, नायब तहसीलदार मीरगंज, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, सिंचाई विभाग, नलकूप खण्ड, राजस्व निरीक्षक, कुल्छा खुर्द, लभारी, नौसना, खरकिटी, खमरिया सानी, सिलरापुर, लेखपाल, कुल्छा खुर्द, लभारी, नौसना, खिरकिटी, खमरिया सानी, सिलरापुर, प्रधान ग्राम कुल्छा खुर्द, लभारी, ग्राम नौसना ग्राम खिरकिटी, ग्राम खमरिया, सानी, ग्राम सिलरापुर, सचिव ग्राम कुल्छा खुर्द, लभारी, ग्राम नौसना ग्राम खिरकिटी, ग्राम खमरिया सानी, ग्राम सिलरापुर की एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उक्त कमेटी सीडीओ की अध्यक्षता में काम करेगी, एवं इस कमेटी की संयोजक एडीएम (प्रशासन) होंगी।

# योग दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** योग दिवस पर शनिवार को कस्बे में कई स्थानों पर योगा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें नेताओं के साथ ही अधिकारियों ने भी भाग लिया।

नगर के श्री कृष्ण इण्टर कालेज, ब्लॉक परिसर, लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में योग दिवस पर योगा कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, नगर पालिका परिषद पति नीरेंद्र सिंह राठौर, एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, सभासद राम प्रकाश गंगवार, मनोज दिवाकर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया।

योगा ट्रेनर शिक्षिका अनीता गंगवार ने सभी को योगा कराया। बाद में अनीता गंगवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत योग प्रशिक्षक ने यौगिक क्रियाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी देते हुए योगा प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया, जिसके अन्तर्गत सर्व प्रथम सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, भ्रामरी, पवनमुक्तासन, वज्रासन, हलासन, सर्वांगासन आदि कराये साथ ही साथ उनके लाभ भी बताये।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9456212547 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## एक नजर

### केसर इण्टरप्राइजेज में मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर इण्टरप्राइजेज में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फैक्ट्री के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विनय सिंह के निर्देशन में केसर मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर केसर कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारियों ने परिवार सहित योगाभ्यास किया। कम्पनी के मुख्य संचालन अधिकारी शरत मिश्रा ने भी स्वयं योगाभ्यास किया, और सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन की व्यस्तताओं के बावजूद अपने लिए प्रत्येक दिन 30 मिनट का समय अवश्य निकालकर योगाभ्यास करना चाहिए।

केसर के जीएम शरत मिश्रा ने कहा कि योगाभ्यास से हमें मानसिक और शारीरिक स्फूर्ति मिलेगी, और हम अपनी समस्त दिनचर्या को प्रभावी रूप से संपन्न कर सकेंगे। इस अवसर पर सभी ने योग के महत्व को समझा, और अपने जीवन में इसे अपनाने का संकल्प लिया।

### योग दिवस पर रामलीला मैदान में आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रामलीला मैदान में योग दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में योग शिक्षक सम्राट सिंह विजय अरोड़ा ने प्राणायाम, अनुलोम विलोम, वज्रासन, कपालभाति सहित अनेकों योग क्रियाएं आए हुए लोगों को करना सिखाए।



कार्यक्रम का उप जिलाधिकारी रत्निका श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर तहसीलदार सहित महेश शर्मा, सुनील रस्तोगी, राहुल गुप्ता, अरुण गंगवार, रामकुमार गंगवार, मेघ प्रकाश, सभासद दिनकर गुप्ता, ललित चंद्रा, जितेंद्र कुर्मी, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह भदोरिया, अतुल गर्ग, लाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

योग कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और योग के महत्व को समझा। योग शिक्षक ने लोगों को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम के बारे में जानकारी दी, और उन्हें नियमित योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

### युवती ने अभद्रता का लगाया आरोप, परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने अपनी किशोरी के साथ हो रही अभद्रता और जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पुलिस से की है। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के ही एक किशोर द्वारा रास्ते में उनकी 16 वर्षीय बेटी पर अभद्र टिप्पणी की जाती थी। परिजनों के अनुसार, बीते दिनों आरोपी किशोर अपने अन्य साथियों के साथ पीड़िता के घर के बाहर भी पहुंचा, और गाली गलौज व जान से मारने धमकी दी। घटना से परेशान परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों के बीच पूर्व में जान-पहचान थी। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है, आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है। जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

### गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बहेड़ी। गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. डा. हरिकेश सिंह के निर्देशन में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या का अनिवार्य अंग है।



योगाचार्य प्रतीक सिंह ने योगाभ्यास कराया, जिसमें ओउम् शब्द के उच्चारण से प्रारंभ करते हुए अनुलोम, विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, भ्रामरी, भुजंगासन, तांड़ासन, वृक्षआसन, शवासन, सिंहआसन, हलासन, अर्द्धमस्त्यआसन तथा सूर्य नमस्कार आदि योगाभ्यास कराया गया। योगाचार्य ने बताया कि इन आसनों के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, और शरीर स्फूर्तिमय और ऊर्जावान रहता है। योग के दौरान महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष चौ. नरेन्द्र सिंह ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में डा. सुनील कुमार ने सभी का स्वागत किया और कार्यक्रम के समापन पर डा. हरिनन्दन कुशवाहा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. सुरेखा पिपलानी, प्रो. शचीन्द्र मोहन शर्मा, डा. योगेन्द्र यादव, विनीत कुमार श्रीवास्तव, प्रेमवती, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में प्रेमसागर गंगवार, रवीन्द्र कुमार मौर्य, राजाग, निर्देश मौर्य और राजेश चन्द्रा आदि उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# पुलिस लाइन में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ योग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर स्थित पुलिस लाइन परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर विधायक आकाश सक्सेना, जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुभाष चन्द्र शर्मा, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।



इस अवसर पर विशाखापत्तमन में मा. प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि 21 जून अब न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए योग दिवस की पहचान बन चुका है। योग भारत की संस्कृति परम्परा और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मा.प्रधानमंत्री के संकल्प ने योग दिवस के रूप में 21 जून को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कार्यक्रम में योग के वैश्विक महत्व, इसके स्वास्थ्य लाभ और जीवन में संतुलन बनाए रखने में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। जनपद के नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुभाष चन्द्र शर्मा ने भी योग के महत्व के बारे में कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत और स्थिर बनाता है। उन्होंने सभी को योग को अपनी दिनचर्या मे सम्मिलित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति को विश्व में प्रचारित एवं प्रसारित करने और मानव मात्र के कल्याण के लिए इस दिवस के माध्यम से योग को विश्व में पुनः स्थापित किया है। योग अपने आप से जुड़ने का एक माध्यम है। एलोपैथिक सभी बीमारियों का इलाज नहीं है। प्रकृति के साथ जुड़ें और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि निरोगी काया के लिए योग अति आवश्यक है। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ और समृद्ध जीवन का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य जीवन में जब व्यक्ति बीमारियों से घिरता है, तो उस पर मानसिक और शारीरिक कष्ट के साथ-साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। योग एक ऐसा माध्यम है, जो न केवल इन बीमारियों से बचाव करता है, बल्कि व्यक्ति को मानसिक रूप से भी सशक्त बनाता है। योग को बचपन से ही सिखाया जाना चाहिए और इसका नित्य अभ्यास किया जाए तो व्यक्ति जीवन भर स्वस्थ और आत्मनिर्भर रह सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग जुड़ने की विधि है, इससे न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को अपने आप से जोड़ता है और जीवन के प्रति जागरूक बनाता है। योग दिवस के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास सत्र में भाग लिया और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

# किसान यूनियन ने शोषण के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और मक्का क्रय केन्द्रों पर किसानों के शोषण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करने के बाद तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रही उपजिलाधिकारी सदर मोनिका सिंह को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जहां एक और जिलाधिकारी रामपुर किसानों को मक्का की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और उनके प्रयासों से ही 15 जून से जिले में चार मक्का क्रय केंद्र चालू कर दिए गए हैं और मक्का खरीद के लिए न्यूनतम मानक भी तय कर दिए गए हैं। लेकिन मंडी समिति रामपुर में स्थापित क्रय केन्द्र पर बिचौलियों से मिलकर किसानों का जमकर शोषण किया जा रहा है।



मानक अनुरूप मक्का को खराब बताकर फेल किया जा रहा है जिसको किसी कीमत सहन नहीं किया जाएगा उन्होंने आगे कहा बगीचा आमना पहाड़ी गेट में 120 इंदिरा आवास बने हुए हैं जिसमें सैकड़ो परिवार निवास कर रहे हैं लेकिन यह आवास किसी भी व्यक्ति को आवंटित नहीं किए गए हैं और किस आवास में कौन रह रहा है किसी को नहीं पता उन्होंने आवासों में रह रहे सभी लोगों के आधार कार्ड थाना गंज और तहसील सदर में जमा कराने की मांग की। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में मुशाहिद हुसैन, रफीक अहमद, जाकिर अली, फरमान अहमद, जुनैद खान, इरफान, विनोद कुमार, दिनेश कुमार, अनिकेत आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शनिवार क्षेत्र के गांव नगर मंडल के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल छपरा गांव पर 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करवाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी रहे। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पर सा सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग कर योग दिवस मनाया इस दौरान स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ,मंडल महामंत्री अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, तरसेन सिंह पवित्र, राकेश कश्यप, हरि सिंह लोधी, लक्ष्मण प्रसाद, भानु प्रताप गंगवार, सुनील दिवाकर ,राजीव वर्मा विनेश कुमार मौर्य, जसवीर सागर ओम प्रकाश राणा ,ओमप्रकाश एडवोकेट ब्रज किशोर दिवाकर राम अवतार,रामचंद्र, निशांत लोधी आदि मौजूद रहे।

# नगला उदई में जन चौपाल का आयोजन

## प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी के साथ नहाल नदी का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** जनपद के नामित नोडल अधिकारी व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सुभाष चन्द्र शर्मा ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के साथ तहसील मिलक के ग्राम नगला उदई में स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इसके उपरांत ग्राम नगला उदई में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल में नोडल अधिकारी ने ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और नियमानुसार व गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित



लाभार्थीपरक योजनाओं किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना सहित राशन कार्ड,पेशन, ग्रामीण आवास व अन्य योजनाओं के बारे में ग्रामीणजनों से जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने कहा कि जिन पेंशन लाभार्थियों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण उन्हें पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनकी सुविधा के लिए बीडीओ, पंचायत सचिव के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर आधार को लिंक कराने का कार्य करें, जिससे लभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जा सके।

प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी के साथ तहसील मिलक स्थित नहाल नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को नहाल नदी की पटरी पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये और साथ ही यह भी निर्देशित किया कि भूमि पर किसी भी दशा में पुनः कब्जा न होने पाये। इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय लेखपाल सहित तहसीलदार की भी होगी।

इसके उपरांत प्रमुख सचिव ने सद्भावना मण्डप का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सद्भावना मंडप के शेष कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

# जीएनए में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** 11 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुरु नानक एकेडमी में प्रबंध समिति, विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा स्वस्थ समृद्ध व रोगमुक्त रहने का संकल्प लिया गया। विद्यालय प्रांगण में सभी ने मिलकर योगभ्यास किया। सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार तद्ध्पश्यात कपालभाति गीर्षासन व अन्य योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया। विद्यालय के चेयरमैन व उपाध्यक्ष विशेष शर्मा, रिजवान खाँ द्वारा बच्चों को योग को नियमित रूप से अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बताचायोग का नियमित अभ्यास शारीरिक ताकत सहनशक्ति को बढ़ाता है योग से स्मारी मांसपेशियां मजबूत होती है, उवसन और उदय संबंधी कार्य में सुधार होता है। विद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास द्वारा नकारात्मक तनाव को दूर करने का संदेश दिया गया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रसव के दौरान शिशु की मौत पर स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पताल किए सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों को सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी के के चाहल ने यह कार्रवाई की। सील किए गए अस्पतालों में अनजाना हॉस्पिटल और चांद अस्पताल शामिल हैं।अनजाना हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक शिशु की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने डॉ. फहीम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्वास्थ्य विभाग ने बिना पंजीकरण वाले अस्पतालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है।

विभाग का कहना है कि यह कार्रवाई मरीजों की सुरक्षा के लिए की जा रही है। इससे मरीजों को सही चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य विभाग आगे भी अस्पतालों की जांच करता रहेगा।



विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत अस्पतालों में ही इलाज कराएं। इलाज से पहले अस्पताल के पंजीकरण की जानकारी जरूर लें। नोडल अधिकारी के मुताबिक, सील किए गए दोनों अस्पताल पहले से ही बंद मिले।

# ईट भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी, हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** संभल से ईंट भरकर उत्तराखंड जा रही ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली मानपुर उत्तरी में मुरादाबाद नैनीताल मार्ग पर एक वाहन से साइड लेते समय खड्ड में जाकर पलट गई जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

शुक्रवार की दोपहर ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली संभल से चलकर मसवासी पहुंची थी मुरादाबाद तिराहे पर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर रोककर उत्तराखंड के शहर बाजपुर जाने के लिए राहगीरों से लोकेशन पूछी और वह ट्रैक्टर ट्राली लेकर चल दिया। मानपुर पहुंचने पर नैय्या नदी के पुल से पहले एक वाहन ने उसे ओवरटेक करने का प्रयास किया जैसे ही ट्रैक्टर चालक ने ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली को बचाने का प्रयास किया। ट्रैक्टर ट्राली के खड्ड में



जाकर पलट गया ट्रैक्टर चालक और कुछ मजदूर ट्रैक्टर से कूद कर अलग हो गए वरना गंभीर हादसा हो सकता था जेसीबी मशीन बुलाकर ट्रैक्टर ट्राली को खड्डे से बाहर निकल गया।

इस दौरान मार्ग पर रहागीरों की भीड़ भी जुट गई लेकिन किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## एक नजर

### गाली गलौज करने पर पुलिस ने शांति भंग में की कार्यवाही

**मुफीद हुसैन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के खरसोल गांव में घर में लगे दरवाजे की बात को लेकर हुई गाली गलौज जिस पर पुलिस ने राजू पुत्र महिपाल निवासी खारसोल थाना सैफनी जिला रामपुर को गिरफ्तार कर शांति भंग में कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार जसवीर पुत्र रामवीर सिंह निवासी खरसोल थाना सैफनी का आरोप है । कि पीड़ित के घर लगे दरवाजे को लेकर राजू और महिपाल ने गाली गलौज की विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए पीड़ित ने थाने में तहरीर दी तहरीर के आधार पर पुलिस ने द अभियुक्त का शांति भंग में चालान कर उपजिला मजिस्ट्रेट शाहबाद के समछ पेश किया।

### नफर वारंटी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी विजय सिंह पुत्र मुन्नालाल निवासी बिजार खाता को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 मनोज कुमार मिश्रा है0 का विकास कुमारआदि मौजूद रहे।

### किसान की जमीन की मेंढ़ तोड़कर जमीन पर किया कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर।** मानपुर उत्तरी में खाली पड़ी भूमि को पास पड़ोस के किसानों ने मेंढ़बंदी तोड़कर जमीन को जोत लिया जिससे किसान ने एसडीएम से पैमाइश की गुहार लगाई है और मेढ तोड़ने वाले पड़ोसी किसानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मानपुर उत्तरी में नैय्या नदी के निकट सफदर अली पुत्र अता हुसैन की कास्त की आराजी है। उक्त भूमि काफी दिनों से खाली पड़ी हुई है।

पड़ोसी किसान हरकिशन सिंह पुत्र मानसिंह, शाकिर पुत्र साबिर, मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शफी, शकील पुत्र मोहम्मद शफी आदि ने गाटा संख्या 384 क्षेत्रफल 698 पर मेंढ़ को तोड़कर खेत को अपनी भूमि में शामिल कर लिया है जिससे जमीन मौके पर अत्यंत कम हो गई है इस मामले की शिकायत स्वर एसडीएम से की गई है आप है कि लेखपाल ने मेंढ़बंदी को कायम करवाने से इनकार कर दिया है। किसान सफदर अली ने इस मामले में एसडीएम से भूमि की पैमाइश करने की गुहार लगाकर जमीन को दबंग किसानों से मुक्त करने की मांग की है।

### तालाब पर अतिक्रमण को लेकर डीएम ने तहसीलदार से जताई नाराजगी

**तहसीलदार को दो दिन के अन्दर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बिजारखाता में तालाब पर बनी आबादी को लेकर नाराजगी जताई है और तहसीलदार से दो दिन के अन्दर रिपोर्ट तलब की है जिससे तालाब पर कब्जा करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया है।

दो दिन पूर्व बिजारखाता में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर हटाए गए अतिक्रमण को देखने आए जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र के समक्ष कुछ ग्रामीणों ने जल निकासी को लेकर आ रही दिक्कतों पर ग्रामीणों ने तालाब पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया और तालाब मुक्त करने की मांग की जिसपर जिलाधिकारी ने स्वार तहसील प्रशासन से नाराजगी जाहिर की और तहसीलदार से दो दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। बताते हैं कि बिजारखाता आबादी में तालाब पाट कर कुछ लोगों ने मकान बना लिए हैं जिससे गांव की जल निकासी अबरूद्ध है और लोगों को बरसात के दिनों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

गांव के कुछ रास्तों पर जल निकासी के अभाव में पानी जमा हो जाता है और ग्रामीणों को आवागमन में दुश्वारियां का सामना करना पड़ता है जिलाधिकारी के इस निर्देश से तहसील प्रशासन में भी हड़कंप मचा हुआ है और तालाब पर अतिक्रमण करने वाले लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# टांडा के स्टेडियम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुरा।** टांडा में 21 जून 2025 को नगर पालिका परिषद टांडा के स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने योग किया और सभी ने शपथ ली कि वे प्रतिदिन योग करेंगे।

योग टीचर ने सभी को योग कराया। इस आयोजन में अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार अवर अभियंता अभिनेश तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी और समस्त नगर पालिका परिषद टांडा जनपद रामपुर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आयोजन बहुत सफलता पूर्वक रहा और सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया सभी ने योग के महत्व को समझा और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** शनिवार नगर पंचायत मसवासी का संविदा सफाई कर्मी के साथ मारपीट करने वाले नामजद व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारीयों ने उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व कोतवाली पर धरना प्रदर्शन किया।

इस मौके पर दीप सिंह राही ने कहा कि नगर पंचायत मसवासी में राजीव शर्मा संविदा सफाई कर्मी कार्यरत हैं। जिन पर नाजायज कार्य




कराने हेतु नगर निवासी अर्जुन गुप्ता जिन्हें सत्ताधारी संरक्षण प्राप्त है। आये दिन राजीव शर्मा पर दवाब बनानें लगे राजीव शर्मा द्वारा गैर कानूनी कार्य करने से मना करने पर अर्जुन गुप्ता ने उन्हें गालियां देकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दी। सफाई कर्मचारीयों की मांग है कि तुरन्त अर्जुन गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये अन्यथा सफाई व्यवस्था बन्द कर दी जाएगी।

धरना प्रदर्शन करने वालो में मुकेश वाल्मीकि, सोमपाल वाल्मीकि, राहुल, सरजीत वाल्मीकि, सर्वेश वाल्मीकि,राजू वाल्मीकि, प्रदीप राजहंस, सोनूवाल्मीकि, रावत वाल्मीकि, राहुल, विजय,राकेश, अमरनाथ, भागमल, अनिता, गीता, रेखा,नीतू, आदि मौजूद रहे।

# पटवाई थाने मस्जिद के पास सात दुकानें हुई ध्वस्त

■ शाहबाद-रामपुर रोड दरगाह मंदिर 6 दुकानें भी निशाने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई थाने मस्जिद के पास सात दुकानें शनिवार 12 बजे दो जे सी बी ओ से गिराकर ध्वस्त कर दी गई। इन सात दुकानों पर पहले ही प्रशासन ने लाल निशान लगा दिए थे और दुकानों को खुद ही हटाने तोड़ने के निर्देश भी दिए लेकिन दुकान संचालकों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। लेकिन शनिवार को पटवाई थाना प्रभारी संदीप मिश्रा मैं पुलिस बल के साथ साथ में तहसील



शाहबाद के नायब तहसीलदार लेखपाल की मौजूदगी में दुकानों को जेसीबी से तोड़ दिया गया। दुकान तोड़ने को लेकर महिलाओं ने विरोध भी किया। बल्कि महिलाओं की भीड़ में से पुलिस पर पत्थर बाजी भी की गई। पुलिस प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेते हुए हल्की-फुल्की शक्ति दिखाते हुए महिलाओं को डंडे से लताड़कर पीछे कर दिया। और सातों दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। पटवाई पर तैनात लेखपाल अनुभव वरिष्ठ ने बताया कि शनिवार को शाहबाद रामपुर रोड पर एक मजार उसके पास छह दुकानें और एक मंदिर पर निशान लगाए गए हैं।

# राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बताई योग की खूबियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. आर बी सिंह द्वारा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि पंकज कुमार गुप्ता योग को अपने जीवन का अंग बनाने के लिए प्रेरित किया।

योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक की भूमिका का निर्वहन डा. पुनीश कुमार द्वारा योग की महत्ता एवं संघर्षपूर्ण जीवन में योग को अपनी जीवन शैली में शामिल करने पर बल देते हुए स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को योग, व्यायाम एवं आसन का अभ्यास



कराया गया। इस दौरान डा. अश्वनी कुमार,चन्द्रशेखर, चन्दन विश्वकर्मा, धीरज कुमार, मो. फिरोज,सचिन कुमार, हाशिम रजा, धर्मेन्द्र कुमार, पूनम सैनी, मुनेश कुमार, फातिमा, नईम अख्तर आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक के बेटे के चालक की छत पर मिली लाश

## जहर खाने की आशंका, पुलिस ने कराया पीएम, फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सदर विधायक महबूब अली के बेटे के चालक का शव हाइवे स्थित एक मकान की छत पर पड़ा मिला। फारेंसिक टीम ने भी मौके पर सबूत जुटाये। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जबकि गृहक्लेश में चालक द्वारा जहर खाने की आशंका जतायी जा रही है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव खाता निवासी 35 वर्षीय प्रवीण पेशे से चालक था तथा सदर सीट से सपा विधायक महबूब अली के छोटे बेटे शाहनवाज अली की कार चलाता था। प्रवीण के परिवार में पत्नी कोमल के अलावा दो बेटे सुल्तान व गुरमीत हैं। वहीं, पत्नी हाईवे पर स्थित एक फर्म में नौकरी करती है। पुलिस के मुताबिक प्रवीण व उसकी पत्नी कोमल के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार को कोमल के मायके वाले खाता गांव आए थे। दोनों पक्षों में पंचायत हुई थी। इसके बाद प्रवीण घर से चला गया था। शाहनवाज अली कारोबार के सिलसिले में बाहर गए हुए थे लिहाजा प्रवीण दो दिन से ड्यूटी पर भी नहीं गया था। शुक्रवार को पंचायत के बाद घर से निकला प्रवीण रात को भी घर वापस नहीं पहुंचा। परेशान परिजनों ने मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो नंबर स्विच ऑफ मिला। तलाश के बीच शनिवार सुबह उसका शव हाईवे किनारे स्थित एक मकान की छत पर पड़ा मिला। यह मकान खाता गांव के ही रहने वाले चुम्मन लाल का है। चुम्मन लाल की हाईवे किनारे बजरी-सीमेंट की दुकान है। पास ही दूसरे मकान की छत पर खड़े ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो इसकी चुम्मन लाल को दी। रजबपुर व डिडौली पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में सीओ सिटी शक्ति सिंह भी आ गए। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा। मृतक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में घरेलू क्लेश के चलते प्रवीण के जहर खाने की आशंका जताई है। सीओ सिटी ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच व कार्रवाई की बात कही।



मंडी धनौरा। नगर पालिका में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते चेयरमैन व अन्य।

# पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में घायल युवती की मौत

## पीएम के बाद किया अन्तिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में घायल युवती ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पीएम के बाद परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया है। अब तक इस हादसे में यह पांचवीं मौत है।

जानकारी के मुताबिक बीती 16 जून को क्षेत्र के गांव अतरासी कलां के जंगल में एक खेत में संचालित पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया था। हादसे में रजबपुर निवासी रुखसाना, शहनाज के अलावा पपसरा निवासी प्रवेश व रूमा की मौके पर मौत हो गई थी जबकि एक युवक समेत आठ महिलाएं बुरी तरह झुलस गई थीं। धमाका इस कद्र जबरदस्त था कि फैक्ट्री के एक ब्लॉक के परखच्चे उड़ गए। दीवारें ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थीं। वहीं, धमाके की आवाज 300 मीटर दूर तक सुनाई दी थी। बारूद की चपेट में आकर झुलसने वाले लोगों में शहर के मोहल्ला मोतीनगर निवासी सगी बहन पूजा व मोना, यहीं का विशाल, पूजा व इंद्रवती, रजबपुर निवासी सलोनी व नाजरीन, पपसरा निवासी पूजा तथा सोनिया भी थीं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, मंगलवार को इस मामले में मृतका प्रवेश देवी के पति की तहरीर पर पुलिस ने फैक्ट्री स्वामी हापुड़ निवासी सैफर्रहमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वहीं, झुलसने वाली महिलाओं में चार का उपचार फिलहाल मेरठ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। मोतीनगर निवासी 20 वर्षीय मोना का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। गुरुवार को परिजन उसे घर ले आए थे। शनिवार सुबह मोना की हालत बिगड़ी तो परिजन फिर उसे लेकर जोया रोड स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया है।

# कोतवाली गेट पर दो पक्षों में धक्का-मुक्की

## छेड़छाड़ की शिकायत को पर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** आपसी विवाद को लेकर कोतवाली के गेट पर दो पक्ष भिड़ गये। धक्का मुक्की होने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया।

शनिवार की सुबह कोतवाली के गेट पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो रही थी। बताया जा रहा है कि एक विवाहिता के साथ गांव का युवक छेड़छाड़ करता है। महिला उसकी शिकायत करने के लिए कोतवाली आई थी। जहां पर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गये। एक पक्ष महिला को कोतवाली में शिकायत ना करें इसके लिए रोकना चाहता था। इस दौरान देखते ही देखते दोनों पक्षों की महिलाएं आपस में धक्का मुक्की करने लगी। दोनों पक्षों में कहा सुनी इतनी बढ़ गई की एक दूसरे के साथ मारपीट करने पर वह उतारू हो गये। शोर शराबा सुनकर भीतर से पुलिस भी कोतवाली गेट पर आ गई। उसके बाद पुलिस दोनों पक्षों के लोगों को कोतवाली में ले गई। इस दौरान दोनों पक्षों की महिलाओं में हो रही धक्का मुक्की को देखने के लिए काफी लोग जमा हो गये थे।

# योग करने से शरीर बनता निरोगी: प्रवीण

## योग दिवस पर दिखा गजब का उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के प्राचीन श्री राम जानकी बालाजी धाम मंदिर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, तहसीलदार मूसाराम थारू समेत अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, ताड़ासन, भुजंगासन, वृक्षासन जैसे अनेक योगाभ्यास किए। लोगों में योग के प्रति खासा उत्साह देखा गया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि "योग भारत की प्राचीनतम धरोहर है, जिसे महर्षि पतंजलि ने सुव्यवस्थित किया। यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी बनाए रखता है। हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।" तहसीलदार मूसाराम थारू ने भी योगाभ्यास में भाग लिया और कहा कि "स्वस्थ जीवन का आधार योग है। नियमित योग करने से जीवन में ऊर्जा, संतुलन और सकारात्मकता आती है। योग न सिर्फ एक अभ्यास है, बल्कि यह जीवन का एक दर्शन भी है। सरकार की पहल से आज घर-घर योग पहुंचा है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है।" कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन, व्यापारी वर्ग और स्थानीय नागरिकों की भी भागीदारी रही। योग दिवस को लेकर पूरे नगर में सकारात्मक माहौल और जागरूकता का संदेश देखने को मिला। यहां नायब तहसीलदार राजपाल सिंह, पालिका ईओ अवधेश कुमार वर्मा, नगर स्वछता प्रेरक सिम्मी अग्रवाल, एसडीएम पेशगार श्याम सिंह, लेखाकार सोनू पिवाल, रामेन्द्र यादव, आरती शर्मा, सोनिया अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# फोटोग्राफर व साथी को दबंगों ने घेरकर पीटा

## चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** वीडियोग्राफी कर संभल से घर लौट रहे फोटोग्राफर और उसके साथी को रास्ते में घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों की बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना डिडौली क्षेत्र में 20 जून की रात गांव श्यामपुर के पास की है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी शुऐब पेशे से फोटोग्राफर है तथा शादी समारोह में वीडियोग्राफी भी करता है। घटना वाले दिन वह रात में करीब ढाई बजे अपने साथी साहिल के साथ संभल में एक वीडियो शूट कर घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव श्यामपुर में आंगनवाड़ी केंद्र के सामने से गुजरते समय पहले से घात लगाए बैठे चार लोगों ने दोनों को घेरकर रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए शुऐब व साहिल के साथ मारपीट की तथा बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में दोनों गंभीर घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी जाहिद, वाहिद, खालिद व नाजिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पालिका में धूमधाम से मना योग दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर पालिका परिषद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में शनिवार को 11 वां विश्व योग दिवस शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका में लगे शिविर का अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने शुभारंभ किया। इस दौरान शिविर में पहुंचे भारी संख्या में लोगों ने योग किया। इस मौके पर योग आचार्य सुमित त्यागी द्वारा नगर पालिका तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में में लगे योग शिविर में सभी लोगों को योग कराया गया। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। योग शिविर के




दौरान आचार्य सुमित त्यागी ने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाये रखने में मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है। और बेहतर नींद लाता है। भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव मरोड़ जैसी कई क्रियाएं होती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि मनुष्य के जीवन की आकुलता, कलुषता, पीड़ा, चिंता,तनाव, आदि को खत्म कर संपूर्ण स्वास्थ्य की प्राप्ति योग का मुख्य उद्देश्य है। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि योग करने से शरीर की थकान, रोग मुक्त शरीर,वजन पर काबू पाया जा सकता है। इसके अलावा योग दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय पतेई खादर में भी शिक्षकों ने योग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह, दिनेश बाबू,करन सिंह, मनी, शारिक, अरशद,संजय शर्मा, अतुल गर्ग,पवन राज जाटव आदि मौजूद रहे। रामसरन सुशीला आनंद हाई के स्कूल में भी योग दिवस पर योगासन किये गये। विद्यालय के अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने बताया कि योग करने वाले बीमारियों से दूर हो जाते हैं। दौरान उन्होंने विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसरवाद सुशील चंद्र सक्सेना राहुल शर्मा प्रधानाचार्य निशांत त्यागी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मोहर्रम पर नई परम्परा न डालें

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एसडीएम सुनीता सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर ऐसी कोई परम्परा न डालें जिससे किसी दूसरे सम्प्रदाय को ऐतराज हो। शनिवार को थाना परिसर में आयोजित बैठक में एसडीएम सुनीता सिंह व सीओ अवधभान भदौरिया ने आगामी मोहर्रम में किसी भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं करने पर जोर दिया। इसके साथ ही अफसरों ने नगर पंचायत, स्वास्थ्य व बिजली विभाग से संबंधित तैयारियों की बाबत आयोजकों से बातचीत की। समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। कहा कि दूसरे धर्मो के लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखें, कहीं भी किसी तरह की विवाद की स्थिति बननी नहीं चाहिए। वहीं, एसडीएम ने कहा कि तबर्रुक( प्रसाद) के रूप में बांटी जाने वाली चीजों की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। बाजार से कोई भी चीज खरीदने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट जरूर देख लें, इस ओर जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

### फाल्गुनी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की



**सैदनगली।** फाल्गुनी कश्यप ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी कालेज में जगह बनायी है। कस्बे के रहने वाले नरेश कश्यप की पुत्री फाल्गुनी कश्यप ने नीट परीक्षा में अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। जिस कारण उसे सरकारी कालेज में जगह मिली है। उनकी इस कामयाबी पर परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### अमर सिंह कॉलेज में किया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अमर सिंह डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक अशोक सैनी और प्राचार्य डॉ. अशोक कटारिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रबंधक अशोक सैनी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न आसनों और प्राणायामों की जानकारी दी और उन्हें योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से तनाव, थकान, और रोगों को दूर रखा जा सकता है। कार्यक्रम में मुशर्रफ खां, डॉ. रूपा, निसार अहमद, अवनीश कुमार, समरपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, निशिन सैनी, अर्शी, नेहा, खुशवेंद्र आदि की उपस्थिति रहीं।

# मन की शांति व स्वस्थ शरीर को योग जरूरी: मलिक

## शरीर को निरोगी बनाने के लिए प्रतिदिन करें योग: प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मन की शांति व शरीर को निरोगी बनाने के लिये योग बेहद जरूरी है। इससे बड़ी से बड़ी बीमारियों को इलाज किया जा सकता है। सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिये। जिससे शरीर स्वस्थ रहे।

अर्न्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने कहा कि आज लोग भागदौड़ भरी जिंदगी में अपनी सेहत के प्रति बेहद लापरवाह हो गये है। यही कारण है कि उनमें तरह-तरह की बीमारियां पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा तब तक हम विकास नहीं कर सकते। उन्होंने लोगों का आह्वान करते कहा कि वह प्रतिदिन समय निकाल कर कुछ समय के लिये योग करें। कुछ ही दिन में शरीर में परिवर्तन नजर आने लगेगा। इससे शरीर भी स्वस्थ रहेगा जबकि विकास के रास्ते में आने वाली बाधाएं भी दूर होंगे। नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद ने कहा कि प्राचीन काल में लोग योग का सहारा लेकर स्वस्थ रहते थे। वह कई-कई दिन ध्यान लगाकर बैठे रहते थे। यहीं उनकी लम्बी उम्र का राज था। लेकिन आज के दौर में हमारी जीवन शैली एकदम बदल गई है। हर समय काम का तनाव दिमाग में रहता है। इससे बचने के लिये योग करना बेहद जरूरी है। हमें खुद तो योग करना ही चाहिये बल्कि इसके लिये दूसरों को भी प्रेरित करें। एक स्वस्थ्य समाज ही तरक्की के रास्ते पर चलता है। यदि हमारा शरीर ही हमारा साथ नहीं देगा तो हम विकास के मार्ग पर काफी पीछे चले जायेंगे। इस लिये तरक्की के लिये हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि योग के माध्यम से अपना शरीर स्वस्थ रखे। धनौरा विधायक राजीव तरारा ने कहा कि इस समय लोगों का जीवन इतना व्यस्त हो गया है कि उन्हें न तो खाने की चिंता रहती है तथा न ही अपनी सेहत की। जिस कारण शरीर लगातार रोगी होती जा रहा है। इससे बचने के लिये योग का सहारा लें। कुछ ही समय में हमारे शरीर में बदलाव आने शुरू हो जायेंगे। शरीर की थकावट दूर करने के लिये योग आज की जरूरत बन गया है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि हम सभी को प्रण लेना चाहिये कि समय निकालकर प्रतिदिन योग करेंगे। इसके लिये अपने साथ पड़ौसियों को भी प्रेरित करने का काम करें। ताकि समाज में एक निरोगी काया स्थापित की जा सके। उन्होंने कहा कि बड़ों के साथ बच्चों को भी शुरू से ही इसके प्रति जागरूक किया जाये। योगाभ्यास में विभिन्न योग क्रियाएं भी कराई गई। इस दौरान सरकारी कर्मचारी व आम लोग ने भी योग किया।

# लाखों के गांजा समेत दो तस्कर गिरफ्तार

## दिल्ली करने जा रहे थे माल की सप्लाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सैदनगली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की टीम ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर 78 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत लाखों रूपये बतायी जा रही है।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने घटना का खुलासा करते बताया कि मुखबिर से सैदनगली पुलिस को सूचना मिली कि बाइक पर सवार दो लोग कट्टों में नशीला पदार्थ लेकर सप्लाई करने जा रहे हैं। एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा नखासा पुलिस के साथ घेराबंदी कर एक बाइक पर सवार फरासीन पुत्र उसमान निवासी गांव डींगरपुर, बिलाल पुत्र इकराम हुसैन निवासी गांव असदपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो कट्टों में नशीला पदार्थ बरामद हुआ। जब दोनों से पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि वह उक्त गांजा को दिल्ली ले जाकर बेचने की फिराक में थे। तीन माह पूर्व उन्होंने इसे मेराज आलम पुत्र अकरम निवासी गांव मुरेठ जिला मुरादाबाद से खरीदा था। वह झारखंड से माल लेकर आता है। पकड़ने वाली टीम में एसओ सैदनगली दिनेश कुमार, कांस्टेबिल हिलाल खान, गौरव तोमर, अंकित मलिक, व एसओजी सर्विलांस टीम में प्रभारी सर्विलांस विजेन्द्र मलिक, एसओजी प्रभारी विकास सहरावत, कांस्टेबिल गौरव शर्मा, वाजिद अली, अरविंद शर्मा, अंकुर मौजूद रहे।

# दूसरे पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

## हिन्दू संगठनों के दबाव में हुआ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दौलतपुर गांव में भड़की हिंसा के मामले में दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। तीसरे दिन शनिवार को मुख्य आरोपी महेंद्र की पत्नी नन्ही की तहरीर पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने प्रकरण में अपनी जांच भी शुरू कर दी है। वहीं, पहले मुकदमे में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि बुधवार को दौलतपुर गांव में बाइक व कार में हुई टक्कर के मामूली विवाद में जमकर बवाल हुआ था। गुस्साई युवकों की भीड़ ने कारोबारी इब्ने हसन के घर पर धावा बोल दिया था। करीब 15 मिनट तक जमकर उपद्रव मचाया था। घर व कारखाने में आग लगाने वाले आरोपियों पर लूटपाट करने का भी आरोप था। हमले में सात लोग घायल हुए थे। बमुश्किल बिगड़ते हालात संभालने वाली पुलिस ने मामले में इब्ने हसन के बेटे मुस्तकीम की तहरीर पर महेंद्र सिंह समेत 19 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। वहीं, घटना के बाद महेंद्र सिंह पक्ष की तरफ से महिलाएं व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पर धरना देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। महेंद्र की पत्नी नन्ही देवी ने तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में नन्हीं देवी की तहरीर पर इब्ने हसन, इस्तेकार, मुस्तकीम, जुनैद, गुलफाम व जावेद के खिलाफ बाइक व कार की टक्कर के बाद मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की जांच कर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी



अमरोहा। मिनी स्टेडियम में योगाभ्यास में शामिल नागरिक व अधिकारी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** आए दिन सांडों का हमला दिन पर दिन बढता ही जा रहा है। इन आवारा सांडों की वजह से कहीं ना कहीं दुर्घटनाए हो रही है। लेकिन फिर भी अधिकारी इन आवारा सांडों को पकड़ने को तैयार नहीं है। आज दोपहर भी सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना आदमपुर क्षेत्र गांव सिमथला निवासी अरस पुत्र रईस रोज की तरह आज भी रहरा में अपनी बाइक से दुकान पर आ रहा था। जैसे ही बह श्यामगढ़ी के निकट पहुंचा तो उसकी बाइक के सामने अचानक आवारा सांड आ गया। उसे बचाने के चक्कर में वह बाइक से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे रहरा के निजि चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है

# कार की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो

## चालक समेत कई सवारी घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जोया रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार यात्रियों को मामूली चोट आई जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर बंबूगढ़ चौकी परिसर में खड़ा करा दिया। मामले में कार नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शहर के मोहल्ला बसावन गंज निवासी मोहम्मद शमीम पेशे से चालक है तथा ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। गुरुवार दोपहर में वह जोया रोड से सवारियां बैठाकर शहर की तरफ आ रहा था। पुलिस के मुताबिक बंबूगढ़ के पास तेज रफ्तार एक कार ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसके बाद ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ऑटो रिक्शा में सवार यात्रियों के अलावा शमीम गंभीर रूप से घायल हो गया। चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में घायल रिक्शा चालक शमीम को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। मामले में कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# नीरज ने पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीता

● **नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88.16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ दिया**



**पेरिस, वार्ता।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 88-16 मीटर का थ्रो किया और जर्मनी के जूलियन वेबर को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया। नीरज ने बताया कि वह डायमंड लीग में 90 मीटर के पार फेंकने की को. शिश में थे, लेकिन रन-अप तेज हो जाने के कारण वह अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख पाए। उन्होने ओलंपिक्स डॉट काम से कहा कि मैं आज 90 मीटर से ज्यादा की उम्मीद कर रहा था, लेकिन रन-अप बहुत तेज था और मैं कंट्रोल नहीं कर सका। फिर भी डायमंड लीग जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि काफी समय बाद खिताब हासिल हुआ है। इससे पहले नीरज ने मई में दोहा डायमंड लीग में 90-23 मीटर का थ्रो कर न केवल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ दूरी फेंकी थी, बल्कि भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा था। हालांकि उस प्रतियोगिता में जूलियन वेबर ने 91-06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर उन्हें दूसरे स्थान पर धकेल दिया था। नीरज इस सीजन में चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर जान जेलेजनी के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं। जेलेजनी ने अपने करियर में 90 मीटर की दूरी 50 से अधिक बार पार की है और 1996 में 98.48 मीटर का भाला फेंक विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो आज भी कायम है। नीरज ने कहा कि हम तकनीकों पर काम कर रहे हैं और उनके साथ ट्रेनिंग करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। अगर मैं जान के साथ ट्रेनिंग कर रहा हूं, तो 90 मीटर पार करना जरूरी है। उन्होंने यह कई बार कर दिखाया है। पूर्व कोच क्लाउस बार्टोनेट्ज के साथ नीरज ने छह बार 89 मीटर के करीब थ्रो किया था, लेकिन 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू पाए थे। अब जब उनसे पूछा गया कि क्या जान जेलेजनी का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके निशाने पर है, तो नीरज ने मुस्कराते हुए कहा कि पहले मुझे उनके कुछ छोटे रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। पेरिस का स्टेडियम रिकॉर्ड 91. 40 मीटर भी उनके नाम है।

मैंने आज महसूस किया कि थ्रो अच्छा था, लेकिन उन्हें पीछे छोड़ना वाकई मुश्किल है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वो 98 मीटर फेंक चुके हैं और 90 मीटर से ऊपर तो न जाने कितनी बार। शायद जब मैं 95 मीटर तक पहुंच जाऊं, तब कुछ कहने लायक बनूं। अभी के लिए मुझे बस मेहनत करते रहना है। इस सीजन में नीरज चोपड़ा की तैयारी का खास मकसद वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप है, जो सितंबर में टोक्यो में होगी। यही स्टेडियम है जहां नीरज ने 2021 ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड चैंपियनशिप है। टोक्यो का स्टेडियम मेरे लिए खास है क्योंकि वहीं मैंने ओलंपिक गोल्ड जीता था। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। पिछली बार 2023 में बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए पहली बार इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था। नीरज ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मेरा लक्ष्य गोल्ड है।

# प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में गुकेश से आगे रूटॉप

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेस ग्रैंड मास्टर रमेश बाबू प्रज्ञानंदा एफआईडीई लाइव चेस रेटिंग में टॉप-5 में पहुंच गए हैं। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश से आगे निकल गए हैं। गुकेश छठे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंदा का लाइव चेस रेटिंग 2777.2 तक पहुंच गया, जो गुकेश के 2776.6 से थोड़ा आगे है। प्रज्ञानंदा इस समय उज्बेकिस्तान शतरंज महासंघ की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित उजचेस कप मास्टर्स में हिस्सा ले रहे हैं।

पहले राउंड में ड्रा के बाद,प्रज्ञानंदा ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के शम्सिद्दीन वोखिदोव को सफेद मोहरों से हराया। वह वर्तमान में 1.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टाप पर हैं। एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय एफआईडरई लाइव चेस रेटिंग में टाप-10 में तीन भारतीय रह गए हैं। इससे पहले पिछली बार जारी रेटिंग में टॉप-10 में चार भारतीय थे। जिनमें प्रज्ञानंदा, गुकेश, अर्जुन व अरविंद चिदंबरम शामिल थे। अरविंद ने आर्मेनिया में आयोजित 6वें स्टीफन अवाग्यान मेमोरियल में खिताब जीता था। 20 जून को जारी रेटिंग में अर्जुन और अरविंद चिंतबरम को नुकसान हुआ है। अर्जुन तीसरे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनका रेटिंग 2780.7 रह गया है। वहीं, अरविंद टॉप-10 से बाहर हो कर 15 पर पहुंच गए हैं।

**खेल विशेष**

## इंग्लैंड के गेंदबाजी के फैसले पर दो दिग्गज भिड़े

**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स के हेडिंग्ले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। अब इसकी खूब आलोचना हो रही है। इंग्लैंड से जुड़े दो दिग्गज ही आपस में भिड़ गए हैं। इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान माइकल वान और मौजूदा इंग्लैंड टीम के गेंदबाजी सलाहकार टिम साउदी का इस मामले को लेकर बयान सामना आया है। वान ने पहले गेंदबाजी के फैसले की आलोचना की है, तो वहीं साउदी ने फैसले का बचाव किया है। पूर्व कप्तान माइकल वान हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं। वान ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, श्मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं। इंग्लैंड की मौजूदा टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। स्टोक्स को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरूनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा। स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने ज्यादातर टेस्ट में पहले फील्डिंग करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकार्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले फील्डिंग करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वान इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का मौजूदा स्थिति में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता।

# शतक से दौरे की शुरुआत यादगार क्षण: जायसवाल

● **यशस्वी ने गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल और तैयारी को दिया श्रेय**



**लीड्स, वार्ता।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में अपने पहले टेस्ट शतक को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग का हिस्सा बताया और हेडिंग्ले में यादगार प्रदर्शन के लिए गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम के माहौल, नेतृत्व और तैयारी को श्रेय दिया। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड में पदार्पण शतक लगाने वाले जायसवाल ने कहा कि इस तरह से दौरे की शुरुआत करना एक विशेष क्षण था। उन्होने कप्तान शुभमन गिल के साथ सौहार्द की प्रशंसा की, जिन्होंने भी शतक बनाया। दिन के खेल की समाप्ति पर जायसवाल ने कहा कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने, कड़ी मेहनत करने और देश के लिए प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे हैं। टीम का माहौल शानदार रहा है। हमें अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आज़ादी दी गई है और इससे वाकई मदद मिली है। अपनी तैयारी के बारे में जायसवाल ने बताया कि गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में बेंगलुरु में इंडिया ए के लिए खेलना बहुत महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ गहन सत्र और बहुत सारी तकनीकी चर्चायें थीं। गौतम सर बहुत सहायक थे। मुझे कड़ी मेहनत करने में मज़ा आया और इससे मुझे यहां आने का आत्मविश्वास मिला। पारी के दौरान ऐंठन का अनुभव करने के बावजूद, जायसवाल ने कहा कि वह स्थिति को संभालने और गेंदबाजी चुनौतियों के अनुकूल होने पर केंद्रित रहे। उन्होंने कहा कि खेल के दौरान ऐसे क्षण भी आये जब मुझे धीमा होना पड़ा, फ़ील्ड प्लेसमेंट का आकलन करना पड़ा और उसके अनुसार खेलना पड़ा। टीम की ज़रूरतों के हिसाब से बल्लेबाज़ी करना महत्वपूर्ण था। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दोनों में शतक बनाने पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मैं जहां भी जाता हूँ और जब भी खेलता हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा बड़ा स्कोर बनाना होता है। मुझे शतक बनाने में मज़ा आता है और मुझे वह एहसास बहुत पसंद है। बेशक, कुछ पल बहुत खास होते हैं। इंग्लैंड में डेब्यू शतक, खासकर जब हमारे कप्तान शुभमन ने भी शतक बनाया। यह इसे और भी यादगार बना देता है। किसी भी चीज़ का पहला प्रदर्शन हमेशा खास होता है और भारतीय क्रिकेट के लिए ऐसे मंच पर ऐसा करना कुछ ऐसा है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। उन्होंने कहा कि हम सत्र दर सत्र खेलना चाहते थे, ढीली गेंदों को दंडित करना चाहते थे और स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाना चाहते थे। हमने वास्तव में एक साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। जायसवाल ने कहा कि मैंने बस खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देने की कोशिश की। मैंने अपने खेल और मान. सिकता पर ध्यान केंद्रित किया। प्रारूप से ज्यादा तैयारी मायने रखती थी। हमें खेल का लुत्फ़ उठाने और खुलकर खेलने के लिए कहा गया है। ड्रेसिंग रूम से मिलने वाला यह आत्मविश्वास बहुत मदद करता है।

# भारत की युवा ब्रिगेड ने पहले दिन इंग्लैंड को किया निराश: टिम साउथी

● **कहा: जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन के सयंम ने इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया**



**लीड्स, वार्ता।** इंग्लैंड टीम के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने कहा कि टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला कप्तान बेन स्टोक्स ने परिस्थितियों को देख कर लिया था मगर भारत की युवा ब्रिगेड ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से उनके गेंदबाजों को अब तक निराश किया है।

मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में साउथी ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड को उम्मीद थी कि खेल के पहले सत्र में पिच गेंदबाजों को मदद करेगी और शुरुआती विकेट निकाल कर मेहमान टीम पर दवाब बनाया जा सकता है मगर यशस्वी जायसवाल के साहस और कप्तान शुभमन गिल के संयम ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गौरतलब है कि हेडिंग्ले की सूखी पिच पर भारत ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट खोकर 359 रन बनाये थे जिसमें यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (127 नाबाद) के शानदार शतक शामिल है। उधर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पहले क्षेत्ररक्षण के फैसले पर हैरानगी जतायी है। उन्होने कहा कि लीड्स में मौसम शुष्क था और धूप खिली हुयी थी। ऐसी परिस्थितियों बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं। वैसे भी इंग्लैंड का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। साउथी ने कहा कि जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही

# काले मोजे में मैदान पर उतरे शुभमन गिल

● **भारतीय कप्तान की यह चूक उन पर पड़ सकती है भारी, आईसीसी उठा सकता है सख्त कदम**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में शुरू हुए टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल काले मोजे में मैदान पर उतरे, जो कि आईसीसी के नियमों का उल्लंघन है। गिल ने शुक्रवार को लीड्स के पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की थी और टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा। वह 127 रन बनाकर नाबाद हैं। बतौर कप्तान टेस्ट डेब्यू पर शतक लगाने वाले वह छठे भारतीय बने। यह एशिया के बाहर भी उनका पहला शतक रहा। गिल के अलावा ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, साई सुदर्शन खाता नहीं खोल सके, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। अपनी कप्तानी में शानदार शुरुआत के बावजूद, गिल को आईसीसी के कपड़ों के नियमों के उल्लंघन के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। संभावित उल्लंघन उनके पहले दिन की पारी के दौरान काले मोजे पहनने के कारण हो सकता है। आईसीसी के वस्त्र और उपकरण नियमों के खंड 19.45 के मुताबिक, खिलाड़ियों को केवल सफेद, क्रीम या हल्के ग्रे रंगों के मोजे पहनने की अनुमति है। यह नियम मई 2023 में लागू हुआ था। वनडे में भी इन्हीं तीन रंगों की अनुमति है।

## भारत के खिलाफ 5वें टेस्ट तक फिट हो पाएंगे मार्क वुड

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चौंपियंस ट्राफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा कि रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं। मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है।

**लीड्स में टीम इंडिया के प्रदर्शन से तेंदुलकर बेहद खुश**

# मुझे 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई: सचिन



● **टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ**

**लीड्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए।

इसके अलावा उपकप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 65) ने अर्धशतक लगाया, जबकि केएल राहुल ने 42 रन की पारी खेली। भारत की बल्लेबाजी देखकर महान सचिन तेंदुलकर भी बेहद खुश हुए। उन्होंने इस युवा और नए टीम इंडिया की तारीफ की है। सचिन ने कहा कि उन्हें भारत की बल्लेबाजी देखकर 2002 के हेडिंग्ले टेस्ट की याद आ गई। साथ ही उन्होंने सवाल भी पूछा कि उस टेस्ट की तरह मौजूदा मुकाबले में भारत का तीसरा शतकवीर कौन होगा? इस पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मजेदार जवाब आया और उन्होंने कहा कि इस बार तीन नहीं चार शतक लगेंगे। दरअसल, भारत की बल्लेबाजी देखकर सचिन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया कि केएल राहुल और यशस्वी जायसवार द्वारा रखी गई ठोस नींव ने भारत को पहले दिन अच्छा स्कोर बनाने में सक्षम बनाया। यशस्वी और शुभमन गिल को उनके शानदार शतकों के लिए बधाई। ऋषभ पंत का योगदान टीम के लिए उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत की बल्लेबाजी ने मुझे 2002 में हेडिंग्ले टेस्ट की याद दिला दी, जब राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली और मैंने पहली पारी में शतक बनाए थे और हम टेस्ट जीत गए थे। यशस्वी और शुभमन ने अपना काम कर दिया है। इस बार तीसरा शतक कौन लगाएगा?श इस पर गांगुली ने जवाब दिया और लिखा, शहाय चौंप! इस बार तीन नहीं चार शतक हो सकते हैं। सतह बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। अब पंत और शायद करुण शतक लगा सकते हैं। 2002 में पहले दिन की सतह इससे थोड़ी अलग थी। इस कमेंट पर सचिन ने फिर जवाब दिया और फिंगर्स क्रास्ड का इमोजी बनाया। वहीं, भारत के दिग्गज आलराउंडर युवराज सिंह ने भी गिल की तारीफ की। युवी ने लिखा कि कुछ चीजें आपके सितारों में साफ लिखी होती हैं। टेस्ट कप्तान के तौर पर पहले शतक और वह भी विदेशी धरती पर... इसके लिए गिल को बधाई।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी**

# भारत के 471 रन, इंग्लैंड एक विकेट पर 89 रन

● **गिल ने 147, पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेली**

**लीड्स, वार्ता।** भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्राफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर आलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 89 रन बना लिए हैं। बेन डकेट और ओली पोप नाबाद हैं। दोनों फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके हैं।

जैक क्राली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था।

इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। 15वें ओवर में ओली पाप को अंपायर्स काल पर आउट होने से बचे। सिराज की बाल पाप के पैड पर लगी, लेकिन फील्ड अंपायर ने अपील नकार दी। यहां भारतीय कप्तान गिल ने डीआरएस लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप के ऊपरी हिस्से पर लगने वाली थी, लेकिन पाप अंपायर काल के कारण आउट होने से बचे। ओली पाप ने 12वां ओवर डाल रहे प्रसिद्ध कृष्णा की बाल पर लगातार दो चौके मारे। उन्होंने 5वीं और छठी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इसी ओवर में बेन डकेट और ओली पाप ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की। 7वें ओवर में बेन डकेट को दूसरा जीवनदान मिला।

बुमराह के ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा से बैकवर्ड पाइंट्स पर डकेट का कैच ड्राप हुआ। इससे पहले 5वां ओवर डाल रहे बुमराह की 5वीं बाल यशस्वी जायसवाल से कैच ड्राप हो गया था। बेन डकेट और ओली पाप की जोड़ी इंग्लैंड को दबाव से निकालने की कोशिश कर रही है।

# वोंद्रोसोवा बर्लिन ओपन के फाइनल में

● **मार्केटा ने बेलारूस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हराया**



**बर्लिन, वार्ता।** छठी वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रौसोवा ने शनिवार को बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारुस की एरिना सबालेंका को 6-2, 6-4 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

स्टेफी ग्राफ स्टेडियम में वोंद्रौसोवा ने शुरु से आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पहलला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में 27 वर्षीय सबालेंका ने वापसी का प्रयास किया मगर वोंद्रौसोवा के आगे उनकी नहीं चली और उन्होने आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले सबालेंका ने शुक्रवार को एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया था। वोंद्रौसोवा ने अब तक दो एकल खिताब अपने नाम किये जीते हैं, जिसमें 2023 विंबलडन चैंपियनशिप भी शामिल है। वह लवबलडन महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपिनशिप के शुभंकर 'विराज' का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने विश्व पैराएथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया। इस अवसर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज्बे और जुझारूपन का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में पीएम के नेतृत्व में खेल जगत में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को दी गई विश्वस्तरीय सुविधाओं और सम्मान ने भारत को पैरा गेम्स में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## ऑपरेशन सिंधु



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से लाए गए भारतीय नागरिक दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे।

# शहबाज सरकार पर फूटा जनता का गुस्सा

## ट्रम्प के लिए नोबेल की सिफारिश करने पर भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंकाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इस कदम ने न केवल भू-राजनीतिक विशेषज्ञों को चौंका दिया है, बल्कि खुद पाकिस्तान के लोग और नेता भी इससे हैरान हैं।

कई पाकिस्तानी सामाजिक कार्यकर्ताओं और लेखकों ने सरकार के इस फैसले की आलोचना की है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश पर इस फैसले की आलोचना हो रही है। पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इसलिए नामित किया है, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान 'निर्णायक कूटनीतिक दखल' दिया। हालांकि, भारत पहले ही कई बार स्पष्ट कर चुका है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय जो



**खुद पाक के लोग और नेता भी इससे हैरान डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा में हो रहे 'नरसंहार' और ईरान पर इजरायल के हमले का समर्थन किया था**

संघर्षविराम हुआ, वह दोनों देशों के बीच सीधे संवाद से हुआ था-न कि किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से। पत्रकार और लेखक जाहिद हुसैन ने कहा कि यह निराशानजक है कि सरकार ने ऐसे व्यक्ति के लिए नोबेल पुरस्कार की सिफारिश की है, जिसने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया था और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। हुसैन ने एक्स पर कहा, ट्रम्प ने ईरान पर इस्राइल के हमले को उत्कृष्ट (एक्सीलेंट) बताया है और पाकिस्तान सरकार ने उनके लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश की है। पाकिस्तान सरकार का यह कदम बहुत निराशाजनक है। इस व्यक्ति ने गाजा में नरसंहार करने वाले युद्ध का समर्थन किया है और ईरान पर आक्रमण करने की योजना बना रहा है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने कहा, नीति में चापलूसी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यह सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण कदम है। यह निर्णय पाकिस्तान की जनता की भावना को नहीं दर्शाता। लोधी ने एक्स पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की सिफारिश कर रही है। एक ऐसा व्यक्ति जिसने गाजा में इजरायल के नरसंहार वाले युद्ध का समर्थन किया है। यह कदम पाकिस्तानी आवाम के विचारों को नहीं दर्शाता है। पाकिस्तान की ओर से यह घोषणा तब की गई है, जब कुछ दिन पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मेजबानी की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पहले कहा था कि ट्रम्प ने मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया है, क्योंकि सेना प्रमुख ने वादा किया है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु युद्ध रोकने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करेंगे। इस पर कई पाकिस्तानी कार्यकर्ताओं ने सरकार को कठपुतली बताया और कहा कि इस सरकार में बिल्कुल भी आत्म-सम्मान नहीं बचा है। एक कार्यकर्ता रिदा राशिद ने एक्स पर कहा, गाजा में नरसंहार ट्रम्प की वजह से चल रहा है।

## मध्यस्थता के लिए अमेरिका पर भरोसा नहीं: अराग्ची

# इजरायल से शांति वार्ता पर ईरान की दो टूक

**तेहरान/जिनेवा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि उनके देश को ये यकीन नहीं है कि वो इजरायल के साथ शांति वार्ता में मध्यस्थता करने के लिए अमेरिका पर भरोसा करे या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समझौता वार्ता ईरान पर इजरायली हमले को 'कवर' करने के लिए थी। अराग्ची ने एनबीसी न्यूज के साथ साक्षात्कार में अमेरिका पर 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को 'समझौता वार्ता में समाधान निकले इसके प्रति अपना दृढ़ संकल्प दिखाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि अमेरिका की समझौता वार्ता वास्तव में इजरायल द्वारा किए गए हमलों के समर्थन के लिए थी। 'हमें नहीं पता कि हम अब अमेरिका पर कैसे भरोसा कर सकते हैं।' इजरायल ने हाल ही में ईरान पर कई हवाई हमले किए जिसमें देश के सबसे बड़े परमाणु स्थल इस्फ़हान परमाणु अनुसंधान परिसर को निशाना बनाया गया। ईरानी अधिकारियों ने पुष्टि की कि कुछ बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई खतरनाक रिसाव नहीं हुआ। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कथित तौर पर ईरान के क़ोम प्रांत में एक आवासीय इमारत को भी निशाना बनाया, जिसके कारण दो नागरिकों की मौत हो गई, चार घायल हो गए और संपत्ति को



**■ कहा: ईरान पर इजरायली हमले को कवर करने को थी ट्रम्प की समझौता वार्ता**

**■ ईरानी विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायली हमलों की निंदा की**

भारी नुकसान पहुंचा। अराग्ची 57 देशों के इस्लामिक सहयोग संगठन की शनिवार को होने वाली बैठक से पहले शुक्रवार रात तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने 'इजरायली आक्रामकता' की निंदा की।

उन्होंने इस्तांबुल में ईरानी मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह 'ईरानी लोगों की मासूम और नेक आवाज़ को सुनाने के लिए इस अवसर का पूरा उपयोग करेंगे।' अराग्चीने कहा कि उनकी तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और अन्य अधिकारियों से मिलने की भी योजना है।

वहीं ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने यहां संयुक्त राष्ट्र की बैठक में देश पर इजरायली हमलों की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 59वें सत्र में बोलते हुए अराघची ने कहा कि इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'बिना उकसावे के आक्रमण' किया है। अराघची ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों के साथ बैठक के लिए जिनेवा में हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अराघची ने यूएनएचआरसी की बैठक में अपने भाषण में बताया कि इजरायल 'फलस्तीन में भयानक नरसंहार' कर रहा है, और अब वह ईरान के खिलाफ आक्रमण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में होने के बावजूद ईरान की परमाणु सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले न केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि इनसे गंभीर रेडियोधर्मी रिसाव भी हो सकता है, जिसके पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## ईरान में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध

**तेहरान।** ईरान में कथित तौर पर इंटरनेट सेवाओं पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है और पूरा देश लगभग ऑफलाइन मोड में चला गया है। ईरान इंटरनेशनल ने ये खबर दी है। इंटरनेट सेवाओं पर नजर रखने वाले संगठन नेटब्लॉक्स के मुताबिक ईरान में राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। नेटब्लॉक्स ने शुक्रवार रात को रिपोर्ट में कहा कि ईरान 60 घंटों से ऑफ़लाइन है। आंकड़ों के मुताबिक इंटरनेट सेवाएं बंद होने से इजरायल के साथ युद्ध के दौरान राजनीतिक दृष्टिकोण जाहिर करने की आम जनता की क्षमता के साथ साथ उनके स्वतंत्र संवाद और सुरक्षा चेतावनी के पालन की संभावना कम होती है। रिपोर्ट की पुष्टि अन्य अंतर्राष्ट्रीय नेट निगरानी समूहों, जैसे कि आईओडीए ने भी की है। जिन्होंने कहा कि ईरान में नेट ट्रैफिक का स्तर एक सप्ताह पहले की तुलना में 97 फीसदी कम है। यह उपाय देश के क्रिप्टो एक्सचेंज पर हैकर्स द्वारा साइबर हमले के बाद किए गए हैं, जिसने ईरान के शेयरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो इजरायल द्वारा उसके साइबरस्पेस पर हमलों के कारण आम जनता के लिए इंटरनेट तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सकता है। 'इजरायल के मनोवैज्ञानिक युद्ध' से 'गलत सूचना' को रोकने के लिए वैश्विक नेटवर्क को पूरी तरह से बंद करने के उपायों पर भी विचार किया गया है।

## ईरान के परमाणु हथियार बनाने की क्षमता का साक्ष्य नहीं: पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट किया है कि उनके देश और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के पास ऐसे कोई सबूत नहीं है, जो उस आरोप का समर्थन करे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम के जरिये हथियारों का निर्माण कर रहा है। पुतिन ने शनिवार को स्काई न्यूज अरेबिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे कहना है कि रूस के साथ-साथ आईएईए के पास भी इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तैयारी कर रहा है। हमने इस बारे में इजरायली नेतृत्व को बार-बार सूचित किया है। गौरतलब है कि बुधवार को आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने भी कहा था कि संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने इस बात के कोई ठोस सबूत नहीं देखे हैं कि ईरान सक्रिय परमाणु हथियार कार्यक्रम चला रहा है। यूरेनियम संवर्धन हालांकि नागरिक उपयोग की आवश्यकता से कहीं अधिक बताया गया है। इजरायल और अमेरिका ने बार-बार कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम हमेशा से हथियार बनाने के लिए ही रहा है।

## फलस्तीन समर्थक खलील को रिहा करे ट्रम्प प्रशासन: कोर्ट

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को आदेश किया कि वह फलस्तीनी समर्थक कार्यकर्ता और कोलम्बिया विश्वविद्यालय के स्नातक महमूद खलील को आव्रजन हिरासत से जमानत पर रिहा करें। ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें न्यूयॉर्क शहर में उनके विश्वविद्यालय के स्वामित्व वाले भवन से मार्च में हिरासत में लिया था और तीन महीनों तक लुइसियाना स्थित हिरासत केन्द्र में रखा था।

फलस्तीन के समर्थन में चले प्रदर्शन में उनकी भूमिका के लिए ट्रंप प्रशासन उन्हें निर्वासित करना चाहता था। अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था। इस मामले की सुनवाई नेवार्क में संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश माइकल फारबियार्ज़ ने की, जो दो घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार ने ऐसे व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो वैध अमेरिकी निवासी है। उन पर न कभी हिंसा का आरोप है और न ही उनके देश छोड़कर भागने की संभावना है। जज ने कहा कि महमूद खलील के खिलाफ आव्रजन के आरोपों का इस्तेमाल उन्हें दंडित करने के लिए किया जा रहा है जो असंवैधानिक है। उन्होंने आदेश पर सात दिन की

**■ अमेरिका में खलील इकलौता बड़ी हैसियत वाला प्रदर्शनकारी था जिसे हिरासत में लिया गया था**

रोक लगाने का सरकार का अनुरोध खारिज कर दिया। न्यू जर्सी के मजिस्ट्रेट जज माइकल हैमर ने खलील की रिहाई की शर्त के रूप में उनका पासपोर्ट और यात्रा दस्तावेज सरकार को सौंपने का आदेश दिया। खलील को हिरासत में लिए जाने के बाद, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मार्च महीने में अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर उसे 'विदेशी कट्टरपंथी और हमास समर्थक छात्र' बताया था और कहा था कि यह कई गिरफ्तारियों की शुरुआत है। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि खलील को देश से निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने 1952 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम के एक कम उपयोग किए जाने वाले प्रावधान का उल्लेख किया, जो राज्य मंत्री को यह अधिकार देता है कि वह ऐसे व्यक्ति को देश से हटाने का आदेश दे, जिसकी गतिविधियां या उपस्थिति अमेरिकी विदेश नीति के लिए खतरा माना जाए। अभियोजकों ने कहा कि खलील को किसी अन्य कारण से हिरासत में रखा गया है।

## ट्रम्प के एक फोन पर ही युद्ध समाप्त कर सकता है इजरायल

**तेहरान।** इजरायल के साथ तेज होते युद्ध के बीच में ईरान ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक फोन पर ही इजरायल युद्ध समाप्त कर सकता है। ईरान के एक अधिकारी ने मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही।

दोनों देशों के बीच जारी युद्ध दूसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। युद्ध को रोकने के लिए अब तक किए गए कूटनीतिक प्रयास विफल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प अगर इजरायल के नेताओं से आग्रह करेंगे तो यह युद्ध समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ एक ही शर्त पर युद्धविराम पर विचार कर सकता है, अगर इजरायल हमले को रोक दे। यह टिप्पणी शुक्रवार को जिनेवा में तनाव कम करने के असफल प्रयास के बाद आई है, जहां वरिष्ठ यूरोपीय राजनयिकों ने ईरान के विदेश मंत्री से मुलाकात की थी। उधर न्यू जर्सी में ट्रम्प ने कहा था कि अगर कोई जीत रहा है तो अभी यह अनुरोध करना बहुत कठिन है। इस बीच, वाशिंगटन में खुफिया मतभेद उभर कर सामने आए, जिसमें ट्रम्प ने अपने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की उस बात का खंडन किया है।

## ट्रम्प की नाराजगी के बाद तुलसी गबार्ड ने दी सफाई

### ईरान पर मेरे बयान को मीडिया ने तोड़-मरोड़कर पेश किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु हथियार बना सकता है, अगर वह तय कर ले कि उसे इसे अंतिम रूप देना है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई दी कि उनके पुराने बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल परमाणु बम नहीं बना रहा, को मीडिया ने गलत संदर्भ में पेश किया है।

बता दें कि, इस बयान से कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गबार्ड की पुरानी रिपोर्ट को गलत करार दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं। न्यू जर्सी में राष्ट्रपति ट्रम्प से पत्रकारों ने तुलसी गबार्ड की मार्च में दिए गए बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान फिलहाल सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। इस पर ट्रम्प ने सीधा जवाब दिया कि तो फिर हमारी खुफिया एजेंसियां गलत हैं। किसने ऐसा कहा?



**■ ट्रम्प ने कहा था: अगर गबार्ड ऐसा कह रही हैं तो खुफिया एजेंसियां गलत हैं**

जब उन्हें बताया गया कि यह बयान तुलसी गबार्ड का था, तो ट्रम्प ने कहा कि वह गलत हैं। इसके बाद तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बेईमान मीडिया मेरी गवाही को जानबूझकर तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है और झूठी खबरें फैला रही है ताकि जनता को भ्रमित किया जा सके। उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि ईरान से खतरा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि अमेरिका के पास खुफिया जानकारी है कि ईरान अब उस स्थिति में है कि वह कुछ ही हफ्तों से महीनों के भीतर परमाणु हथियार तैयार कर सकता है, अगर वह ऐसा करने का फैसला करता है। तुलसी गबार्ड ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा साफ कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने दिया जाएगा और वह खुद भी इस रुख से पूरी तरह सहमत हैं। इसके साथ तुलसी गबार्ड ने अपने पुराने बयान का पूरा वीडियो भी साझा किया, ताकि लोगों को खुद सच्चाई देखने को मिले और यह समझ में आए कि मीडिया ने उनके बयान को कैसे गलत ढंग से पेश किया।

## चाड: झड़पों में 17 लोगों की मौत, 16 घायल

**याउंडे।** चाड के मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत (दक्षिण-पश्चिम) में स्थित ओरेगोमेल गांव में गुरुवार शाम को हुई झड़पों में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में से जयादातर महिलाएं और बच्चे थे, साथ ही उन्होंने बताया कि झड़पों में 16 अन्य घायल हो गए। हमलावर चाकू और डंडों से लैस थे। मेयो-केब्बी पश्चिम प्रांत में सरकार के जनरल डेलीगेट, अब्देलमनाने खताब ने गांव का दौरा करने के बाद प्रांत में डर को कम करने के उपायों की घोषणा की। मध्य अफ्रीकी देश में घातक झड़पों के बाद देश के राष्ट्रपति महामत इदरीस देबी इटनो द्वारा सुरक्षा पर एक आपातकालीन बैठक आयोजित करने के कुछ ही घंटों बाद झड़पें हुईं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, मई से अब तक देश में अंतर-सामुदायिक झड़पों में 50 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा अभी भी मौजूद: चीन

**हांगकांग।** हांगकांग के मामलों की देखरेख करने वाले चीन के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे अभी भी बरकरार हैं। हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी।

ये विरोध प्रदर्शन चीन द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के खिलाफ हुए थे। जिसके बाद चीन ने विद्रोही नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी और कई को जेल में डाल दिया। हांगकांग में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग

**■ हांगकांग में कुछ वर्ष पहले विरोध प्रदर्शनों की लहर देखी गई थी**

में चीन के निदेशक जियो बाओलांग ने कहा कि अभी भी हांकांग में विरोध के स्वर बाकी हैं और ये नए रूपों में उभर सकते हैं। जिया बाओलांग ने कहा कि हांगकांग में बाहरी ताकतों ने अभी भी अपना हस्तक्षेप बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हांगकांग अराजकता से व्यवस्था में बदल गया है। लेकिन अभी भी खतरे बरकरार हैं। बीजिंग और हांगकांग सरकारों ने 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को आवश्यक माना। इसी कानून के तहत, अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक जिमी लाइ सहित कई प्रमुख लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं पर मुकदमा चलाया गया। दर्जनों नागरिक समाज समूह भंग किए गए। इस महीने, अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है, जिसमें लोकतंत्र समर्थक युवा कार्यकर्ता जोशुआ वोंग पर दूसरी बार कानून के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिन्हें पिछले साल ही एक मामले में सजा सुनाई गई थी।

## रूस के हमले में 425 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

**मास्को।** रूस के केंद्रीय समूह की कार्रवाई में पिछले 24 घंटों में यूक्रेन के 425 सैनिक मारे गए और सात बख्तरबंद वाहन तथा तीन पिकअप ट्रक नष्ट हो गए।

समूह के प्रवक्ता अलेक्जेंडर सावचुक ने कहा कि केंद्र समूह की सेनाएं विशेष सैन्य अभियान के क्षेत्र में लड़ाकू मिशनों को जारी रखे हुए हैं। समूह की इकाइयों ने रूस-यूक्रेन की सीमा से जुड़े कुछ स्थानों पर भी कब्जा कर लिया है और क्रास्नोअर्मेइस्क, दिमित्रोव, नोवोसेर्गेयेवका तथा मुरावका क्षेत्रों में चार मशीनीकृत दो एयरबोर्न असॉल्ट और दो मरीन ब्रिगेड को नष्ट कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस हमले में लगभग 425 सैनिक, सात बख्तरबंद वाहन, तीन पिकअप ट्रक और एक तोपखाना को नष्ट कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने संवाददाताओं को बताया कि सैनिकों के दक्षिणी समूह ने 190 यूक्रेनी सैनिकों, एक टैंक और दो गोदामों को नष्ट किया, जबकि पश्चिमी समूह ने 230 सैनिकों, दो हम्वी बख्तरबंद वाहन और दो स्टारलिंक सैटेलाइट संचार स्टेशनों को ध्वस्त कर दिया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक उत्तर समूह की सेनाओं ने 215 तक यूक्रेनी सैनिकों और तीन बख्तरबंद वाहनों को ढेर किया।

## टेस्ला ने शंघाई में ग्रिड-साइड-ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए किया समझौता

**शंघाई।** अमेरिकी कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने अपने मेगापैक ऊर्जा भंडारण बैटरी का उपयोग करके शंघाई में ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन के निर्माण के लिए चीनी भागीदारों के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किया।

चार अरब युआन (55.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के कुल निवेश वाले इस सौदे से टेस्ला को चीन के बढ़ते ऊर्जा भंडारण बाजार में विस्तार मिला, जिससे इसकी सुविधा को देश के विशाल पावर ग्रिड से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो दुनिया में सबसे बड़ा है। टेस्ला, लिन-गैंग विशेष क्षेत्र की प्रशासनिक

**■ टेस्ला को 2025 में ऊर्जा भंडारण तैनाती में साल-दर-साल 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान**

समिति, शंघाई के फेंगशियान जिले की सरकार और चाइना कांगफू इंटरनेशनल लीजिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, ऊर्जा भंडारण स्टेशन शंघाई पायलट मुक्त व्यापार क्षेत्र के लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। यह टेस्ला का पहला ग्रिड-साइड ऊर्जा भंडारण स्टेशन होगा जो चीन के मुख्य भूमि पर बनाया जाएगा। टेस्ला चीन के ऊर्जा व्यवसाय के सामान्य प्रबंधक डोंग कुंन ने कहा कि जब यह स्टेशन शुरू होगा, तो यह विद्युत स्पॉट ट्रेडिंग में भाग लेगा, स्थानीय ग्रिड में पीक और ऑफ-पीक उर्जा मांग को संतुलित करने में मदद करेगा और ग्रिड की स्थिरता को बढ़ाएगा। इसके अलावा, टेस्ला चीन कांगफू के साथ सहयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है ताकि शून्य-कार्बन ऊर्जा समाधान को वैश्विक स्तर पर लागू किया जा सके। इस साल फरवरी में, शंघाई में गिगाफैक्ट्री के बाद लिन-गैंग विशेष क्षेत्र में टेस्ला का नया मेगाफैक्ट्री मेगापैक बैटरी का उत्पादन शुरू कर दिया।



# छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए नुसरत को अवॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरुचा को हाल ही में उनकी फिल्म छोरी 2 में दमदार अभिनय के लिए ग्राउंड-ब्रेकिंग स्टार ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड लेते वक्त नुसरत ने एक भावुक भाषण दिया, जो वहां मौजूद सभी लोगों के दिलों को छू गया। अपने करियर के सफर को याद करते हुए नुसरत ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में मैं फिल्मों में मजाक का पात्र बनी रही, मुझे हमेशा चालाक, कंट्रोल करने वाली या चिड़चिड़ी लड़की के किरदार मिले, लेकिन आज मैं ऐसे किरदार के लिए अवॉर्ड ले रही हूं, जो एक लड़की की जिंदगी, उसके जीने के अधिकार और अपने लिए जिंदगी चुनने के हक की बात करता है। मैं यहां हूं, इस सफर पर, हर उस छोरी के लिए जो अपनी पहचान बनाना चाहती है। मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं यह कहते हुए, क्योंकि यह सफर मेरे लिए भी खुद को साबित करने का एक जरिया रहा है। आज इसका अवॉर्ड मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। आप सबको अंदाजा नहीं है कि यह मेरे लिए कितना खास है। नुसरत ने जूरी, अपनी टीम, डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, को-स्टार्स और फिल्म इंडस्ट्री के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस सफलता में उनका साथ दिया। अवार्ड के बाद बातचीत के दौरान जब उनसे पूछा गया कि



वो सबसे ज्यादा किससे डरती हैं, तो उन्होंने बड़ी सच्चाई के साथ जवाब दिया, भुला दिए जाने से। मैं नहीं जानती कि मैंने यह इतने बड़े मंच पर कैसे कह दिया। लेकिन यही बात मेरी फिल्मों के चुनाव में भी दिखती है। मैं ऐसी फिल्म में काम नहीं करना चाहती। जिसे देखने के बाद लोग मुझे भूल जाएं।

# थलापथी के जन्मदिन पर रिलीज होगी उनकी अंतिम फिल्म की झलक



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार थलापथी विजय के जन्मदिन पर उनकी अंतिम फिल्म जन नायकन की पहली झलक रिलीज होगी। थलापथी विजय की अंतिम फिल्म जन नायकन की बहुप्रतीक्षित पहली झलक 22 जून 2025 की आधी रात 12:00 बजे) यानी थलपथी विजय के जन्मदिन के पर रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्देशक एच. विनोथ हैं, और संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

निर्माणकर्ता वेंकट के. नारायण के तहत केवीएन निर्माण संस्था फिल्म जन नायकन को एक शानदार विदाई समारोह बना रही है, उस सितारे के लिए, जिसने दशकों तक करोड़ों दिलों पर राज किया। हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में विजय जी की झलक एक जलते हुए सिल्हूट (परछाई) में दिखती है। मुट्ठी आसमान की तरफ उठी हुई और पीछे है हजारों चाहने वालों की भीड़, एकदम क्रांति, विरासत और नेतृत्व की झलक। पोस्टर की टैगलाइन कहती है, एक शेर हमेशा शेर होता है और उसकी पहली दहाड़ आने ही वाली है। फिल्म जन नायकन 9 जनवरी 2026 को पोंगल उत्सव के मौके पर दुनिया भर में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# आमी डाकिनी में काम कर खुश हूं: हितेश



**मुंबई।** अभिनेता हितेश भारद्वाज का कहना है कि सोनी टीवी के आगामी शो आमी डाकिनी में काम करना उनके लिए रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुप्रतीक्षित शो आमी डाकिनी एक रहस्यमई और रोमांचक कहानी के साथ दर्शकों को बांधे रखने के लिए तैयार है।

कोलकाता की खूबसूरत पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो, चैनल के प्रतिष्ठित हॉरर शो आहट के बाद एक बार फिर रोमांचक कहानी कहने की दिशा में वापसी कर रहा है। शो में हितेश भारद्वाज आयान की भूमिका निभा रहे हैं। हितेश भारद्वाज ने बताया कि आमी डाकिनी में काम करना रचनात्मक रूप से बेहद संतोषजनक रहा है। इसकी लेखनी, दृश्य संयोजन और भावनात्मक परतें इसे बहुत गहराई देती हैं। पूरी प्रक्रिया, लंबी नाइट शूट्स से लेकर टेक्स के बीच के शांत पलों तक हर चीज का मैंने आनंद लिया है। हितेश भारद्वाज ने बताया, मैं खुद को बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। रांची और शीन न सिर्फ प्रतिभाशाली हैं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई भी हैं। हमारे बीच सेट पर बहुत सहजता है, जो भावनात्मक रूप से तीव्र दृश्यों में काफी मदद करती है।


हम एक-दूसरे को सुनते हैं, और यही सबसे बड़ा फर्क लाता है। यह शो सिर्फ कहानी नहीं, बल्कि मूड, खामोशी और भावनात्मक गति के बारे में है। यह आपको हर चीज को अंदर समेटने और नियंत्रित रूप से पेश करने के लिए मजबूर करता है। ऐसा प्रदर्शन पैक-अप के बाद भी आपके भीतर बना रहता है। हितेश भारद्वाज ने बताया आहट जैसे शो के मेकर्स के साथ काम करना बहुत आइकॉनिक अनुभव है। उन्होंने कहा, मैं आहट देखकर बड़ा हुआ हूं-उसमें एक रहस्यमय जादू था। अब उसी दुनिया का हिस्सा बनना एक चक्र पूरा होने जैसा लगता है। यह सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक ऐसी विरासत में योगदान देने जैसा है जिसे लोग आज भी याद करते हैं। आमी डाकिनी 23 जून से, हर सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर प्रसारित होगा।

# काजोल ने बताया बाजीगर की शूटिंग का अनोखा किस्सा

## एक्ट्रेस ने शाहरुख को कहा था खड़ूस, एसआरके बोले थे-कोई इसको चुप कराओ

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और एक्टर शाहरुख खान ने पहली बार फिल्म बाजीगर में एक साथ काम किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में काजोल ने बाजीगर के सेट पर शाहरुख के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा बताया। काजोल ने रेडियो नशा आफिशियल से बातचीत में बताया कि बाजीगर की शूटिंग 1 जनवरी को हो रही थी। उस वक्त वह साढ़े 17 साल की थीं। नए साल की रात को वह पार्टी नहीं करती थीं, इसलिए अच्छी नींद लेकर सेट पर पहुंची थीं। दूसरी तरफ, यूनिट के बाकी लोग पार्टी करके आए थे और नींद पूरी नहीं हुई थी। काजोल और शाहरुख की फिल्म बाजीगर 1993 में रिलीज हुई थी। काजोल ने बताया कि शाहरुख खान को नए साल के पहले दिन शूटिंग करना पसंद है। इसलिए सबको सेट पर आना पड़ा। काजोल सुबह 11.30 बजे तक फ्रेश और एक्टिव थीं। वह सेट पर मौजूद लोगों से बात कर रही थीं। मेकअप मैन, हेयर ड्रेसर और कैमरामैन से लगातार बात कर रही थीं। उनकी आवाज बिना माइक के भी दूर तक पहुंच रही थी। काजोल ने कहा कि मैंने कैमरामैन रवि दादा से पूछा, ये आपका एक्टर कितना खड़ूस है। उस समय शाहरुख चश्मा लगाकर अपनी लाइनों की तैयारी कर रहे थे। काजोल उनके पास जाकर बैठीं और कहा, आप बात क्यों नहीं कर रहे, आप हमेशा ऐसे ही रहते हैं, आप ऐसे कैसे रह सकते हैं। शाहरुख ने तुरंत जवाब दिया कि क्या तुम एक मिनट के लिए चुप रह सकती हो, कोई इसको चुप कराओ। काजोल ने माना कि उन्हें यह बहुत रूड और अजीब लगा, लेकिन बाद में यही बातचीत उनकी दोस्ती की शुरुआत बन गई। उन्होंने कहा कि शायद शाहरुख को ये सब याद भी नहीं होगा। फिल्म बाजीगर में काजोल ने शाहरुख की मंगेतर का किरदार निभाया था इंटरव्यू में जब काजोल से पूछा गया कि फिल्म में एक सेंसुअल सीन के दौरान शाहरुख ने उन्हें पिंच किया था, तो उन्होंने बताया कि उस सीन को शूट करना आसान नहीं था। कोरियोग्राफर सरोज खान ने कहा था कि इस सीन में अचानक से एहसास आना चाहिए। काजोल ने बताया कि उस वक्त वह 18 साल की थीं और उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा एक्सप्रेशन कैसे देना है। काजोल ने कहा कि शाहरुख और उन्होंने एक-दूसरे के सामने कई बार अजीब चीजें की हैं। उन्होंने बताया कि जब वह उस सीन को ठीक से नहीं कर पा रही थीं, तो उन्हें शर्म आ रही थी। गौरतलब है कि फिल्म बाजीगर से काजोल और शाहरुख की जोड़ी को काफी लोकप्रियता मिली थी। बाद में दोनों ने दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (डीडीएलजे), करण अर्जुन, कुछ कुछ होता है, माय नेम इज खान और दिलवाले जैसी फिल्मों में साथ काम किया।

# एक साथ जोड़ी जमाएंगे जूनियर एनटीआर और रुक्मिणी वसंथ



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रुक्मिणी वसंथ, मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की फिल्म फिलहाल एनटीआरनील के नाम से जानी जा रही है।

माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त उत्साह है। हालांकि फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं



किया गया है, लेकिन इंडस्ट्री के भीतर से ही इस प्रोजेक्ट को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी कोलैबोरेशन में से एक बताया जा रहा है। इस बीच रुक्मिणी वसंथ ने गुरुवार सुबह इंस्टाग्राम पर ऐसा धमाका किया कि सोशल मीडिया पर फैंस की जिज्ञासा सातवें आसमान पर पहुंच गई।

उन्होंने एक मिरर सेल्फी शेयर की। शायद वैनिटी वैन से और कैप्शन लिखा: टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। अब सुनने में भले ही यह एक नॉर्मल लाइन लगे, लेकिन एनटीआर जूनियर के फैंस तो इस हिट को तुरंत पकड़ गए।

टाइगर तो एनटीआर का आइकॉनिक टाइटल है। हफ्तों से चर्चा थी कि रुक्मिणी इस धमाकेदार प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अब यह पोस्ट देखकर लोग कह रहे हैं, ओ भाई, अब तो ऑफिशियल अनाउंसमेंट की जरूरत ही क्या है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक कास्ट लिस्ट नहीं दी है, लेकिन यह सोशल मीडिया स्टंट शायद फैंस को मिलने वाला वो इशारा है जिसका वो बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। माइथ्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स जैसे नामी बैनर्स के साथ बन रही फिल्म एनटीआरनील किसी बड़े विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगी। इस फिल्म को कल्याण राम नंदामुरी, नवीन यरनेनी, रवि शंकर यालमंचिली और हरीकृष्ण कोसाराजू प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# अभिनेत्रियों ने योग से बदली अपनी जिंदगी

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने योग को सिर्फ एक फिटनेस ट्रेंड नहीं, बल्कि अपनी जिंदगी का अहम हिस्सा बना लिया है। बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने योग के जरिए न सिर्फ अपने शरीर को मजबूत बनाया, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी पाया।

बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण के लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि उनकी जिंदगी का सहारा रहा है। डिप्रेशन से जूझने के दौरान योग ने उन्हें संबल दिया। उनके शांत चेहरे और मजबूत फैसलों में उनके योग अभ्यास की झलक साफ नजर आती है। दीपिका योगा को उतनी ही गंभीरता से लेती हैं जितनी अपनी एक्टिंग को। वो टॉप योगा एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग करती हैं और गहराइयां में तो खुद योगा ट्रेनर बन गई थीं।

मानसिक स्पष्टता हो या शारीरिक मजबूती ।योग उनकी सेल्फ-केयर किट का सुपरस्टार है। करीना कपूर खान के लिए योग फिटनेस से कहीं बढ़कर है। 108 सूर्य नमस्कार से लेकर फिल्म शेड्यूल्स के बीच स्ट्रेचिंग तक, योग ने उन्हें मां बनने से लेकर सुपरस्टार बनने तक हर मोड़ पर साथ दिया है।करीना का फिटनेस ग्लो योग का कमाल है।उनके लिए योग मतलब है, अंदर शांति, बाहर शक्ति और बीच में परफेक्ट बैलेंस। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा बॉलीवुड की उन पहली अभिनेत्रियों में में से हैं, जिन्होंने योग को पूरे देश में लोकप्रिय बनाया। उनकी डीवीडी, ऐप्स और ऑनलाइन सेशन्स ने योग को घर-घर पहुंचाया। उनकी फिटनेस और ग्लो आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।





योग और शिल्पा का रिश्ता पुराना है और यह आज भी सुपर स्ट्रॉन्ग है। उन्होंने तो बॉलीवुड में योगा को मेनस्ट्रीम बना दिया था। आज भी सुबह-सुबह योगा करना उनके दिन की शुरुआत है। सोशल मीडिया पर वो अक्सर पुराने-नए योगा फॉर्म्स का फ्यूजन दिखाकर प्रेरित करती हैं।

मलाइका अरोड़ा का नाम आते ही फिटनेस और योग दोनों याद आ जाते हैं। ऐरियल योग हो या कठिन आसन, मलाइका अपने स्टाइल और अनुशासन से लाखों लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

फिटनेस का पर्याय बन चुकीं मलाइका के लिए योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, एक जज्बा है। उन्होंने महिलाओं के लिए खास दिव्य योगा की शुरुआत की है। एक ऐसी जगह जहां अंदर से तंदरुस्ती की बात होती है।

वो चाहे पेचीदा आसन कर रही हों या बाकी लोगों को हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाने की सलाह, मलाइका हर कदम पर ग्रेस और स्ट्रेंथ की मिसाल हैं। जैकलीन फर्नांडिस योग को एक जश्न की तरह जीती हैं।

उनकी इंस्टाग्राम प्रोफाइल में आपको न जाने कितने बार उल्टे लटके हुए योग आसनों में उनकी मुस्कान नजर आएगी। योग के साथ उनकी एनर्जी और पॉजिटिविटी देखते ही बन शालिनी पांडे के लिए योग फिल्मी दुनिया की भाग-दौड़ में शांति पाने का तरीका है।

# रामचरण व उपासना ने क्लिन कारा का जन्मदिन मनाया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म स्टार राम चरण और उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी कोनीडेला ने आज अपनी बेटी क्लिन कारा का दूसरा जन्मदिन बहुत ही खास अंदाज में मनाया। पिछले साल जब रामचरण और उपासना हैदराबाद के चिड़ियाघर (जू) गए थे, उसी दौरान वहां एक नन्हीं बाघिन का जन्म हुआ था। उस बच्ची का नाम क्लिन कारा रखा गया था। राम चरण और उपासना की बेटी के नाम पर। ए उनके लिए बहुत ही भावुक और यादगार पल था। इस साल, क्लिन कारा ने पहली बार उस बाघिन से मुलाकात की जो अब बड़ी और खूबसूरत हो चुकी है। यह मिलन बहुत ही प्यारा और खास रहा। बच्ची और बाघिन का यह जुड़ाव दया, प्यार और प्रकृति से जुड़ने की भावना को दर्शाता है। राम चरण और उपासना का मानना है कि जंगली जानवरों की असली जगह जंगल ही है, लेकिन साथ ही वो यह भी मानते हैं कि जो जानवर चिड़ियाघरों में हैं, उनका सही देखभाल और इज्जत से रहना बहुत जरूरी है। उनकी परवरिश की सोच साफ दिखती है। वो अपनी बेटी को बचपन से ही पर्यावरण, जानवरों और प्रकृति के प्रति प्रेम और समझ सिखा रहे हैं। क्लिन कारा का यह जन्मदिन सिर्फ एक सेलिब्रेशन नहीं था, बल्कि यह एक खूबसूरत संदेश था, दुनिया को समझने, अपनाने और उससे जुड़ने का।